हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शनिवार • 28.09.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 69 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपया~~ 2 रुपया

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



## अबुआ आभार हेमन्त सरकार

**नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार**

## नव चयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को
## मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन
## एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 28 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

**युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने**

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- इस वित्तीय वर्ष में 5,403 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों एवं 539 लैब सहायकों की नियुक्ति
- JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 200 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

PR- 337433 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### ट्रेलर और कंटेनर की टक्कर, चालक गंभीर रूप से घायल

**चौपारण :** प्रखंड पंचायत पाण्डेयबारा के जगदीशपुर रोड समीप शुक्रवार को कंटेनर एवं ट्रेलर गाड़ी में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर होने से ट्रेलर गाड़ी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेलर गाड़ी का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेलर गाड़ी जिसकी संख्या एनएलओआई एबी 2791 जो बरही से चौपारण की और जा रही थी। ट्रेलर गाड़ी के आगे चल रहे कंटेनर गाड़ी का अचानक ब्रेक लगाने के कारण घटना घटी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दोपहर करीब 2 बजे कंटेनर गाड़ी के सामने कुछ जानवर आ गए थे। जिसके कारण चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। वहीं पीछे से तेज गति से आ रहे हैं ट्रेलर गाड़ी ने अपना नियंत्रण खोते हुए कंटेनर गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे ट्रेलर गाड़ी की आगे का प्रतियाँ बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे चालक गाड़ी ने अंदर फस गया। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से चालक को निकाला गया। इसके बाद एंबुलेंस 108 में कॉल करके चालक को बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बरही भेजा दिया गया।

### जेएसएससी सीजीएल और उत्पाद सिपाई अभ्यार्थियों ने चलाया डिजिटल मुहिम

**हजारीबाग :** झारखंड एसएससी सीजीएल में पेपर लीक और उत्पाद सिपाही में अभ्यर्थियों के मौत को लेकर हजारीबाग के। छात्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ७ पर डिजिटल मुहिम चलाया। यह कैंपेन देखते ही देखते पूरे देश भर में ट्रेंड करने लगा। हजारीबाग से शुरू हुआ यह डिजिटल मुहिम में पूरे राज्य भर के अभ्यर्थी जुड़ने लगे। राज्य के पुर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी इस हैशटैग को रीट्वीट किया। सोशल मीडिया ७ पर अभ्यर्थियों का यह आरोप था कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हुआ है। और सरकार को यथाशीघ्र पेपर रद्द करके सीबीआई से इसकी जांच करवानी चाहिए। वहीं इस सोशल मीडिया कैंपेन के माध्यम से उत्पाद सिपाही दौड़ में मरे हुए अभ्यर्थियों की जांच की मांग छात्र कर रहे हैं। उत्पाद सिपाही की दौड़ में 16 अभ्यर्थियों की जान चली गई है। सोशल मिडिया पर यह डिजीटल मुहिम ऑल आइस ऑन झारखण्ड के नाम से चलाया जा रहा था।

### छह वर्षीय लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**मेदिनीनगर (पलामू) :** जिला व्यवहार न्यायालय के चतुर्थ जिला व सत्र न्यायाधीश व पोक्सो कोर्ट के स्पेशल जज अभिमन्यु कुमार की अदालत ने छह बर्ष के नाबालिक युवती से दुष्कर्म के आरोपी राजेंद्र चौधरी उर्फ हकनु चौधरी को भारतीय दंड विधान की धारा 376( 3) व पोक्सो एक्ट की धारा छह में दोषी पाते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है । वहीं 50 हजार रुपए अर्थदंड लगाया है । अर्थदंड की राशि नहीं देने पर एक बर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस संबंध में चैनपुर चौटासा टोला खरकटी निवासी रमेश चौधरी ( बदला नाम) ने चैनपुर थाना अंतर्गत चौटासा निवासी राजेंद्र चौधरी उर्फ हकनु चौधरी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। जो चैनपुर थाना कांड संख्या 253 सन 2020 तिथि 10 जुलाई 2020 को भारतीय दंड विधान की धारा 341,342,323,376,385,504,506/34 व 27 आर्म्स एक्ट व पोक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के तहत दर्ज किया गया था । मुदालय पर आरोप था कि दिनांक 9 जुलाई 2020 को शाम 3 बजे पीड़िता जिसकी उम्र 6 बर्ष थी जो अपने घर मे सोई हुई थी।

# हजारीबाग में कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच चेक का हुआ वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला के प्रभारी मंत्री सह अध्यक्ष जिला 20 सूत्री सत्यानंद भोक्ता श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार की अध्यक्षता में 20 सूत्री एवं जिला योजना समिति की बैठक आज शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा अधिकारी विभागीय कार्यों एवं जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन करें। अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय कर विभागीय कार्यों को अंजाम तक पहुंचाएं। योजना का लाभ समाज के निचले स्तर तक सही व पारदर्शी तरीके से पहुंचे यही हमारी अपेक्षा है। उन्होंने कहा



स्थानीय जनप्रतिनिधियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागिता बनाएं एवं समाज के निचले तबके तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में आम लोगों को जागरूक करें। सरकार की योजनाएं प्रभावी तरीके से लागू हो इसके लिए जनप्रतिनिधि, आमजन एवं सरकारी अधिकारी सजगता से अपनी जिम्मेदारी को निभाएं तभी पूरे राज्य के विकास को गति मिल सकेगा। उन्होंने समीक्षा के क्रम में ग्रामीण विकास विभाग की स्वीकृत योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं को समय सीमा के अंदर एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। स्वीकृत योजनाओं का टेंडर प्रक्रिया 15 दिनों के अदंर पूरा करने एवं कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया। गत बैठक में सदस्यों के द्वारा कई निमार्ण कार्य की गुणवत्ता से संबंधित शिकायत अध्यक्ष के समक्ष किया गया था इस संदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा अनुमण्डल पदाधिकारी सहित कार्यपालक अभियंताओं व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से टीम बनाकर गुणवत्ता की जांच करने एवं कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था,जिसपर सभी अड़चनों को दूर कर कार्यों को गति प्रदान करने की जानकारी दी गईं। कृषि एवं भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा के क्रम में पशुपालन विभाग में योजनाओं के लाभूक वास्तव में पशुपालन कर रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए पशुपालन विभाग को मॉनिटरिंग करने एवं अन्य किसानों को अन्य सुविधाएं दिलाने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया। पिछले बैठक में चौपारण के द्वारा कृषकों के धान अधिप्राप्ति की राशी के भुगतान न होने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सभी कृषकों के राशि की भुगतान की कारवाई कर दी गई है। मौके पर नगर विकास विभाग के द्वारा शहरी जलापूर्ति योजना के तहत बिछाये जाने वाले पाईपलाईन एवं कनेक्शन देने में लगी एजेंसी के कार्यों में तेजी लाने एवं आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका ध्यान रखने का निर्देश दिया गया।

## एमआरएमसीएच में हुई पहली फुल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमआरएमसीएच में गुरुवार की शाम को एमआरएमसीएच के इतिहास में पहली बार चंद्रमानी देवी नामक महिला का कूल्हा रिप्लेसमेंट किया गया।यह इलाज आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क किया गया।सर्जरी के बाद मरीज की हालत में सुधार है।महिला पाठकपगार,पिपराटांड़ की रहने वाली है। उपायुक्त ने लिया निर्णय, सीएस के नेतृत्व में सफल हुआ ऑपरेशन जिले के उपायुक्त शशि रंजन के संज्ञान में जब यह मामला आया तो उन्होंने त्वरित मरीज का ऑपरेशन करने के निर्देश दिए।इसके बाद सिविल सर्जन डॉ अनिल ने सारी कागजी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए बाहर से भी उपकरण जुटाने के पश्चात विशेष डॉक्टरों की टीम बनाई जिसमें डॉ प्रवीण, दीपक, हरिओम व शस्मिता शामिल किये गये। सभी डॉक्टरों की टीम ने महिला का सफल ऑपरेशन किया। इसके पूर्व महिला का अस्पताल के तरफ से आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। ऑपरेशन की सफलता में सहायक के रूप में नवीन, लव, दामोदर, प्रमिला,लीला व रीना का रहा विशेष योगदान।

**ऑपरेशन में शामिल सभी डॉक्टरों को मेरी ओर से साधुवाद : उपायुक्त**

संपूर्ण कुल्हा प्रत्यर्पण के सफल ऑपरेशन को पश्चात डीसी रंजन ने डॉक्टरों की टीम को बधाई दी और कहा कि जिला प्रशासन अस्पताल को हर तरह की सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने एक शानदार काम किया है क्योंकि उन्होंने सीमित संसाधनों के साथ एक सफल ऑपरेशन किया है।

## अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 80 मरीजों को प्रदान किया पोषण किट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के तहत गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच शुक्रवार को निःशुल्क पोषण किट वितरित किया गया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए। प्रत्येक किट में च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को हर माह पोषक आहार प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है।इस अवसर पर बड़कागांव स्थित




सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने कहा, अदाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। इसके अलावा अदाणी फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। हजारीबाग क्षेत्र के मरीजों के लिए आपात परिस्थिति में यह एम्बुलेंस सुविधा त्वरित रूप में उपलब्ध है। आगे उन्होंने बताया कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से अब तक 210 टीबी के मरीजों को गोद लिया जा चुका है, इनमें से 130 अब तक स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, नए 80 मरीजों को लगातार छह महीने तक पोषण आहार प्रदान किए जाएंगे। अभी इन्हें चौथे महीने का किट वितरित किया गया है। टीबी के ईलाज में अदाणी फॉउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार का लाभ मिल रहा है। यह नेक पहल प्रशंसनीय है।

## अनुप्रिया ने खपरियांवा चौक में महिलाओं के साथ की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनुप्रिया ने कटकमदाग के ग्राम खपरियाँवा चौक मे महिलाओ के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान उन्होंने महिला समूह, तथा ग्रामीणों के साथ चर्चा कर उनकी मूलभूत समस्याओं को जाना और सभी के साथ सामंजस्य बनाकर उपरोक्त समस्याओं का त्वरित समाधान करने का विश्वास दिलाया। लोगों ने बताया कि उनके बीच अबुआ आवास योजना, रोजगार, बिजली, स्वच्छ पेयजल का समस्या है , उक्त समस्याओं का अगर निवारण हो जाए तो उनका जीवन स्तर बेहतर हो सकता है। अनुप्रिया ने सभी को प्रोत्साहित करते हुए अनुप्रिया फाउंडेशन से जुड़ने की सलाह दी और बताया कि जितनी



अधिक संख्या में लोग फाउंडेशन से जुड़ेंगे, उतने ही तेजी से समस्याओं का समाधान भी संभव होगा। क्षेत्र की जनता को रोजगार से जोड़ना, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक अनुदान दिलाना, बिजली एवं सड़कों की उत्तम व्यवस्था आदि हमारे फाउंडेशन की प्राथमिकता में है। अनुप्रिया फाउंडेशन के भावना में हजारीबाग के प्रति गहरा प्रेम , अटूट आस्था एवं हजारीबाग की हालात बदलने का जज्बा है। आपका साथ और विश्वास अनुप्रिया फाउंडेशन के माध्यम से हजारीबाग की तस्वीर बदल सकती है। अनुप्रिया फाउंडेशन के होते हुए अब हजारीबाग को हार मानने की जरूरत नहीं बल्कि हर हालत से लड़ने के लिए खुद को तैयार रखना है। ग्रामीणों ने भी अनुप्रिया का गर्म जोशी से स्वागत व अभिनंदन किया और उनके नेक विचार और सफल प्रयासों के लिए खूब सराहा।

## गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करेंगे पारा लीगल वॉलेंटियर्स : अशोक गुप्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** पारा लीगल वॉलिंटियर्स गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करेंगे। चोरी में मात्र 3 साल की सजा होती है। लेकिन कोई अभियुक्त 4 वर्षों से जेल में बंद है। ऐसे अभियुक्तों को गांव में पता करें। ऐसे अभियुक्तों को जेल से बाहर निकालने में मदद करनी होगी। उक्त बातें परमानेंट लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने कही। वे शुक्रवार को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में डालसा के नेतृत्व में नव चयनित 155 पारा लीगल वॉलिंटियर्स के ओरिएंटेशन व ट्रेनिंग कार्यक्रम के तीसरे दिन बतौर रिसोर्स पर्सन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पारा लीगल वॉलिंटियर्स के ओरिएंटेशन व कार्य- कर्तव्य के बारे में पूरी जानकारी दी। प्रशिक्षण



कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने किया। अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि अस्पताल में रोगियों को प्रॉपर सुविधा नहीं मिल रही है। ऐसे में पीएलभी हॉस्पिटल के पदाधिकारी से मिलकर सुविधा उपलब्ध कराने का काम करेंगे। कहा कि किसी तरह का मामला हो तो लोक अदालत में लाएं । दूसरे पक्ष को नोटिस कर बुलाएंगे। दोनों को एक साथ बैठाकर समस्या का हल करेंगे। अगर सही बातों को अगला पक्ष नहीं मानेगा तो कानूनी रूप से फैसला मिलेगा।

## मोदी 2 को आयेंगे हजारीबाग, बीजेपी की परिवर्तन यात्रा का करेंगे समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 02 अक्टूबर 2024 को हजारीबाग आगमन को लेकर शुक्रवार को असम के सीएम सह झारखण्ड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत विस्वा सरमा हजारीबाग पहुंचे। उनका हेलिकॉप्टर झारखंड पुलिस एकेडमी के हिलीपेड में उतरा तो यहां हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित कई स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं ने उनका जबरदस्त स्वागत किया। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यहां से उनका काफिला पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम स्थल विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर स्थित विनोदिनी पार्क मैदान और गांधी मैदान पहुंचा। जहां असम के सीएम सह झारखण्ड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत विस्वा सरमा, झारखंड



के नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी, राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश मंत्री प्रदीप वर्मा, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा उपाध्यक्ष प्रीतम विकास सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया और यहां चल रहें टेंट-पंडाल निर्माण में तेजी लाने सहित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए । गांधी मैदान में परीक्षार्थियों से मिले हिमंत विस्वा सरमा, पीएम तक उनकी बात पहुंचाने का दिया आश्वासनबीते दिनों झारखंड में एसएससी सीजीएल एग्जाम में हुए धांधली और प्रश्न पत्र लिख मामले को लेकर गांधी मैदान में जुटे सैकड़ो की संख्या में परीक्षार्थियों ने जब असम के सीएम सह झारखण्ड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत विस्वा सरमा से अपनी गुहार लगाई तो उन्होंने बड़े ही सहजता से न सिर्फ उनसे मिला बल्कि उनकी बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि आपकी बातें जायज है और झारखंड सरकार परीक्षार्थियों के साथ खिलवाड़ कर रही है उन्होंने परीक्षार्थियों को यह भी कहा कि उनकी बात देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक भी जरूर पहुंचाएंगे ताकि जब 2 अक्टूबर को वह हजारीबाग आए तो सारी जानकारी पहले से प्राप्त कर लें ।

**सांसद सेवा कार्यालय में कार्यकताओं से किया संवाद, कहा ऐतिहासिक हो पीएम मोदी की हजारीबाग में जनसभा**

गांधी मैदान से असम के सीएम सह झारखण्ड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत विस्वा सरमा सड़क मार्ग से पीटीसी चौक, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक, इंद्रपुरी चौक, पैगेडो चौक, झंडा चौक होते हुए विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ अवस्थित हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के आवास पहुंचे जहां चाय पर चर्चा के साथ हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। फिर यहां सांसद सेवा कार्यालय में जिले के भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के साथ सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा की भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा का समापन करने पीएम नरेंद्र मोदी हजारीबाग पहुंच रहे हैं। करीब 5 वर्षों के बाद पीएम नरेंद्र मोदी हजारीबाग आ रहे हैं और हजारीबाग समेत संपूर्ण झारखंड की जनता उनके इस आगमन को लेकर आतुर है। उन्होंने कार्यकताओं से दो टूक कहा कि प्रत्येक बूथ से करीब 10-10 कार्यकताओं पीएम मोदी के इस सभा के लिए लग जाय और हजारीबाग की सभा पर 2 अक्टूबर को गांधी जयंती होने के साथ ही झारखंड में भाजपा के परिवर्तन यात्रा का समापन होने के कारण न सिर्फ झारखंड बल्कि संपूर्ण देश की नजर रहेगी, तो इसे ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने की जिम्मेवारी आप कार्यकताओं की है।

## संक्षिप्त खबरें

### 6 सूत्री मांग को लेकर वार्ड सदस्य संघ ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**चौपारण :** बरही विधायक उमाशंकर अकेला के अगुवाई में वार्ड सदस्य संघ ने ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी से शुक्रवार को उनके चैम्बर पर मुलाकात कर छः सुत्री माँग का ज्ञापन सौंपा। छः सूत्री मांग में 15 वें वित एवं मनरेगा योजना के मास्टर रौल एवं पेपर में वार्ड सदस्यों का हस्ताक्षर, वार्ड सदस्यों का मानदेय वृद्धि 10,000/-(दस हजार), गरीब वार्ड सदस्यों को भी अबुआ आवास प्रधानमंत्री आवास एवं अम्बेडकर आवास का लाभ सभी प्रकार के आवास के सम्बंध में वार्ड सदस्यों को पूर्ण रूपेन पंचायत के द्वारा जानकारी एवं सभी तरह का भागीदारी, पांच साल के कार्यकाल के अन्दर दुर्घटना से घायल या मृत्यु होने पर 20,00000/-(बीस लाख रूपया) का बीमा और वार्ड सदस्यों को वितिय पावर की मांग की। मंत्री इरफान अंसारी ने सभी मांगो पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। और उन्होंने कहा कि आपलोग पंचायती राज के अभिन्न अंग है आपलोग भी एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। आप लोगों को भी सरकार से सम्मान मिलना चाहिए। मैं आपलोगों को मान सम्मान दिलाने का कार्य करूंगा और जल्द ही प्रस्ताव विभाग को भेजूंगा।

### जितिया सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है : अंबा



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पसेरीया व पोटंगा में जितिया पूजा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का विधायक अंबा प्रसाद ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काट कर उद्घाटन किया। वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि जितिया पूजा एक ऐसा पर्व है जो मातृत्व का सम्मान करता है और संतान के कल्याण की कामना करता है। यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। इस पर्व को मनाते समय हमें अपने परिवार और समाज के साथ जुड़े रहना चाहिए।ताकि हम सभी मिलकर इस पवित्र परंपरा को आगे बढ़ा सकें।

### महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों ने चलाया स्वच्छता अभियान




**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं छात्र -छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा है के अंतर्गत महाविद्यालय के कमरे एवं प्रांगण की साफ सफाई किए। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो सुरेश महतो भी स्वयंसेवकों के साथ मिलकर साफ-सफाई किया और कहा कि अपनी वसुंधरा को स्वच्छ रखना हम सभी का दायित्व है। स्वच्छता रखने से विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है । महाविद्यालय को प्लास्टिक मुक्त किया गया, साथ ही हैंड वॉश कराया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में संपन्न हुआ मौके पर राहुल कुमार, सोनाली कुमारी, संध्या, रीना, होलीका मुनिका, सुमन, सिंपल, कविता, किरण आदि उपस्थित थे।

### परिवर्तन की लहर चलाकर भाकपा के पक्ष में बदलाव करेगी जनता : रूचिर तिवारी

**मेदिनीनगर (पलामू) :** भाकपा के बदलाव यात्रा के सातवां दिन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने ग्राम -कंकारी, चांदो, बसरिया,अवसाने, बांसडीह खुर्द, मायापुर, हुंटार आदि ग्रामों में जनसंपर्क अभियान कर लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुआ। मौके पर डाल्टनगंज के भावी विधायक उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि डाल्टनगंज चैनपुर भंडारिया विधानसभा में पिछले कई वर्षों से होने वाली विकास की गति रुक गई है इसका जिम्मेवार प्रथम भाजपा और दूसरा कांग्रेस रही है वर्तमान एवं पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने आम जनता के लिए विकास का कोई काम नहीं किया। आज भी आम जनता बुनियादी जन समस्या भोजन ,वस्त्र और आवास, शिक्षा, चिकित्सा से वंचित है जनप्रतिनिधियों ने अपने नाम से मांइनस से लेकर कईएक प्रकार के पैसा कमाने के लिए संस्था खोलकर संपत्ति बढ़ाया लेकिन आम जनता को रोजगार कैसे मिले उनका विकास कैसे हो इस पर कुछ नहीं किया। आज भी इस इलाके के कई गांव से लोगों को नदी पार करके पैदल जाना पड़ता है। भाजपा का परिवर्तन यात्रा सिर्फ उनके नेताओं के सम्पत्ति में बढ़ोतरी का परिवर्तन यात्रा है इससे आम जनता को कुछ नहीं मिलेगा आम जनता को डालटेनगंज के भाजपा बिधायक को इस बार परिवर्तन कर भाकपा के पक्ष में बदलाव करेगी। जनसंपर्क अभियान के दौरान जमालुद्दीन, निरंजन कमलापुरी, अभय कुमार भूइंया, सुशील शुक्ला, नसीम राइन, सोनू अहमद,हकीम अंसारी,संतु पासवान,हमीद अंसारी, कुस मोहम्मद अंसारी,जमील अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने दी जिलेवासियों को सौगात

**मेदिनीनगर(पलामू) :** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर सतबरवा स्थित मलय डैम में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने जल क्रीड़ा के तहत डैम में बोट संचालन का उद्घाटन किया।इस अवसर पर सदर एसडीओ व छत्तरपुर एसडीओ भी मौजूद रहे। उद्घाटन के पश्चात सभी अधिकारियों ने नौका विहार का आंनद लिया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने डैम घूमने आये एक परिवार को गिफ्ट भेंट किया,वहीं बच्चे को नाश्ता भी करवाया साथ ही पर्यटन मित्रों के बीच प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया।मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि मलय डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा की योजना तैयार की है। आज से डैम में विभिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा सामग्री जैसे स्पीड मोटर बोर्ड,पैडल बोट,कयाकिंग और जेट्टी की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। जिले में पर्यटक स्थलों के समुचित विकास, आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की स्थापना,पर्यटकों के लिए आवास की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं के लिए जिला प्रशासनकृत संकल्पित है।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 28.09.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 69 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### देश में 24 फसलों पर एमएसपी देने वाला पहला राज्य हरियाणा : अमित शाह

**चंडीगढ़ :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को हरियाणा के मुलाना में जन आशीर्वाद रैली में कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में हरियाणा में केवल डीलर, दलाल और कांग्रेस के दामाद के लिए कार्य हुआ। अमित शाह ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार के राज में पर्ची और खर्ची से नौकरियां मिलती थी, लेकिन भाजपा ने लाखों युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां देने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तारीफ करते हुए अमित शाह ने कहा कि सीएम नायब सैनी ऐसी प्रखर छवि के नेता हैं सत्ता में रहते हुए भी इनके सिर पर सत्ता नहीं चढ़ती है। आज भी हरियाणा के गरीब, दलित, पिछड़े, किसानों, महिलाओं के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री सैनी निरंतर प्रयास कर रहे हैं और आने वाले 5 वर्षों तक यह सिलसिला जारी रहेगा। भाजपा सरकार के शासन में केवल डाकिया घर पर आता है और नौकरी का नियुक्ति पत्र देकर चला जाता है। भाजपा ने हरियाणा में भ्रष्टाचार को समाप्त करने का काम किया है।

### जोहार झारखण्ड कार्यक्रम आज

**रांची :** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार की ओर से दिनांक 28 सितंबर को जोहार झारखण्ड 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 28 सितम्बर 2024 को अपराह्न 2:00 बजे से खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इन्डोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमन्त सोरेन मुख्यमंत्री, झारखण्ड, मंत्री दीपक बिरूआ एवं मंत्री हफीजुल हसन की गरिमामयी उपस्थिति में मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृत्ति, नियुक्ति पत्र एवं परिसम्पत्ति का वितरण किया जाएगा।

### दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ के दौरान चलाई जाएंगी 6000 से अधिक स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली :** दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 6000 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है।
उल्लेखनीय है कि दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें 6000 से अधिक फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी।

# मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित 527 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व अन्य


नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सफल अभ्यर्थीगण

**रांची :** शुक्रवार के दिन आपके और आपके परिवार के लिए जितना खुशी और उत्साह का है, उतना ही हमारे लिए भी है। आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं। इसे सिर्फ एक नौकरी ना समझे बल्कि आपको सामाजिक दायित्व निभाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप अपनी क्षमता और दक्षता का इस्तेमाल राज्य के विकास के पहिए को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज शौर्य सभागार, जैप -1, डोरंडा, रांची में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में नव चयनित 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

**राज्य गठन के 20 वर्षो तक न तो नियुक्ति नियमावली बनी और न ही नियुक्तियां हो सकी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जब अलग राज्य बना तो कैडर विभाजन का मामला सामने आया। कई विभागों में वर्षों तक अधिकारियों और कर्मियों का कैडर विभाजन नहीं हो सका । ऐसी स्थिति में वर्षों तक टेंपरेरी व्यवस्था के तहत काम किसी तरह चलता रहा। कुछ पदों पर नियुक्तियां हुई तो उसे लेकर भी काफी उलझने आयीं। ऐसे में नियुक्तियों के नहीं होने का खामियाजा इस राज्य और यहां के नौजवानों को भुगतना पड़ा। हमारी सरकार जब बनी तो शुरूवाती 2 वर्षों तक कोरोना की वजह से सारी व्यवस्थाएं अव्यवस्थित हो गई। थी। इससे निजात पाने के बाद जब हमने विभागों की समीक्षा बैठक शुरू की तो पता चला कि बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों में पद रिक्त हैं। जब इसकी जानकारी प्राप्त की तो पता चला की विभिन्न विभागों के विभिन्न संवर्गों के लिए अबतक नियुक्ति नियमावली ही नहीं बनी है। ऐसे में हमारी सरकार ने तेज गति से सभी विभागों के सभी संवर्गों के लिए नियुक्ति नियमावली का गठन बहलियों का सिलसिला शुरू किया। अबतक विभिन्न विभागों में रिक्त हजारों पदों पर नियुक्तियां हो चुकी है और कई पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है।

**आपकी नियुक्ति से हमारी शक्ति बढ़ी है, किसी एक व्यक्ति से व्यवस्था नहीं चलती**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शिक्षक समेत विभिन्न विभागों में अलग-अलग पदों पर कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला है। आपके जुड़ने से हमारी शक्ति में और इजाफा हुआ है। इससे निश्चित तौर पर सरकार के कार्यों में गति आएगी। मेरा मानना है कि व्यवस्था किसी एक व्यक्ति से नहीं चलती है। जब तक सभी विभाग के सहकर्मी मिलजुलकर विकास का पहिया नहीं खींचेंगे, राज्य को आगे नहीं बढ़ा सकते हैं। राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को एक साथ मिलकर काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि चाहे अधिकारी हो या आदेशपाल, सभी को सरकार एक नजरिए से देखती है।

**नियुक्ति के साथ पदस्थापन में भी बरती जा रही पूरी पारदर्शिता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अब तक कई नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सम्मिलित होने का मौका मिल चुका है। इस दौरान हजारों युवाओं को अब तक नियुक्ति पत्र प्रदान कर चुके हैं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि कई नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में अभ्यर्थियों के एक हाथ में जहां नियुक्ति पत्र था, वहीं दूसरे हाथ में पदस्थापन पत्र। इसमें सबसे बड़ी बात यह है उनका पदस्थापन लॉटरी के माध्यम से किया गया और सभी अभ्यर्थियों ने खुद अपने पदस्थापन की पर्ची निकाली। इस तरह नियुक्तियों के साथ-साथ पोस्टिंग में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है।

**रिकॉर्ड समय में जेपीएससी की परीक्षा प्रक्रिया पूरी हुई**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद जेपीएससी की परीक्षा बिना किसी विवाद के रिकॉर्ड समय मे पूरी हुई। आज बीडीओ-, सीओ, डीएसपी और अन्य अधिकारी राज्य को अपनी सेवा दे रहे हैं । इससे पहले जेपीएससी की एक परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने कई वर्ष लग जाते थे और हर परीक्षा को लेकर विवाद बना रहता था। लेकिन हमारी सरकार ने जिस निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित की, उसमें बड़ी संख्या में गरीब युवाओं ने अपनी मेहनत की बल पर कामयाबी हासिल की।

**गैर सरकारी क्षेत्र में भी हजारों युवाओं को नौकरी दिलाने का सफल प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के साथ-साथ गैर सरकारी क्षेत्र में भी हजारों युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया है । आज देश और विदेश के कई बड़ी कंपनियों में ये नौजवान कार्य कर रहे हैं। वहां वे अपने हुनर और कार्य की बदौलत अपनी एक अलग पहचान बनाई है । हमारी सरकार इन कंपनियों में कार्य कर रहे नौजवानों का पूरा ट्रैक रिकॉर्ड रख रही है।

ʘ झारखंड उत्पाद सिपाही परीक्षा की शारीरिक दक्षता परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों की मौत दुःखद एवं चिंतनीय, इसकी वजहों को जानने का कर रहे प्रयास, केंद्र को पत्र लिखकर मांगी है मदद मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 के बाद पहली बार झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा के तहत अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जा रही है। शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान कुछ नौजवानों की हुई मौत काफी दुःखद और चिंतनीय है। इसके वजहों को जानना बेहद जरूरी है। हमारी सरकार नौजवानों के मौत मामले में पूरे तह तक जाने का प्रयास कर रही है। इस बाबत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भी मदद के लिए पत्र भेजा गया है।

**किन-किन विभागों के लिए मिला नियुक्ति पत्र**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर झारखंड कर्मचारी आयोग की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में सफल और अनुशंसित 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इनमें 120 पीजीटी और टीजीटी शिक्षक, 200 सहायक शिक्षक एवं 56 प्रयोगशाला सहायक के अलावा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 47, पथ निर्माण विभाग में 25, जल संसाधन विभाग में 49, नगर विकास एवं आवास विभाग में 28, वित्त, वाणिज्य कर एवं खाद्य आपूर्ति विभाग में एक-एक और रिम्स में तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला। इस समारोह में मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बैद्यनाथ राम, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री हफीजुल हसन, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, प्रधान सचिव सुनील कुमार, प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन और माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता उपस्थित रहे।

## धनबाद में लैंडस्लाइड, धूल के गुबार ने शहर को लिया अपनी चपेट में



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के बस्ताकोला क्षेत्र में बीसीसीएल के राजापुर प्रोजेक्ट में शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे भूमिगत जल के दबाव से कोयला फेस का बड़ा हिस्सा स्लाइड हो गया। इस दौरान कई पुराने अंडर ग्राउंड गैलरी से तेज आवाज के साथ हजारों गैलन पानी निकला शुरू हो गया। साथ ही स्लाइड स्थल से भारी मात्रा में धूल कण का गुबार निकलने लगा, जिसने पूरे शहर को ढंक लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, आवाज इतनी जोरदार थी कि ऐसा लगा जैसे ज्वालामुखी विस्फोट हुआ हो। धूल के गुबार ने धनबाद शहर के बैंक मोड, गोधर, भूली सहित पूरे शहर को अपने चपेट में ले लिया है। हालांकि राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन कोयला फेस में जल निकासी में लगे पांच पंप, दर्जनों बिजली लाइन के पोल और एक पुराना ब्रेक डाउन वाहन जल में डूब गए। घटना के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और वे घटनास्थल पर जुट गए। साथ ही बीसीसीएल अधिकारियों में भी हड़कंप मच गया। बस्ताकोला क्षेत्र के जीएम अनिल कुमार सिन्हा, एजीएम टी पासवान और राजापुर प्रोजेक्ट के के सिंह सहित दर्जनों कर्मी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। गौरतलब है कि कोयला फेस से लगभग 2 महीने से कोयला उत्पादन बंद है। यहां डेको नामक कंपनी पेटी पर कोयला उत्पादन कर रही थी। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## कैबिनेट के फैसले : खाद्य सुरक्षा में 5 लाख लाभुकों की संख्या बढ़ी, डीलरों का कमीशन भी बढ़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अध्यक्षता में हुई झारखंड मंत्रि परिषद की बैठक में 49 प्रस्ताव पारित किए गए। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा में संशोधन किया गया और लाभुक की संख्या 20 लाख से बढ़कर 25 लाख लाभुक किया गया। यानी राशन कार्ड 5 लाख बढ़ा दिया गया। डीलर कमीशन भी 100 से बढ़ाकर डेढ़ सौ रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। झारखंड राज्य युवा आयोग प्रक्रिया संचालन 2024 की स्वीकृति दी गई। मोटरयान स्क्रेपिंग सुविधा 2024 की स्वीकृति दी गई। 15 साल से अधिक अवधि वाले सरकारी वाहन का संचालन बंद किया जाएगा उन्हें कबाड़ घोषित किया जाएगा। स्टेट ऑफ आर्ट घोषित करने के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक साहिबगंज में नए भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई। तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी चतरा झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आशुतोष कुमार को सेवा से बर्खास्त किए जाने का दंड बरकरार रखने की स्वीकृति दी गई। रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज स्थापना के लिए 59 करोड़ 69 लख रुपए की स्वीकृति दी गई। पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति नियमावली में संशोधन की गई। राजकीय पॉलिटेक्निक खरसावां नए भवन की स्थापना के लिए 38 करोड़ 55 लख रुपए की मंजूरी दी गई। बीआइटी सिंदरी में इन्नोवेशन सेंटर स्थापना की स्वीकृति। झारखंड में प्रोफेशनल एजुकेशन इंस्टीट्यूट के लिए शुल्क नियामक आयोग का गठन होगा। निजी कॉलेज का शुल्क निर्धारण इसके जरिए होगा। राजकीय पॉलिटेक्निक आदित्य पर महिला पॉलिटेक्निक जमशेदपुर और पॉलिटेक्निक खरसावां और जगन्नाथपुर के विद्यार्थी को प्रशिक्षण के लिए संशोधित करते हुए इंडो डाइनिंग टूल जमशेदपुर का चयन करते हुए ट्रेनिंग दी जाएगी। कोल्हन विश्वविद्यालय चाईबासा के अंतर्गत जमशेदपुर कोऑपरेटिव लॉ कॉलेज के आधार पर संरचना के विकास के लिए 31 करोड रुपए की योजना स्वीकृत की गई। फूलो झानू चिकित्सा महाविद्यालय दुमका में नर्सिंग कॉलेज के पद सृजन की मंजूरी दी गयी। मेदिनी नगर दुमका में दो स्थाई जिला न्यायाधीश करने की मंजूरी दी गई। रांची में रविंद्र भवन के लिए 290 करोड़ के पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति दी गई। डिजिटल पंचायत योजना में संशोधन किया गया पंचायती राज विभाग अंतर्गत। प्रति ग्राम पंचायत 7550 पहले था उसके साथ जीएसटी राशि को जोड़ा गया है। भारत सरकार द्वारा अनब्लॉक के जरिए नाल नदी इत्यादि के जल प्रवाह बदलने के लिए एसओपी बनाया गया है।

## आधी आबादी को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता : कल्पना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** मंईयां सम्मान यात्रा के पांचवे दिन की शुरूआत पूर्वी सिंहभूम जिला के बोराम से हुई। मंईयां सम्मान यात्रा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री बेबी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व एवं दृढ़ संकल्प के कारण ही झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना धरातल पर उतर सकी। झारखंड की बेटियों, माताओं, बहनों को सम्मान देने का प्रण मुख्यमंत्री ने लिया और आज झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना लागू कर उनके खातों में प्रतिवर्ष 12000रुपये दिये जा रहे हैं। आप सभी इसी तरह मजबूती के साथ मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ खड़ी रहें, तो आने वाले दिनों में झारखंड की आधी आबादी को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि मंईयां सम्मान यात्रा के तहत झारखंड के जिस कोने में भी जा रहे हैं, आप सभी महिलाओं का अपार समर्थन मिल रहा है। आपका उत्साह और जोश हमे आगे बढ़ने की ताकत दे रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में हमारी सरकार ने महिलाओं को हर स्तर पर बराबरी का हक एवं अधिकार देने का काम किया है चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो या फिर रोजगार के क्षेत्र में हो। महिलाओं को रोजगार, व्यवसाय के लिए हमारी सरकार ऋण उपलब्ध करा रही है। हमारी सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की 18 से 50 वर्ष तक की बेटियों, माताओं, बहनों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली 1000 रुपये की राशि ने आर्थिक रूप से सहयोग किया है। कोई कह रही है कि वह अपने बच्चों के ट्यूशन फीस दे सकेंगी, तो कोई मोबाइल रिचार्ज करा पायेंगी। प्रतियोगिता हेतु फॉर्म भर सकेंगी । उन्होंने कहा कि कल ही हमारी सरकार ने किसानों का दो लाख रुपये तक का कर्ज.माफ करते हुए 400 करोड़ रुपये उनके खाते में भेजने का काम किया है। विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि झारखंड में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने झारखंड की महिलाओं के मान-सम्मान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल की है। आज झारखंड की बेटियों, माताओं और बहनों के खाते में हर महीने 1000 रुपये आ रहे हैं । उन्होंने कहा कि हर महीने मिलने वाली राशि बंद होने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि मंईयाँ सम्मान यात्रा में आज हजारों की संख्या में महिलाएँ आयीं हैं । यात्रा से हम झारखंड की लाखों महिलाओं को जोड़ने का काम कर रहे हैं। हम आपका प्यार और आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती क्रांतिकारियों की धरती है। हम झारखंड के उन सभी शहीद क्रांतिकारियों को नमन करते हैं।

## झारखंड में रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए है परिवर्तन यात्रा : शिवराज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को झारखंड के लातेहार जिले में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। जिले के महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय में आयोजित परिवर्तन यात्रा में संबोधित करते हुए उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्तमान सरकार नो सिर्फ लूट मचाई है। यहां रोटी, बेटी और माटी के अस्तित्व पर सवाल खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी का परिवर्तन यात्रा रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए ही है। शिवराज ने कहा कि वर्तमान में झारखंड की सरकार वोट बैंक बढ़ाने के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है। यहां के मंत्री विधायक के घर से नोटों के बंडल मिल रहे हैं। जनता त्राहिमाम कर रही है। ऐसे भ्रष्ट और जन विरोधी सरकार को सत्ता से हटाकर झारखंड राज्य में बेहतर शासन व्यवस्था देने के लिए भाजपा संकल्पित है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में खनिज संपदा की भरमार है लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार सिर्फ अपना स्वार्थ साधने में लगी है। पूर्ववर्ती भाजपा की सरकार ने यहां के किसानों के लिए जो योजनाएं बनाई थी, उन योजनाओं को भी वर्तमान सरकार ने बंद कर दी।

## एक नजर

### पुलिसकर्मी हर 6 माह में एक बार एचआईवी जांच जरूर करवायें : सिविल सर्जन

**बोकारो** : राष्टीय कृमि मुक्त अभियान के तहत सिविल सर्जन कार्यलय के सभागार में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में पुलिस पदाधिकारियो के साथ फर्स्ट एड और एचआईवी एड्स की जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस कर्मियों को हर 6 माह में एक बार एचआईवी जांच जरूर करवाये कार्यशाला में पुलिस पदाधिकारी को फर्स्ट एड का ट्रेनिंग दिया गया। साथ ही सभी पुलिस कर्मियों को 6 माह में एक बार एचआईवी जांच कराने का अनुरोध किया गया।
वही वैसे पदाधिकारी जो शुगर की बीमारी से पीड़ित है। उन्हे एडल्ट बीसीजी का टीका लगवाने हेतु अनुरोध किया गया ।

### मुस्लिम समुदाय में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने पर हुई चर्चा



**ओरमांझी** : नेवरी गोलंबर चौक के हाजी कंपलेक्स में शुक्रवार को कारी मोईन अंसारी कि अध्यक्षता में क्षेत्र के मुस्लिम बुद्धिजीवों कि एक अहम बैठक हुई,जिसमें मुस्लिम समुदाय में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने पर चर्चा करते हुए क्षेत्र भर के मकतब में पढ़ने वाले बच्चों का तकरीर,नात पाक,केरत व इस्लामीक लिखित परीक्षा कराने का विचार पारित किया गया,जिसके सफल आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया,जिसमें सर्वसम्मति से जाकिर अंसारी को अध्यक्ष, हुमायूं उर्फ नईम अंसारी को सचिव व मोहसीन आलम आलम को कोषाध्यक्ष बनाया गया,कमेटी को सुचारू रूप से चलने के लिए हाफिज अतहर इमाम,मौलाना गुलजार नदवी,कारी मोईन अंसारी, असफाक खान, रब्बानी अंसारी, मिन्हाज अंसारी,हैदर अंसारी, जावेद अंसारी,असफाक अहमद को मेंबर के रूप में चयन किया गया,कमेटी ने फैसला लिया कि लगभग एक महीना के अंदर मकतब में पढ़ने वाले बच्चों का इस्लामीक प्रतियोगिता आयोजित करेगी,जिसमें शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा, वही कमेटी ने गाइडलाइन जारी करते हुए बताया कि एक मकतब से तकरीर नात पाक व केरत के लिए एक-एक बच्चे और इस्लामिक लिखित परीक्षा में तीन बच्चों को शामिल होने की अनुमति रहेगी।

### आरपीएफ पोस्ट ने ऑपरेशन अमानत के तहत गुम मोबाइल यात्री को वापस सौंपा



**बोकारो** : जैन मोड की रहने वाली जाहिदा खातून मुरी जाने के क्रम में बोकारो रेलवे स्टेशन पहुंच मुरी के लिए दूतीय श्रेणी सदासाधारण का टिकट ले प्लेटफार्म संख्या तीन पर ट्रेन का इंतजार कर रही थी इसी दौरान उसे काले रंग का जिओ भारत कीपैड मोबाइल फोन प्लेटफार्म संख्या तीन पर कहीं खो गया जिसकी कीमत लगभग 2500 रुपए बताई गई इसके पश्चात उसने ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ बोकारो को इसकी सूचना दी। ड्यूटी पर तैनात एसआईपीएफ मीना कुमारी, एएसआई बसंत कुमार एवं मेरी सहेली टीम और सीपीडीएस टीम मौके पर पहुंचे खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान मोबाइल फोन न्यू ओवर ब्रिज के नीचे प्लेटफार्म संख्या तीन पर काले रंग का कीपैड मोबाइल मिला।

# वेदांता ईएसएल ने राष्ट्रीय पोषण माह के लिए अन्न न्यूट्री-शेक का नंद घरों में किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : भारत में एक अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक के रूप में ईएसएल स्टील लिमिटेड उन समुदायों के कल्याण के लिए समर्पित है जिनकी वह सेवा करता है। कंपनी को सामाजिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता दी गई है। प्रधानमंत्री के पोषण अभियान के अनुरूप, वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने झारखंड के सभी 50 नंद घरों में अन्न आधारित न्यूट्री-शेक वितरण कार्यक्रम शुरू किया है। यह पहल राष्ट्रीय पोषण माह के साथ मेल खाती है, जो भारत में कुपोषण पर अंकुश लगाने का एक महत्वपूर्ण घटक है। प्रोजेक्ट नंद घर, वेदांता के अध्यक्ष द्वारा परिकल्पित। अनिल अग्रवाल, बच्चों के बीच पोषण वितरण को बढ़ावा देने के लिए इस प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। न्यूट्री-शेक वितरण कार्यक्रम बच्चों को स्वस्थ वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक विटामिन और खनिजों से भरपूर पौष्टिक श्री अन्न शेक प्रदान करने पर केंद्रित है। 10,000 से अधिक श्री अन्न प्रोटीन शेक वितरित करके, कार्यक्रम कुपोषण को कम करने और कम उम्र से संतुलित पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के सरकार के मिशन का समर्थन करता है। स्टार्टअप मिलेट बाउल द्वारा निर्मित प्रोटीन-घने अन्न शेक, चॉकलेट-स्वाद वाले, एफएसएसएआई-प्रमाणित और 23 आवश्यक विटामिन और खनिजों से भरपूर हैं। डेयरी-मुक्त और उपभोग में आसान बनाने के लिए डिजाइन किए गए, शेक में रागी, बाजरा, फॉक्सटेल और कोडु के साथ-साथ गुड़, प्लांट प्रोटीन आइसोलेट्स, कोको पाउडर और नारियल का दूध पाउडर शामिल है, जो छह महीने तक लंबे समय तक चलने वाला पोषण समर्थन सुनिश्चित करता है। लॉन्च इवेंट में, सुश्री मीनाक्षी सभरवाल , कुनाल दरिपा, और सुश्री आभा कुमारी (बोकारो सदर अस्पताल में स्वास्थ्य पार्षद) ने भाग लिया। प्रतिभागियों को पोषण, एनीमिया और संतुलित आहार के बारे में शिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम में गर्भवती माताओं के लिए गोद भराई समारोह और छह महीने के बच्चे के लिए अन्न प्रासन समारोह भी शामिल था। कुनाल दरिपा ने कहा कि झारखंड में 50 नंद घरों के माध्यम से, हम बचपन में कुपोषण के गंभीर मुद्दे को संबोधित करके समुदाय के भविष्य का पोषण करने का प्रयास करते हैं। इस कार्यक्रम के साथ, हम पोषक तत्वों से भरपूर, पारंपरिक सुपरफूड प्रदान कर रहे हैं जो प्रधान मंत्री के पोषण अभियान के अनुरूप है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नंद घरों में आने वाले बच्चों को वह पोषण मिले जिसके वे हकदार हैं।

**नंद घर के बारे में:**
नंद घर, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ मिलकर अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के तहत वेदांत ईएसएल स्टील लिमिटेड द्वारा शुरू किया गया एक अनुकरणीय कार्यक्रम है।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में मुख्यतः पेंशन, अनुकंपा में बहाली, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, मुआवजा, सड़क निर्माण, रोजगार, आर्म लाइसेंस, अवैध कब्जा, साइबर क्राइम, जाति प्रमाण पत्र, मुखिया पर मनमानी समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## आश्रम में प्रकाश के जन्मदिन पर भावुक हुए वृद्धजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : बीपीएचओ के राष्ट्रीय महासचिव सह महाप्रबंधक सर्वमंगला नर्सिंग होम प्रकाश ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सबलपुर सहयोगी नगर स्थित वृद्धजनों के आश्रय स्थल ओल्ड एज होम में वृद्धजनों के बीच केक काटकर मनाया। साथ वृद्धजनों को अपने हाथों से स्नेहपूर्वक स्वादिष्ट भोजन करा कर साड़ियां एवं वस्त्रों का वितरित कियाऔर खासकर आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी को वर्ष 2006 से लाल मणि वृद्धा सेवा आश्रम और अब साथ में ओल्ड एज होम में निरंतर सारे बाधाओं मुश्किलों का सामना करते हुए आश्रम में आश्रय ले रहे सभी असहाय माता पिता समान वृद्धजनों की सेवा, हर महीने इनके स्वास्थ का रख रखाव कर जांच कैंप आयोजित करने,इनके भोजन की व्यवस्था करने के लिए और अंतिम समय में वृद्धजनों का सम्मानपूर्वक रीति रिवाज से दाह संस्कार करने के ईश्वरीय कार्य की प्रसंशा कर बहुत आभार वयक्त किया।आगे कहा नौशाद गद्दी ने मानव सेवा के लिए कभी हार नही मानी और हम सबको इनकी सेवा और इनसे जुड़ने के लिए प्रेरित करने का बड़ा काम किया है। समस्त वृद्धजनों ने ओल्ड एज होम में सेवा के लिए उपस्थित वृंदावन कुमार, सनोज सिंह, सुधीर लाला,तपन गुप्ता, छोटे लाल गुप्ता, धर्मेद्रर प्रजापति, झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ के धनबाद जिला महामंत्री अर्जुन कुम्हार, जिला मंत्री अशोक कुमार, सहसंगठन मंत्री जितेन्द्र पंडित, कुलदीप पंडित, दिलीप पंडित, अजित कुमार,अरुण सिंह चाँद सौदागर महतो, मुन्ना सिंह आदि को हार्दिक आशीर्वाद दिया। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी और सक्रिय सदस्य ओंकार मिश्रा ने प्रकाश कुमार सहित सभी को यह आयोजन कर वृद्धजनों को अपनापन का अहसास दिलाने और इनके चेहरों में खुशियां लाने के लिए धन्यवाद देकर आभार वयक्त किया।

## नई सोच, नई दिशा संवाद का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मेन ऑडिटोरियम में संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन के साथ इस्पात कर्मियों का नई सोच- नई दिशा₹ नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन 27 सितम्बर को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक जयदीप दासगुप्ता, बीजीएच के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी बी करुणामय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. संवाद कार्यक्रम के आरंभ में निदेशक प्रभारी तिवारी ने इस्पात कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। संवाद कार्यक्रम के तहत जन संपर्क विभाग की मोनिका तथा ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र से सीमा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बीएसएल के उत्पादन, उत्पादकता, उपलब्धियों और संबन्धित पहलुओं की नवीनतम जानकारी, इस्पात उद्योग परिदृश्य इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला. निदेशक प्रभारी तिवारी ने अपने उद्बोधन में सभी को सकारात्मक और नवोन्मेषी सोच विकसित करने की अपील की तथा पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से संयंत्र की प्रगति के लिए योगदान करने का सन्देश दिया ताकि सेल सभी पैमानों पर नंबर01 बन सके। उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग के तेजी से बदलते दौर में बीएसएल प्रतिस्पर्धा में बने रहते हुए अपने प्रदर्शन के स्तर को और भी बेहतर बनाने के प्रति सक्षम और प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उत्पादन, उत्पादकता और वित्तीय प्रदर्शन के अलावा सुरक्षा और नवाचार जैसे पहलुओं पर भी चर्चा हुई। परिचर्चा खण्ड में प्रतिभागियों ने भी कार्यप्रणालियों में बेहतरी और अन्य प्रासंगिक विषयों पर अपने सुझाव वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग से वरीय प्रबन्धक सुश्री प्रीति कुमारी ने किया।

## पूर्व रेलवे में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्यालय, गार्डनरीच में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया । राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का शुभारंभ स्वागत गान से किया गया । अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। समारोह में सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, नरेन्द्र, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान वित्त सलाहकार, सभी प्रधान विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं (कर्मचारियों के लिए हिंदी निबंध, टिप्पण एवं प्रारुप लेखन, एवं हिंदी वाक प्रतियोगिता) आयोजित की गई । प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को महाप्रबंधक महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया । हिंदी में सराहनीय कार्य करने वाले 13 अधिकारियों एवं 28 कर्मचारियों को भी महाप्रबंधक महोदया द्वारा पुरस्कृत किया गया। हिंदी पखवाड़ा के दौरान खड़गपुर, चक्रधरपुर एवं आद्रा मंडल के रेलवे स्कूल में आयोजित निबंध एवं वाक प्रतियोगिता में सफल 6 बच्चों को भी महाप्रबंधक महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्यालय की सांस्कृतिक टीम द्वारा पवित्र पहल " नाटक का मंचन किया गया, जिसका महाप्रबंधक महोदय द्वारा सराहा गया ।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए हर एक वोट जरूरी: डीईओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर गठित स्वीप कोषांग द्वारा शुक्रवार को स्वीप वार रूम का उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव, निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, मुख्यालय डीएसपी श्री अनिमेष गुप्ता, वरीय नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीसीएलआर श्री प्रभाष दत्ता आदि द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जहां कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रमों के आयोजन पर कार्य करेगी। वहीं, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा समाहरणालय सभागार में डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद, स्वीप वरीय नोडल पदाधिकारी श्री प्रभाष दत्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम चंद कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग शक्ति कुमार, सहायक पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि की उपस्थिति में संयुक्त रूप से स्वीप कैलेंडर को लांच किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर में स्वीप कैलेंडर को प्रदर्शित गैलरी का उद्घाटन ग्रामीण महिला किरन कुमारी एवं ट्रांसजेंडर संदीप सोरेन के साथ संयुक्त रूप से किया। स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने की बात कहीं। उन्होंने स्वीप कैलेंडर अनुरूप सभी वर्गों के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी। आगे, समाहरणालय सभागार में आयोजित मीडिया संवाद में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने आगामी 10 नवंबर तक तैयार स्वीप कैलेंडर के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। इस दौरान बूथ लेवल आफिसर बूथ लेवल एजेंट का प्रशिक्षण, रॉक बैंड शो, बुजुर्ग मतदाताओं के साथ कार्यक्रम, रील निर्माण प्रतियोगिता, इंटर स्कूल प्रतियोगिता, मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, कॉलेज फेस्ट, रन फार वोट, टाक शो युवाओं के साथ क्रिकेट टुनार्मेंट, ड्रेमोक्रेसी बैंड, नुक्कड़ नाटक, डोर टू डोर अभियान आदि गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2024 लोकतंत्र के पर्व के समान है। इस पर्व में प्रत्येक मतदाता का शामिल होना बहुत जरूरी है। संविधान में भारत के 18 साल से अधिक उम्र के हर नागरिक को स्वतंत्र तरीके से मतदान का अधिकार दिया गया है। अपने इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। हमें यह कभी नहीं सोचना चाहिए कि हमारे मतदान नहीं करने से क्या होगा। एक बात हमेशा याद रखें कि बूंद-बूंद से सागर भरता है। इसलिए अपने मत का प्रयोग जरूर करें। मजबूत लोकतंत्र के लिए हर एक वोट जरूरी है। जिला प्रशासन की ओर से मतदान केंद्र पर हर वर्ग के लोगों के लिए उचित व्यवस्था की गई है ताकि किसी को भी मतदान करने में परेशानी नहीं हो। उन्होंने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से विशेष आग्रह किया है कि उन्हें 18 साल बाद पहला मौका मिला है। वे लोकतंत्र के इस पर्व में अपना योगदान जरूर दें।

## संक्षिप्त खबरें

### धनबाद सांसद ने रेल मंत्री को लिखा पत्र


**धनबाद** : धनबाद सांसद ढुलू महतो ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव भारत सरकार को पत्रांक LS/07-DHN/2024/620 के माध्यम से धनबाद से नई दिल्ली, बेगलुरु पुणे के लिए नई ट्रेन प्रारंभ करने के लिये पत्र लिखकर ट्रेन ठहराव की मांग की है। सांसद ने धनबाद झारखण्ड सहित पूर्वी भारत का महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है। इसे देश की कोयला राजधानी होने का गौरव प्राप्त है। महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र होने के साथ-साथ उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थान, शोध संस्थान एवं विभिन्न संस्थाओं का मुख्यालय भी है। धनबाद में शिक्षा, सांस्कृतिक धार्मिक एवं औद्योगिक धरोहर होने के बावजूद धनबाद से नई दिल्ली,धनबाद से मुम्बई,धनबाद से बेंगलुरु,धनबाद से पुणे आदि रेल सेवा उपलब्ध नही है वर्णित शहरो के लिए प्रतिदिन हजारो यात्री भाया कोलकाता एवं अन्य शहरो से यात्रा करने को विवश है। धनबाद से नई दिल्ली, धनबाद से पुणे, धनबाद से बेंगलुरु, धनबाद से मुम्बई आदि शहरो हेतू नई ट्रेन प्रारंभ करना चाहेंगे। जिससे धनबाद कोयलांचल की जनता को राहत मिल सके।

### एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने संभाला पदभार



**धनबाद** : एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कार्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

### वृक्ष धरती माता के श्रृंगार : सहदेव




**धनबाद** : शुक्रवार को संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो एवं प्रबंधक मनोरमा देवी ने वृक्षारोपण किया साथ ही भाजपा नेता राजकुमार दुबे ने भी आम का पेड़ लगाए। निदेशक सहदेव महतो ने कहा कि वृक्ष धरती मां के श्रृंगार होते हैं इसके बिना धरती अधूरी है वैसे तो वृक्ष ही हमारा जीवन है जिसके बिना हम जीवित भी नहीं रह सकते । कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदित्य कुमार शर्मा , प्रियांशु सोरेन, विजय कुमार ,शैलेंद्र कुमार आदि उपस्थित आदि थे।

### भगत सिंह के जन्म दिवस पर भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**धनबाद** : कतरास भगत सिंह चौक में शहीदे-आजम भगत सिंह के जन्म दिवस पर भाकपा-माले कार्यकताओं द्वारा उन्हें याद करते हुए, भगत सिंह के स्टैचू पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि किया गया। और एक सभा हुई सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले के पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो ने कहां की आज के नौजवानों को भगत सिंह के विचारों में चलना चाहिए। भगत सिंह जो हमेशा अपने जीवन काल में समाजवाद और समानता का बात किया। देश के लिए अपनी कुबार्नी दी, जाति,धर्म और भेदभाव से उठकर देश और समाज के कल्याण की ओर कदम बढ़ाए। उनकी लोकप्रियता केवल भारत में ही नहीं बल्कि पाकिस्तान में भी है,साथ ही पूरे विश्व स्तर की राही है। आज के युवाओं को धर्म, संप्रदाय, उच्च नीच की भावना को त्याग कर अपनी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अपनी आत्मसम्मान की लड़ाई को लड़ने चाहिए। सभा में अन्य माले कार्यकर्ता कार्तिक महतो, सुनील महतो, रॉबिन महतो, दीनदयाल रवानी, नंदलाल रवानी, देवनंदन महतो, कपूर कुंभकार, शंकर पंडित,भौरव महतो, ठाकुर महतो, अजीत मोदक, अभय पांडे, दिलीप महतो, पिंटू पंडित, बंटी पंडित, शिबू पंडित, शिबू पंडित, मनोज ठाकुर धनंजय ठाकुर, गोकुल रजक, संजय महतो थे।

### तीन बंद क्वार्टर से चोरों ने लाखों की संपत्ति उड़ाई



**बोकारो** : फुसरो नगर परिषद अंतर्गत ढ़ोरी स्टाफ क्वार्टर में चोरों ने तीन बंद आवासों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मजदूर नेता विकास कुमार सिंह, सीसीएल कर्मी प्रेमचंद महतो और सेवानिवृत्त कर्मी लखन लाल शर्मा के आवासों से जेवरात, कीमती कपड़े और नकदी चोरी हो गई। शुक्रवार को पड़ोसियों ने देखा कि आवास का ताला और दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी। घर के अंदर आलमारी का लॉकर भी खुला था और सामान बिखरा पड़ा था। घटना की जानकारी मिलने पर बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ शुरू की। पीड़ितों और स्थानीय मजदूर नेताओं ने बताया कि सीसीएल के बंद क्वार्टरों में चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं। जब लोग अपने आवास बंद करके बाहर जाते हैं, तो चोर गिरोह धावा बोल देते हैं। कई मामलों में पुलिस को चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाता। मौके पर मजदूर नेता बिगन सोनी, अंनत सिंह, राहुल कुमार सिंह और अन्य प्रमुख लोग भी मौजूद थे। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

एक नजर

## छवि रंजन को सुप्रीम कोर्ट से भी बेल नहीं

**रांची** : लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की को बेल देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस एच सी शर्मा की कोर्ट में छवि रंजन की बेल पर सुनवाई हुई। छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की। छवि रंजन ने जिस केस में बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, सेना के कब्जे वाली भूखंड की खरीद-बिक्री में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। इस संबंध में ईडी ने ECIR 1/2023 दर्ज किया है। छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। रांची ईडी की स्पेशल कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट भी उन्हें बेल देने से इनकार कर चुका है।

## झारखंड कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक संपन्न

**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित थे। बैठक में कमलेश ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हमें राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है ताकि हम उनके आर्थिक सामाजिक विकास के लिए लक्ष्य निर्धारित कर सकें। हमें अपने विकास के एजेंडे और भावी कार्यक्रमों को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा ताकि झारखंड के विकास मे उनकी सहभागिता स्पष्ट रूप से हो सके। जनता की समस्याओं को जड़ से जानना और उसके निराकरण का रास्ता हमें इस अभियान से प्राप्त कर उस पर अमल करना है। हर व्यक्ति की तरक्की हमारा निर्धारित लक्ष्य है ताकि विभिन्न स्तरों पर व्याप्त विषमता की खाई को हम दूर कर सके। विधायक दल नेता डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड में एक अलग तरह का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के चुनावी अभियान का आधार जनता को विघटनकारी शक्तियों से सावधान करना होना चाहिए। झारखंड के अस्मिता के सवाल पर यह चुनाव लड़ा जाएगा। झारखंडी मान सम्मान की रक्षा कांग्रेस के चुनावी अभियान का आधार होगा। पंचायत से लेकर शहरी क्षेत्र तक चुनावी धार को में मजबूत रखना है ताकि झारखंडी जनता के बीच घृणा फैलाने वाली ताकतें सावधान रहें। समिति के अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय ने कहा कि अभियान के माध्यम से महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाना है। संविधान की मूल प्रस्तावना की रक्षा हमारे अभियान का मूल मकसद है। उन्होंने कहा कि संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है, अल्पसंख्यकों, दलितो, आदिवासियों की अस्मिता को विरोधी दल खतरे में डाल रहे हैं उनके अधिकारों के हनन का प्रयास किया जा रहा है ऐसे तत्वों से सावधान रहने और उनके खिलाफ जनता को जागरूक करना हमारा मकसद होगा।

AFFIDAVIT

As per Affidavit No.:561 Date: 25/09/2024, I, **SHAMBHU NATH TIWARI**, S/o Ram Suresh Tiwari, R/O Amrawati Colony, P.O+P.S-Chutia, Dist-Ranchi Jharkhand do here by solemnly affirm and state as follows:-
1. That I am Indian Citizen and reside at the above mentioned address.
2. That **GYAN SUDHA** is my Son.
3. That my son name is GYAN SUDHA, which is mentioned in my Adhar card being Adhar no 6150 5786 2911, School Leaving Certificat and Date of birth certificate.
4. That **SUBHAM TIWARI** is my son who is a student of Class IX in D.A.V Alok Public School, Pundag Ranchi.
5. That my son name is **GYAN SUDHA** and **SUBHAM TIWARI** is same and one person i.e her name.
6. That I swear this affidavit to correction my name as **GYAN SUDHA** in place of **SUBHAM TIWARI** in the school register of my said son, hence this affidavit.
7. That aforesaid contents are true to the best of my knowledge if found wrong, I shall responsible for the same.
Sworn and signed this affidavit on this the 25th day of September 2024 at Ranchi.

# दुर्गा पूजा में रहेगी सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था सीसीटीवी से पंडालों की होगी निगरानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : मुख्य सचिव एल खियांग्ते की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी प्रमंडल के आयुक्तों, सभी जिलों की उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव महोदय ने सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को आगामी दुर्गा पूजा त्यौहार को आपसी भाईचारे एवं सद्भावना पूर्ण माहौल में मनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा की दुर्गा पूजा का यह त्यौहार आपसी समन्वय एवम एवं भाईचारे के साथ संपन्न हो, इस संदर्भ में सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति समिति की बैठक थाना स्तर पर सुनिश्चित कर ली जाए ताकि शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार संपन्न कराने में स्थानीय प्रबुद्ध जनों एवं गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के कंट्रोल रूम को 24*7 मोड में सक्रिय रखें। पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करें, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने में त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सभी पूजा पंडालों में पूजा समितियां के माध्यम से सीसीटीवी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। उन्होंने सभी उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को सभी पूजा पंडालों एवं रूट लाइन का फिजिकल वेरिफिकेशन करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने सभी पूजा पंडालों में पर्याप्त संख्या में फायर टेंडर उपयुक्त स्थान पर उपलब्ध रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि इसे प्रयोग करने हेतु अग्निशमन विभाग के सहयोग से कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करें ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग किया जा सके। मुख्य सचिव महोदय ने सभी उपायुक्त एवं पुलिस कप्तानों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पूजा पंडालों में पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स तैनात रहे, इसे पूजा समिति के आयोजकों के सहयोग से सुनिश्चित करें। उन्होंने आगे निर्देशित करते हुए कहा कि सभी वॉलिंटियर्स उनके कार्य दायित्व के अनुसार कलर कोडिंग का प्रयोग करते हुए टी-शर्ट एवं कैप मुहैया कराए ताकि उनकी स्पष्ट पहचान सुनिश्चित किया जा सके। ट्रैफिक व्यवस्था के संदर्भ में मुख्य सचिव महोदय ने सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस कप्तानों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी त्यौहार को सभी श्रद्धालुओं के लिए सुगम बनाने हेतु ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त एवं दुरुस्त रखें।

# हाई कोर्ट में हाजिर हुए ग्रामीण विकास सचिव से कोर्ट ने कहा, गुमराह न करें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : डीआरडीए कर्मियों की ओर से झारखंड सरकार के कर्मियों की तरह नियमित किए जाने को लेकर दाखिल अनिल कुमार एवं अन्य की अवमानना याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए। कोर्ट ने उन्हें जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह बताएं कि प्रार्थी की कही गई बातें गलत है। प्रार्थी ने कहा है कि वह इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट नहीं गए हैं। कोर्ट ने मौखिक कहा कि यदि प्रार्थी या प्रतिवादी, राज्य सरकार द्वारा कोर्ट को गलत जानकारी दी जाएगी तो और उनके खिलाफ कड़ा आदेश पारित किया जाएगा। कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश ना की जाए। दरअसल, डीआरडीए में पदस्थापित कर्मियों ने झारखंड सरकार के कर्मियों की तरह उनकी भी सेवा स्थाई करने का आग्रह किया था। उनकी ओर से कहा गया था कि उन्हें दूसरे विभाग में सामंजय करते हुए संविदा पर नियुक्त किया जा रहा है जबकि वे डीआरडीए में स्थाई कर्मी के रूप में नियुक्त हुए थे। मामले को लेकर अनिल कुमार एवं अन्य की ओर से याचिका दाखिल की गई है। उनकी ओर से कहा गया है कि उनके संविदा आधारित सेवा को नियमित किया जाए। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वह सुप्रीम कोर्ट नहीं गया है। हाई कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया था। डीआरडीए के कुछ कमी स्थाई वेतनमान को लेकर सुप्रीम कोर्ट गए थे। वहां उनके मामले में पारित आदेश पर कोर्ट ने मुहर लगा दी है।

# निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका खारिज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मनरेगा घोटाले मामले में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका को खारिज कर दी है। इससे पहले कोर्ट ने सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। मामले में पूजा सिंघल सहित सात के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इनमें पूजा सिंघल के अलावा उनके पति अभिषेक झा, सीए सुमन सिंह, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र जैन, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी, खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप पत्र में बताया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड अधिक थे। ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों और दूसरे निवेश की जानकारी जुटाई। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ उस समय पूजा वहां की डीसी थी।

# अमीषा पटेल ने चेक बाउंस की पूरी रकम चुकाई, शिकायतकर्ता ने वापस लिया केस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : बॉलीवुड की फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह को चेक बाउंस की पूरी रकम 02 करोड़ 75 लाख रुपये का भुगतान कर दिया है। अंतिम किस्त के रूप में 19 लाख बकाया था, जिसे दो बार में 14 लाख और 5 लाख रुपये में भुगतान की गई। रकम पूरी मिल जाने के बाद शिकायतकर्ता ने अधिवक्ता बिजय लक्ष्मी श्रीवास्तव के जरिए शुक्रवार को केस वापसी का आवेदन न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में दिया, जहां मामले को निष्पादित कर दिया गया। इस केस की वजह से अभिनेत्री अमीषा पटेल को रांची की निचली अदालत में आकर पिछले वर्ष सरेंडर कर जमानत लेनी पड़ी थी। अमीषा पटेल ने चेक बाउंस की कुछ किस्त निर्धारित तारीख से पहले ही भुगतान कर दी थी। 2.75 करोड़ रुपये के चेक बाउंस से जुड़े मामले में अमीषा पटेल एवं अजय कुमार सिंह के बीच बीते नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत में झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस एसएन प्रसाद की मौजूदगी में ऑनलाइन समझौता हुआ था। इसी सुलह के तहत अमीषा पटेल ने 2.75 करोड़ में से पूर्व में 1.51 करोड़ रुपये का भुगतान कर चुकी थीं। शेष राशि 1.24 करोड़ में से 62 लाख रुपये का भुगतान नौ मार्च को कर दिया था। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में हुए ऑनलाइन समझौता में अमीषा पटेल ने कहा था कि मैं आगे मुकदमा लड़ना नहीं चाहती हूं। चेक बाउंस की राशि का जल्द ही भुगतान हो जाएगा। चेक बाउंस मामले को लेकर अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल एवं कुणाल ग्रूमर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला 2018 दर्ज कराया था।

# हेमंत सरकार के कारण देश की संप्रभुता खतरे में पड़ी : अमर बाउरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सरकार के कारण देश की संप्रभुता खतरे में पड़ गयी है। राज्य के युवाओं के साथ सरकार ने खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस सरकार को फ्रॉड कह कर संबोधित किया है। भाजपा ने हमेशा कहा है कि यह सरकार झूठ बोल कर सत्ता में आई है। बाउरी शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। बाउरी ने कहा कि सीजीएल की परीक्षा में बड़े-बड़े दावे किए गए। बावजूद इसके सरकार ने नौकरी को बेचने का काम किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने परीक्षा के नाम पर पूरे राज्य में रात के दो बजे से नेट बंद किया ताकि इनके लोग रात में ही प्रश्न पत्र बांटने का काम कर सकें। बाउरी ने कहा कि 22 सितंबर से 28 सितंबर में ही सरकार की हालात खराब हो गयी। 2019, 2022, 2024 की परीक्षा के कई सारे प्रश्न को दोहराया गया है। आज झारखंड की बदनामी पूरे देश मे हो रही है और पूरा देश झारखंड की काबलियत पर प्रश्न उठा रहे है जबकि हकीकत यह है कि कमी सरकार में है। छात्रों को परीक्षा से पहले ही उत्तर छात्रों के हाथ मे आ गए थे। छात्र पर सरकार का दबाब ज्यादा है। इसलिए छात्र डरे हुए हैं। भाजपा ने इस गड़बड़ी को प्रमुखता से उठाया है। छात्रों ने जेएसएससी के समक्ष सारे पुख्ता सबूत पेश किया है। बाउरी ने कहा कि जिन छात्रों ने सच के साथ खड़ा होने का काम किया है उनको धमकी मिल रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि किसी भी छात्र के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। नेता प्रतिपक्ष ने साफ कहा कि क्या सरकार एक भी नौकरी बिना किसी गड़बड़ी के दे सकती है? इस पूरे मामले पर मुख्यमंत्री को सामने आना चाहिए और जेएसएससी के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

# राज्य के पुलिसकर्मियों के लिए सुनहरा अवसर, इन 12 जिलों में अपने पसंद से करा सकते हैं पोस्टिंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के 12 जिलों में पोस्टिंग के लिए पुलिसकर्मियों को अवसर प्रदान किया है। यह सुविधा कॉन्स्टेबल रैंक के पुलिसकर्मियों के लिए है, जो वर्षों से एक ही जिले में तैनात हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पुलिसकर्मी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्लेटफार्म पर तबादले के लिए आवेदन पत्र भर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने के बाद, पुलिसकर्मी को उनके द्वारा आवेदन किए गए जिले में पोस्टिंग दी जाएगी।
पुलिसकर्मियों के तरफ से अच्छा रिस्पांस इस अवसर के माध्यम से पुलिसकर्मियों को राज्य के 12 जिलों में जाने का मौका मिल रहा है। इनमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, गुमला, चाईबासा, चतरा, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट और सीटीसी मुसाबनी शामिल हैं। डीजीपी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण इन जिलों में पुलिसकर्मी जाना नहीं चाहते हैं, लेकिन कुछ पुलिसकर्मी अपने घर के नजदीक होने के कारण इन जिलों में जाना चाहते हैं। इसी वजह से कॉन्स्टेबल रैंक के पुलिसकर्मियों को इन 12 जिलों में से किसा भी मनपसंद जगह पर जाने का मौका दिया जा रहा।
साथ ही इसका रिस्पांस भी काफी अच्छा मिल रहा है। कई पुलिसकर्मियों ने आवेदन देना शुरू कर दिया है। हवलदार, जमादार और पुलिस ड्राइवरों पर भी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। डीजीपी ने बताया कि कई पुलिसकर्मी ऐसे भी हैं जो 10-12 साल से ग्रामीण क्षेत्र में पोस्टेड है। उन्हें भी शहरी क्षेत्र में काम करने का अवसर मिलना चाहिए। जब इन 12 चिन्हित जिलों से पुलिसकर्मियों का तबादला शहरी क्षेत्र माने जाने वाले इलाकों में होगा, तो शहर के पुलिसकर्मियों को उनके मनपसंद ग्रामीण क्षेत्र में पोस्टिंग दी जाएगी। साथ ही उन्होंने ने बताया कि कॉन्स्टेबल रैंक के तबादले के बाद, यह प्रक्रिया हवलदार, जमादार और पुलिस ड्राइवरों के लिए भी अपनाई जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

## रांची में नौ अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और एक सेंटर के रिन्यूअल की स्वीकृति



**रांची** : उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर जिला सलाहकार समिति (पीसी एंड पीएनडीटी) की बैठक में शुक्रवार को अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-बी में एंट्री, चिकित्सकों की जॉइनिंग, यूएसजी मशीन खरीदने, स्थान परिवर्तन पर विचार-विमर्श किया गया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और रिन्यूअल के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए समिति ने एक अल्ट्रासाउंड सेंटर के रिन्यूअल और नौ सेंटर के रजिस्ट्रेशन की स्वीकृति दी। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान समिति की ओर तीन संस्थानों को मशीन के फॉर्म-बी में एंट्री, एक सेंटर के स्थान परिवर्तन, आठ चिकित्सकों की जॉइनिंग, चार संस्थानों को यूएसजी मशीन खरीदने का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान रांची सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेंटर का निश्चित समय अंतराल पर निरीक्षण करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में पीसी एंड पीएनडीटी समिति सदस्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह एवं डीलिंग क्लर्क राकेश कुमार राय उपस्थित थे।

## मारवाड़ी सहायक समिति की वार्षिक सभा 29 सितंबर को

**रांची** : मारवाड़ी समाज के सभी अंग यथा अग्रवाल, ब्राह्मण, माहेश्वरी, जैन, ओसवाल, सैन, विजयवर्गीय, खंडेलवाल आदि की संयुक्त संस्था 111 वर्ष पुरानी मारवाड़ी सहायक समिति के संविधान में संशोधन का प्रयास पिछले 10 वर्षों से विवाद में चल रहा है। 1958 में बिहार में निबंधित इस संस्था का कार्य लगभग 50 वर्षों तक इस संविधान के आधार पर चल रहा था। वर्ष 2000 के पहले वासुदेव प्रसाद बुधिया व राजकुमार केडिया के कार्यकाल में संशोधनों पर विचार करके विशेष साधारण सभा में संशोधन किया गया। 2002 में विश्वनाथ नारसरिया व धर्मचंद जैन रारा के कार्यकाल में मामूली संशोधन किया गया। तब से अब तक इस संविधान के आधार पर यह संस्था बहुत अच्छे से चल रही है और इसकी सभी संपत्ति भी सुरक्षित हाथों में हैं। मारवाड़ी सहायक समिति में कुछ लोग संविधान में अपने ढंग से संशोधन करने का प्रयास पिछले 6-7 वर्षों से लगातार कर रहे हैं। विगत दो सत्रों में कार्यकारिणी समिति ने इन संशोधनों को अस्वीकृत कर दिया था। पुनः वर्तमान तीसरे सत्र में वही सब संशोधन लेकर 29 सितंबर 2024 को वार्षिक साधारण सभा बुलाई गई है। इन संशोधनों में पदाधिकारियों के योग्यता की सीढ़ीनुमा शर्तें डालना आम सदस्यों के अधिकारों का हनन है, साथ ही सक्षम और युवा लोगों को रोकना है । तथा इसकी विशाल संपति के उपयोग हेतु पूर्व अध्यक्षों की एक संपति संरक्षण मंडल का प्रस्ताव दिया गया है। इस लिस्ट में एक ही परिवार के कई सदस्य है। इन संशोधनों के लाने से एक वर्ग की नीयत पर प्रश्न उत्पन्न होता है। निवर्तमान सत्र की कार्य समिति में लिए गए निर्णय के अनुसार वर्तमान संविधान के आधार पर ही 22/2/23 को निबंधन विभाग में निबंधन हेतु आवेदन किया गया था। एक माह पश्चात 27/3/23 को निबंधन विभाग द्वारा आवेदन की कुछ त्रुटियां बतला कर सुधार करने को कहा गया, पर आज तक कुछ नहीं किया गया। यह भी प्रश्न खड़े करता है।

## एक्सपो उत्सव के दूसरे दिन जमकर हो रही खरीदारी




**रांची** : एक्सपो उत्सव 2024 के भव्य उद्घाटन के बाद, रांचीवासियों ने बारिश के बावजूद जमकर खरीदारी की। एक्सपो के 27वें संस्करण ने शहरवासियों का दिल जीत लिया है। जहां बच्चों को फनगोला एम्यूजमेंट पार्क बेहद पसंद आ रहा है, वहीं महिलाओं को बनारसी साड़ी, बॉलीवुड सूट, और होम अप्लायंसेस जैसी वस्तुएं आकर्षित कर रही हैं। पुरुष वर्ग के लिए ऑटोमोबाइल जोन मुख्य आकर्षण बना हुआ है। यहां मर्सिडीज, ऑडी, मारुति, बीएमडब्ल्यू जैसी चार पहिया वाहन और सुजुकी, ट्रायम्फ जैसे दो पहिया वाहनों का भव्य प्रदर्शन किया गया है। इस बार एक्सपो में अंतरराष्ट्रीय उत्पादों की भी धूम है। थाईलैंड के फुटवियर, ईरान के कालीन, अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, बांग्लादेश की साड़ियाँ और कुर्तियाँ भी खरीददारों को खूब पसंद आ रही हैं। साथ ही, तुर्की की प्रसिद्ध मिठाई बकलावा भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। हर दिन नई-नई प्रतियोगिताओं और शोज का आयोजन किया जा रहा है। आज के फैशन शो में बेहतरीन मॉडलों ने रैंप पर उतरकर नये परिधान और आभूषणों का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, डॉग शो में भी कई नयी नस्लों के कुत्तों का प्रदर्शन हुआ, जिसे देखकर लोग रोमांचित हो गए। एक्सपो में हर वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ खास है, जो इसे शहर का सबसे बड़ा और सबसे लोकप्रिय कंज्यूमर फेयर बना रहा है। एक्सपो उत्सव 2024 में इस शनिवार की रात खास होगी, क्योंकि मिडनाइट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। रात 11 बजे तक एंट्री की अनुमति होगी, जिससे लोग देर रात तक खरीदारी और मनोरंजन का आनंद ले सकेंगे। मिडनाइट बाजार के साथ-साथ कई नए और रोमांचक इवेंट्स भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें वॉइस ऑफ एक्सपो और हेल्दी बेबी शो जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

## झामुमो की प्रमंडल स्तरीय बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति और मजबूती पर हुई चर्चा



**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की शुक्रवार को प्रमंडल स्तरीय बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराय भवन में हुई। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति और मजबूती पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर सुझाव लिए गए और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को लेकर निर्देश दिया गया। बैठक में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने मे कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर दिशा-निर्देश दिया गया। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल से खूंटी, सिमडेगा और उत्तरी छोटानागपुर से धनबाद, बोकारो, चतरा, कोडरमा जिला से झामुमो के केन्द्रीय समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला समिति के पदाधिकारी, नगर, महानगर समिति के पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के जिला समिति के पदाधिकारी और प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद महतो, केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय सचिव संतोष रजवार सहित अन्य पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राहुल गाँधी की नागरिकता पर संदेह



राकेश अचल

**अब जनता को तय करना है कि राहुल गाँधी से आतंकित भाजपा नेता माननीय अदालतों का वक्त खराब कर रहे हैं या नही। भाजपा को भी ये स्पष्ट करना होगा कि वो स्वामी और दूसरे भाजपाइयों कि याचिकाओं के साथ है या नहीं? वैसे जिस ढंग से सर्कार ने राहुल गांधी को लोकसभा के रक्षा मामलों कि स्थाई समिति का सदस्य बनाया है उसे देखकर नहीं लगता कि सर्कार राहुल को भारतीय नागरिक नहीं मानती।**



भारत अजूबा देश है। यहां जो होता है किसी अजूबे से कम नहीं है । अघोषित अधिनायकवाद के बावजूद यहाँ हर तरह की आजादी है । आप किसी को भी गाली दे सकते हैं । किसी को भी देश का आतंकी नंबर वन कह सकते हैं। और किसी को भी पाकिस्तान जाने की सलाह दे सकते हैं,और तो और आप माननीय अदालतों का भी वक्त जाया करने के लिए बे-सर-पैर की याचिकाएं लगा सकते हैं।

आज मुझे जब दूसरे किसी विषय पर लिखना था,मै भारत के इस अजूबे स्वभाव के बारे में लिख रहा हूँ । आज मेरे सामने भी वे राहुल गाँधी हैं जिनका भूत पूरी भाजपा और माननीय नेताओं के सर पर चढ़कर दिन-रात बोलता है । क्या आपको अजूबा नहीं लगता कि जिस देश में सरकार के मंत्री राहुल गांधी को देश का आतंकी नंबर वन कहते हैं उसी देश में सरकार राहुल गांधीको संसद की रक्षा मामलों की स्थाई समिति का सदस्य भी बना देती है। दरअसल सरकार और भाजपा ही तय नहीं कर पा रही है की राहुल गांधी हैं क्या ? अब राहुल गाँधी से परेशान ,हलकान लोग उनकी नागरिकता पर सवाल उठा रहे है। सरकारी पार्टी कि ही एक नेता ने राहुल गांधी का पासपोर्ट जब्त करने की मांग अपनी ही सरकार से की है।

राहुल गाँधी की नागरिकता को चुनौती देने वाले सुब्रमण्यम स्वामी जी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग पर गृह मंत्रालय को फैसला करने का आदेश देने की मांग करने वाली भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है. कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले पर अगर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है तब हम सुनवाई नहीं कर सकते. हाईकोर्ट ने एएसजी चेतन शर्मा को निर्देश दिया कि वो इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस मामले पर चल रही सुनवाई का स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट को बताएं. मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।

चूंकि स्वामी जी भाजपा के नेता हैं इसलिए आप ये मान सकते हैं कि उनकी याचिका के पीछे भाजपा भी है। स्वामी जी बच्चे नहीं हैं,वे रवीन्द्र बिट्टू की तरह पुराने कांग्रेसी भी नहीं है। स्वामी जी 84 साल के अनुभवी और विद्वान नेता हैं। हिन्दू राष्ट्रवादी नेता एवं सनातन धर्म के प्रचारक हैं। वे जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। वे सांसद के अतिरिक्त 1990-91 में वाणिज्य, कानून एवं न्याय मंत्री और बाद में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग के अध्यक्ष भी रहे। 1994-96 के दौरान विश्व व्यापार संगठन के श्रमिक मानकों के निर्धारण में उन्होंने प्रभावी भूमिका निभायी। लेकिन वे भी राहुल गाँधी के पीछे हाथ धोकर पड़े हुए हैं। राहुल भारत के नागरिक हैं या नहीं ,ये सवाल करने का स्वामी जी को पूरा हक है। उनके पास इसके पक्ष में दलीलें भी है। बेहतर होता कि वे जिस पार्टी के नेता हैं उस पार्टी की सरकार के सामने पहले ये मामला उठाते और जब सरकार नहीं सुनती तब अदालत का दरवाजा खटखटाते। स्वामी जी अपनी फजीहत खुद करा रहे है। जाहिर है कि उन्होंने पार्टी फोरम पर राहुल गांधी का ये मुद्दा जरूर उठाया होगा और पार्टी है कमान से ही हरी झंडी मिलने के बाद वे अदालत गए होंगे । ये भी मुमकिन है कि सरकार और भाजपा ने स्वामी जी को ध्यान से सुना ही न हो इसलिए स्वामी जी सीधी लड़ाई लड़ना पड़ रही है है।

राहुल गांधी की नागरीकता को चुनौती देने वाले डॉ स्वामी अकेले नहीं हैं। कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर भी इस मुद्दे को लेकर इलाहबाद हाईकोर्ट की शरण में हैं और मजे की बात ये है कि सब कुछ जानते हुए भी इलाहाबाद हाईकोर्टकोर्ट ने गृह मंत्रालय से स्पष्टीकरण मांगा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या उसने नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत दायर उस अभ्यावेदन पर कोई निर्णय लिया है जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता होने के आरोपों की जांच कराने का अनुरोध किया गया है। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उसने गांधी के ब्रिटिश नागरिक होने के मुद्दे पर विस्तृत जांच की है और उसे कई नई जानकारियां मिली हैं। याचिकाकर्ता ने गांधी की ब्रिटिश नागरिकता के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

आपको बता दूँ कि राहुल गांधी की नागरिकता पर सवाल खड़े करते हुए अदालत में याचिका दायर की गई थी। इसी साल जुलाई में याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे खारिज कर दियाथा। अदालत ने कहा था कि याचिकाकर्ता को पहले सक्षम प्राधिकारी के पास शिकायत करनी चाहिए।यह मामला लोकसभा स्पीकर ओम बिडला तक भी पहुंचा है। अदालत में दाखिल याचिका का हवाला देते हुए ओम बिडला से मांग की गई है कि राहुल गांधी को तबतक संसद सदस्य के रूप में कार्य करने की अनुमति न दी जाए, जब तक गृह मंत्रालय की तरफ से इस मामले का निपटारा न कर दिया जाए। याचिका में यह भी सवाल किया गया है कि राहुल गांधी किस अधिकार के तहत लोकसभी सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं।लेकिन दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बने ओम बिड़ला भी इस मामले पर फैसला नहीं ले पाए।

दिल्ली है कोर्ट ने सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए 09 अक्टूबर की तारीख तय की।चीफ जस्टिस मनोनीत मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के वकील से इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष इस मुद्दे पर लंबित याचिका की प्रति प्राप्त करने को कहा।अदालत ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि मामले में आगे बढ़ने से पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित याचिका के बारे में स्थिति जानना न्याय के हित में होगा।

आपको याद होगा कि पहले भाजपा सरकार राहुल गाँधी कि लोकसभा कि सदस्यता भी बहाने से छीन चुकी है ,लेकिन बीच में सर्वोच्च न्यायालय के आने से पिछली सर्कार को मुंह कि खाना पड़ी थी । भाजपा इससे पहले राहुल की जाती पर भी सवाल खड़े कर चुकी है लेकिन राहुल द्वारा खड़े किये जाने वाले किसी भी सवाल का जबाब देने से भाजपा और उसके नेता हमेशा कतराते रहते हैं। राहुल कि जाति पूछने वाले भी भाजपा के ही एक पूर्व मंत्री और वर्तमान संसद अनुराग ठाकुर थे।

दुनिया जानती है कि राहुल गाँधी कि गर्भनाल दिल्ली में ही है ,अर्थात वे जन्म से ही भारतीय नागरिक हैं। अब कोई माने या न माने ये अलग बात है। राहुल कि नागरिकता को चुनौती देने वाले तमाम भाजपाइयों को पता है कि नई दिल्ली में जन्मे गांधी ने अपना बचपन नई दिल्ली और देहरादून के बीच बिताया उन्होंने नई दिल्ली में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की और फिर दून स्कूल देहरादून में जाकर विशेष सभी लड़कों के बोर्डिंग सेंट स्टीफेन्स कॉलेज में अध्ययन किया। सुरक्षा समस्याओं के कारण, बाद में उन्हें घर पर रहकर ही पढ़ना पड़ा । गांधी ने सेंट स्टीफेन्स कॉलेज में अपनी स्नातक की डिग्री प्रारंभ की और फिर हार्वर्ड विश्वविद्यालय गए। अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी हत्या के बाद सुरक्षा खतरों के कारण, उन्होंने रोलिंस कॉलेज में फ्लोरिडा में अपनी डिग्री पूरी की। उन्होंने एम.फिल. कैम्ब्रिज से प्राप्त की। उनकी किसी डिग्री को उस तरह से चुनौती नहीं दी गयी जिस तरह कि मौजूदा प्रधानमंत्री कि डिग्रियों को दी जा सकती है।

अब जनता को तय करना है कि राहुल गाँधी से आतंकित भाजपा नेता माननीय अदालतों का वक्त खराब कर रहे हैं या नही। भाजपा को भी ये स्पष्ट करना होगा कि वो स्वामी और दूसरे भाजपाइयों कि याचिकाओं के साथ है या नहीं ? वैसे जिस ढंग से सर्कार ने राहुल गांधी को लोकसभा के रक्षा मामलों कि स्थाई समिति का सदस्य बनाया है उसे देखकर नहीं लगता कि सर्कार राहुल को भारतीय नागरिक नहीं मानती। जहाँ तक मुझे याद आता है कि भाजपा में शामिल हो चुके पूर्व मुख्य न्यायसदिश रजब गोगोई के जमाने में भी सुप्रीम कोर्ट इस मामले को खारिज कर चुकी है।अब देखना है कि तीसरी बार सत्ता में आयी भाजपा राहुल को देश से बाहर निकल पाती है या नहीं।

## संपादकीय

### टिप्पणी पर सख्ती

सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों को ऐसी टिप्पणियां करने से सतर्क रहने को कहा है, जो स्त्रियों के प्रति द्वेषपूर्ण मानी जाएं या किसी खास लैंगिक या समुदाय के खिलाफ हों। अदालत ने कर्नाटक हाई कोर्ट के न्यायाधीश की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए बेशक, उनको माफ कर दिया लेकिन उसकी तल्खी स्पष्ट दिखी। शीर्ष अदालत ने कहा कि देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कहा जा कहा जा सकता क्योंकि वह मूलभूत देश की क्षेत्रीय अखंडता के विपरीत है। पीठ ने कहा कि अदालतों को सतर्क रहना चाहिए, न्यायिक प्रक्रिया के दौरान ऐसी टिप्पणियां न की जाएं। देश के ज्यादातर उच्च न्यायालयों द्वारा लाइव स्ट्रीमिंग या वीडियो कॉन्फ्रेंस शुरू की जा चुकी हैं। सोशल मीडिया पर नियंत्रण न होने और गोपनीयता के लिए खतरनाक होने के सवाल पर पीठ ने कहा कि किसी गलत बात पर पर्दा डालना कोई समाधान नहीं है, बल्कि उसका सामना किया जाना चाहिए। कर्नाटक हाई कोर्ट की टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी जिस पर नेटीजनों ने तरह-तरह के कमेंट किए थे। कर्नाटक हाई कोर्ट ने महिला वकील के खिलाफ भी आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया था। पितृसत्तात्मक समाज में स्त्रियों के प्रति इस तरह की पूर्वाग्रहीत बातें आम होने के बावजूद न्याय की कुर्सी पर विराजित सम्मानित अधिकारी से ऐसी उम्मीद नहीं की सकती। सर्व धर्म समभाव और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र होने की संवैधानिक व्यवस्था को किसी भी रूप में नकारा जाना उचित नहीं है। जजों के साथ ही वकीलों और वादियों को इस दौर में खासी सतर्कता बरतनी चाहिए क्योंकि अब अदालत में मौजूद लोग ही न्यायिक प्रक्रिया नहीं देखते बल्कि चर्चित फैसलों पर आम लोगों की भी कड़ी नजर होती है। देश की आधी से ज्यादा आबादी अब इंटरनेट का इस्तेमाल करना सीख चुकी है। जब इस तरह की कोई भी टिप्पणी वायरल होती है तो उस पर किए जाने वाले कमेंट्स पर सख्ती नहीं की जा सकती। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश विभिन्न मौकों पर मार्गदर्शन द्वारा न्याय प्रणाली की गरिमा को बढ़ाने का महत्त्वपूर्ण कार्य करते रहे हैं। यही कारण है कि देश की न्याय प्रक्रिया के प्रति देशवासियों में जबरदस्त विश्वास बना हुआ है। उसे कायम रखने के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों को इस आदेश का गंभीरतापूर्वक अनुपालन करना चाहिए।

## चिंतन-मनन

### गुरु की स्वीकार्यता

हर वक्त संसार को गुरु की दृष्टि से देखो। तब यह संसार मलिन नहीं बल्कि प्रेम, आनन्द, सहयोगिता, दया आदि गुणों से परिपूर्ण, अधिक उत्सवपूर्ण लगेगा। तुम्हें किसी के साथ संबंध बनाने में भय नहीं होगा क्योंकि तुम्हारे पास आश्रय है। घर के अन्दर से तुम बाहर के वज्रपात, आंधी, वर्षा व कड़ी धूप देखोगे। भीतर वातानुकूलित व्यवस्था है- शीतल और शान्त। बाहर गर्मी और अशांति है पर तुम परेशान नहीं होते, क्योंकि कुछ भी तुम्हें बेचैन और विचलित नहीं कर सकता। कोई तुम्हारी पूर्णता नहीं छीन सकता। यही है गुरु का उद्देश्य। संसार के सभी संबंध उलट-पुलट हो जाते हैं। संबंध बनते हैं और टूटते हैं। यहां राग भी है, द्वेष भी। यही संसार है। पर गुरु कोई संबंध नहीं, गुरु की मौजूदगी होती है। गुरु का सान्निध्य अनुभव करो। गुरु को अपने संसार का अंश मत बनाओ। संसार का हिस्सा बनाते ही, वही अप्रिय भावनाएं उठती हैं- उन्होंने ऐसा कहा, उन्होंने ऐसा नहीं कहा, वह उनका अधिक प्रिय है, मैं नहीं हूं। जीवन में गुरु का सान्निध्य सभी संबंधों में पूर्णता लाता है। यदि गुरु के निकट अनुभव नहीं कर रहे, तो यह तुम्हारे मन, धारणा, अहंकार के कारण है।

जो कुछ भी महत्वपूर्ण है, अंतरंग है, उसे गुरु के साथ बांटो। जो तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण है, आंतरिक है, जब तक तुम उसे गुरु को नहीं व्यक्त करते, तब तक निकटता का अनुभव नहीं कर सकते। आप कैसे हैं? गुरु से हृदय खोलकर मन की गहराइयों में समाई अपने जीवन की आंतरिक व महत्वपूर्ण बातें करो। महत्वहीन या सांसारिक बातें न करो। यदि तुम गुरु के साथ निकटता अनुभव नहीं कर रहे, तो गुरु की आवश्यकता ही क्या है? वह तुम्हारे लिए केवल एक और बोझ है। बस, उसे अलविदा कह दो। तुम गुरु के साथ हो ताकि तुम गुरु के आनन्द में सहभागी हो, उनकी चेतना के सहभागी। इसके लिए पहले तुम्हें अपने आप को खाली करना है, जो पहले से है, उसे गुरु को दे देना है। मन में जितना भी कूड़ा हो, किसी भी प्रकार का, गुरु लेने के लिए तैयार हैं।

# बदलती लाइफ स्टाइल से नींद की कमी एक बड़ी चुनौती



दिलीप कुमार पाठक

स्वस्थ शरीर के लिए विशेषज्ञ स्लीप साइकल को ठीक रखने पर विशेष जोर देते हैं, इसमें सोने-जागने के निर्धारित समय और नींद की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी जाती है नींद की गुणवत्ता का संपूर्ण स्वास्थ्य पर असर देखा जा सकता है। तमाम अध्ययनों में पाया गया है कि जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है, उनमें कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के विकसित होने का जोखिम अधिक होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं नींद की गुणवत्ता के साथ इसकी अवधि का ख्याल रखना भी बहुत आवश्यक है, अक्सर लोगों की स्लीप साइकल में एक बड़ी समस्या देखी गई है, कई लोगों को रात में देर तक जगने की आदत होती है। यह आदत भले ही सामान्य लगती हो, पर सेहत पर इसके कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को रात में 6-8 घंटे की नींद लेने की सलाह दी जाती है। इसके लिए रात में 10 से सुबह 6 बजे तक सोने के समय को सबसे गुणवत्तापूर्ण नींद वाला माना जाता है, हालांकि अक्सर देखने को मिलता है कि अधिकतर लोग रात में 12-1 बजे सोते हैं। यह आदत आपकी स्लीप साइकल को बिगाड़ देती है, जिससे नींद पूरी न होने के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का खतरा हो सकता है। देर से सोने वाले लोगों में स्वाभाविक रूप से सुबह देर से उठने की भी आदत होती है, इस कारण से अक्सर ऐसे लोगों के लिए सुबह के समय व्यायाम कर पाना कठिन हो जाता है। हेल्थ प्रमोशन एंड क्रॉनिक डिजीज प्रिवेंशन जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकताओं ने पाया कि देर से सोने वाले लोगों में अन्य लोगों की तुलना में गतिहीन जीवनशैली की समस्याएं भी अधिक देखने को मिलती हैं, जिसका संपूर्ण सेहत पर बहुत नकारात्मक असर हो सकता है। आजकल नींद की कमी से परेशानियां बहुत आम हो गई हैं। खासकर युवाओं में डिप्रेशन अवसाद की बीमारियां डेरा जमा चुकी हैं। देश में युवाओं का एक बड़ा वर्ग अवसाद से ज्यादा परेशान है। जिन्हें इसकी समस्या होती है, ऐसे लोग अपनी तरह की दुनिया बना लेते हैं..। हमारे आसपास के लोग समझ नहीं पाते..। मेरा मानना है पहले आप अपनी जरूरतें पूरी करिए फि र आप जमाने के लिए सोचिए जब आपके अंदर ही एक कोलाहल है तो आप दुनिया के लिए क्या ही लड़ पाएंगे! मुझे सम्बन्धित व्यक्ति के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन इस उम्र में डिप्रेशन का कारण ज्यादातर भविष्य की चिंता ही होती है। सबसे पहले आप खुद को स्थायित्व दीजिए बाद में जमाने के लिए सोचिए। अभी कुछ दिनों पहले पढ़ा इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प ने डिप्रेशन की वजह से आत्महत्या कर ली। भला इंग्लैंड के इतने बड़े क्रिकेटर को ऐसी क्या समस्या थी कि उन्होंने खुद को ऐसे खत्म कर दिया?? जाहिर है अंदर एक कोलाहल रहा होगा जो उन्हें अपने साथ ले गया..। वैसे भी पैसे जरूरतों से ज्यादा मानसिक सुकून बहुत आवश्यक है।


मैंने बहुत सालों से अनुभव किया है, हमारे समाज में या दुनिया में जिस तरह की लाइफस्टाइल को लेकर आकर्षण है, मुझे लगता है कुछ सालों बाद आधी दुनिया अवसाद में होगी। आज हर तीसरा आदमी अपनी टेंशन में डूबा हुआ है। एक-दूसरे से आगे निकलने की जद्दोजहद, असीमित सामाजिक दबाव...अवसाद के कई कारण होते हैं, लेकिन नींद की कमी भी एक महत्त्वपूर्ण कारण है। अब आधी दुनिया रात में सोती नहीं है, जबकि बहुत आवश्यक हो तो हो देर रात जागना चाहिए। वैसे भी नींद का जीवन में अपना एक मह्त्त्व होता है, इसके दुष्प्रभाव जल्दी पहिचान में नहीं आते, बल्कि धीरे-धीरे नींद की कमी गम्भीर समस्या बन जाती है ; और आज आधी से ज्यादा युवाओं की आबादी इसकी गिरफ़्त में है। अब तो देर रात तक जगने का फैशन बन चुका है। रात में जागने के बाद जिम जाकर शरीर फुलाने से क्या हासिल होता है?? योग व्यायाम की जगह जिम करने की अंधी दौड़ भी युवाओ को परेशानी में डाल रही है। सेहत को लेकर ऐसी लापरवाही कई बीमारियों को जन्म देती हैं स्वस्थ रहने के लिए कम से कम 7-8 घंटे की नींद सोना चाहिए। इससे कम सोने वाले लोगों को मोटापा, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द आदि की समस्याओं से जूझना पड़ता है अगर आप भी ये गलती करते हैं, तो आपको बता दें कि आप अपनी सेहत के साथ कितना बड़ा खिलवाड़ कर रहे हैं। पर्याप्त नींद नहीं लेने से आयु कम होती है। दक्षिण कोरिया में 16 सालों तक किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग रात में ज्यादा देर जागना पसंद करते थे, उन्हें कम उम्र में ही अपनी जान से हाथ गंवाना पड़ा। जो लोग रात में ज्यादा देर तक जागते हैं, उन्हें मेमोरी लॉस, डिसीजन मेकिंग आदि में समस्या का सामना करना पड़ता है। देर से सोने वाले लोगों में मूड स्विंग भी देखे जा सकते हैं।

मैंने अब तक बहुत से चिकित्सकों से परामर्श लिया है, उन्होंने जिम जाने की बजाय योग, व्यायाम को सही बताया है। जबकि जिम जाने के अनेकों साइड इफेक्ट हैं। अतः सबसे पहले अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करते हुए रात में जल्दी सो जाएं रात सोने के लिए ही बनाई गई है, सुबह सूरज उगने से पहले उठ जाएं, सुबह योग, व्यायाम करने के बाद जल्दी नहाकर फ्रेश हो जाएं..उगते हुए सूरज को देखिए, सुबह चिड़ियों को देखिए, डिप्रेशन से आप पूर्णतः विजयी तो नहीं होंगे फि र भी आप आगे के लिए खुद को बेहतर कर पाएंगे। जब आपका मूड फ्रेश होगा तो आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं। जो अच्छा लगे वो कीजिए। समाने वाला जो करता है वही मुझे करना है इस धारणा से खुद को बचाकर रखिए..। अगर ये रात में अनावश्यक जागने का फैशन ट्रेंड में रहा तो देखिएगा दुनिया की आधी आबादी स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों से घिरी होगी। और यह समस्या बड़ी विकराल होगी...नींद की कमी से भी अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अपने घर परिवार आसपास लोगों को बताइए नींद का महत्त्व समझाएं, मैं ऐसे कितने लोगों को जानता हूँ जो रात में अनावश्यक जगते रहते थे, मेरे समझाने के बाद जल्दी सोने लगे हैं, योग, व्यायाम को तरजीह देने लगे हैं.। हालांकि कईयों के अवसाद का कारण आंतरिक समस्याएं भी हो सकती हैं, अतः आप चिकित्सकों का मार्गदर्शन लें, क्योंकि अवसाद को पूरी तरह से ठीक करने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता होती है.

# वर्कलोड़ : टेशन तो बिल्कुल नहीं लेने का



रजनीश कपूर



संजय दत्त की बहुचर्चित फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का एक डायलॉग काफी हिट हुआ था जिसमें वो हर किसी को न घबराने की सलाह देते हुए कहते थे 'टेंशन लेने का नहीं-देने का'। परंतु शायद उस फिल्म में दिए गए संदेश को कुछ लोग गंभीरता से नहीं ले सके। इसीलिए वे मामूली से तनाव को इतना बढ़ा लेते हैं जो कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो जाता है। इस फिल्म ने कठिन परिस्थितियों को गंभीरता से न लेने की सलाह दी परंतु आजकल के 'वर्क प्रेशर' और प्रतिस्पर्धा के चलते हर दूसरा व्यक्ति तनाव में दिखाई देता है।

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर पुणे की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करने वाली 26 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट ऐना सेबेस्टियन की मां की चिट्ठी काफी चर्चा में रही। भारत में इस कंपनी के अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में ऐना की मां ने उल्लेख किया कि किस तरह उनकी पुत्री पर कंपनी ने काम का दबाव बनाया हुआ था। मात्र चार महीने की नौकरी में दबाव इतना बढ़ गया कि इसने ऐना की जान ले ली। इस दबाव का स्पष्ट उदाहरण तब भी दिखा जब ऐना के अंतिम संस्कार में कंपनी में काम करने वाले सहकर्मी भी नहीं पहुंचे। जैसे ही ऐना की मां का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, वैसे ही इस कंपनी में काम कर चुके पूर्व कर्मचारियों ने अपने भयानक अनुभव भी साझा किए। जैसे ही मामले ने तूल पकड़ा वैसे ही कंपनी की ओर से 'वर्क प्रेशर' का खंडन किया गया। वैसे सरकार ने मामले में जांच बैठा दी है। ऐना की मृत्यु ने कॉरपोरेट जगत में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, 'वर्क प्रेशर' के बढ़ते हुए तनाव के कारण दुनिया भर से ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जहां प्रतिस्पर्धा की दौड़ में आगे रहने के चलते कई लोगों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। चीन में एक व्यक्ति ने लगातार 104 दिनों तक बिना किसी छुट्टी के काम किया और अंततः शरीर के कई अंगों की विफलता के कारण उसकी मौत हुई। वहां की अदालत ने उस व्यक्ति की कंपनी को उसकी मौत का 20 प्रतिशत तक जिम्मेदार ठहराया। वहीं अमेरिका के एक बैंक कर्मचारी की मृत्यु का कारण भी उसके काम का दबाव ही बना। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जहां कर्मचारियों से अधिक काम करवाने के चलते ऐसे हादसे हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में काम के दबाव- तनाव के चलते प्रति वर्ष करीब 7.50 लाख लोगों की मृत्यु होती है। ऐसा इसलिए होता है कि अधिक काम करने का सीधा प्रभाव आपकी सेहत पर पड़ता है। काम का तनाव लेने से मनुष्य में हृदय रोग, डायबिटीज और स्ट्रोक जैसी घातक बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं आज के सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में जब हम घंटों कंप्यूटर के सामने बैठ कर काम करते हैं, तो हमारे जोड़ों में जकड़न, कमर में दर्द, सरदर्द, आंखों में थकान, जैसे प्रारंभिक लक्षण भी दिखाई देते हैं। तनाव के चलते हमारे शरीर में ऐसे रसायन पैदा हो जाते हैं, जो रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल को भी बढ़ा देते हैं। इसलिए हम चिड़चिड़े भी हो जाते हैं। तनाव के चलते जब गाड़ी चलाकर हम अपने दफ्तर से घर या घर से दफ्तर जा रहे होते हैं, तो ऐसे में दुर्घटना होने की आशंका भी बढ़ जाती है। मोबाइल फोन और ईमेल के चलते हम हर समय अपने काम से जुड़े रहते हैं। इसलिए हमें काम से आराम नहीं मिल पाता। ऐसे तनाव का सीधा अनुभव आपको उस समय होता होगा जब आपके मोबाइल पर आपके बॉस का फोन बजता होगा। आप यदि अपने घर पर हों और परिवार के साथ समय बिता रहे हों, तभी आपके बॉस का फोन बजे तो आपके चेहरे पर अजीब से तनाव की झलक मिल जाती है। ऐसे में पारिवारिक सुख को भी झटका लगता है।

जानकारों के अनुसार, सप्ताह में 55 घंटे या उससे अधिक काम करने वालों में तनाव बढ़ने की संभावना अधिक होती है। तनाव अन्य बीमारियों को बढ़ावा देता है परंतु इसका मतलब यह नहीं है कि आपको सफल होने के लिए कम मेहनत करनी चाहिए। बिना मेहनत किसी को कामयाबी नहीं मिलती। इसलिए हमें परिश्रम और अतिश्रम के बीच एक को चुनना चाहिए। परिश्रम किया जाए तो एक सीमा तक ही किया जाए। आपको अपने शरीर की क्षमतानुसार ही काम करना चाहिए। समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए। नियमित रूप से तनाव-मुक्ति के कई साधन जैसे योग, ध्यान, भजन, मनोरंजन आदि का सहारा लेना चाहिए। अगर इम्प्लॉयर की बात करें तो उन्हें भी अपने लक्ष्य की पूर्ति के चलते कर्मचारियों पर दबाव बनाना पड़ता है परंतु यह दबाव भी एक सीमा तक ही दिया जाए। हमारे समाज को काम और आराम के बीच एक संतुलन बनाने की जरूरत है वरना ऐना सेबेस्टियन जैसे कई और होनहार कर्मचारियों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ेगा। आजकल के युवा भी जल्द कामयाबी पाने के चक्कर में काम और आराम में संतुलन नहीं बना रहे हैं। इसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसलिए हर युवा और वरिष्ठ कर्मचारी को 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' फिल्म से सीख लेते हुए 'टेंशन न लेने' की आदत डाल लेनी चाहिए।

## एक नजर

### वज्रपात से एक की मौत

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के गागीबुरु गांव निवासी अजय सिंह (25) की इलाज के दौरान एमजीएम अस्पताल में शुक्रवार की दोपहर करीब 3 बजे मौत हो गई। अस्पताल पहुंचे पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो को बताया कि वज्रपात की चपेट में आकर अजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था।अस्पताल में इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। बड़े भाई विद्याधर सिंह ने बताया कि वह स्नातक पास था और पढ़ाई के आलावा पार्ट टाइम के रूप में कृषि कार्य में मदद करता था। इस घटना से उसके पिता सदमे में हैं।वही पंचायत समिति प्रतिनिधि प्रबोध महतो ने भी घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से माचा अस्पताल 108 को बुलाकर भेजा गया। जिसके बाद एमजीएम रेफर किया गया।

### शार्ट सर्किट से घर में लगी आग,लाखों का नुकसान

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरुगढ़ पूर्वी फाटक स्थित केबिन के निकट शुक्रवार को बिजली शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। जिससे घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। पीड़िता चंदा देवी ने बताया कि पति श्याम सुंदर यादव के साथ सब्जी लाने के लिए शिव नारायणपुर पीरपैंती जिला भागलपुर गई हुई थी। इसी बीच बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट से घर मे आग लग गई। पड़ोसियों ने इसकी सूचना मोबाइल के द्वारा दी। जब घर पहुंची तो कागजात, गहना, कपड़े, नकद 30 हजार रुपये सहित सारा सामान जलकर राख हो गया था। पड़ोसियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। वही पीड़िता चंदा देवी ने विद्युत विभाग को आवेदन देकर मुआवजा की मांग की है।

### जबतक सूरज चांद रहेगा तबतक टेकलाल महतो का नाम रहेगा के नारों से गूंजा बहेरा पंचायत

**हजारीबाग :** बहेरा पंचायत सचिवालय में झारखण्ड आंदोलन के अग्रणी एवं जननायक योद्धा सह गिरिडीह के पूर्व सांसद सह मांडू के पूर्व विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो जी का 13वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, चुरचू पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो,पूर्व विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, राजेश शर्मा, सुजाता प्रसाद,निक्की हेंब्रम, लाल मुनी मरांडी सुमित्रा देवी, रीता देवी, मालती देवी, रजक आलम, विनोद कुमार केसरी, सुनीता देवी, रीमा देवी, मुकेश कुमार, किट्टू कुमार, ओम प्रकाश गिरी, सहित कई लोग इस कार्यक्रम में शामिल थे।

# लाल पानी व रोजगार को लेकर टाटा स्टील के खिलाफ होगा आंदोलन : मंगल सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंका ने सारंडा जंगल स्थित उसरुईया, मारंगपोंगा, सोनापी, छोटानागरा, तितलीघाट आदि का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने छोटानागरा पूजा पंडाल के पास ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि एक तरफ टाटा स्टील की विजय-टू खदान प्रबंधन खदान का लाल पानी व मिट्टी सारंडा की कोयना नदी में छोड़ तमाम नदी-नालों को पूरी तरह से प्रदूषित कर रही है। इसका लाल पानी पीकर ग्रामीण बीमार हो रहे हैं। वह प्रभावित गांवों के बेरोजगारों को अपने खदान में रोजगार तक नहीं दे रही है। लाल पानी व रोजगार को लेकर सारंडा के ग्रामीणों के साथ जल्द ही टाटा स्टील के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ उत्पादन व माल ढुलाई कार्य ठप करेंगे। उन्होंने कहा कि सारंडा का सबसे महत्वपूर्ण उसरुईया पुल जो दर्जनों गांवों को थाना, पंचायत, प्रखंड मुख्यालय आदि से जोड़ती है, उसका निर्माण आज तक नहीं हुआ है। यह अत्यंत ही दुर्भाग्य की बात है। उसरुईया पुल का निर्माण भाजपा के एक बड़े नेता सह ठेकेदार जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता कर रहे हैं। ठेकेदार ने पुल निर्माण में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दिया था, लेकिन आज तक पुल का निर्माण नहीं कराया. पुल निर्माण में कार्य करने वाले ग्रामीण मजदूरों को आज तक मजदूरी नहीं दी और फरार हो गया। तत्कालीन सांसद गीता कोड़ा ने तब यहां आकर भ्रष्टाचार को देख काम बंद करवाया था और जांच करा कर दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही थी। तब वह सांसद थी और सरकार में भी थी। आज तक उन्होंने कुछ नहीं किया। पिछले दिनों ही यहां नदी पार करने के दौरान सीआरपीएफ व ग्रामीणों के वाहन पानी के तेज बहाव में बह गया था। बहुत मुश्किल से वाहन को निकाला गया। सभी गांवों में पेयजल की समस्या बोबोंगा ने कहा कि छोटानागरा व दीघा पंचायत के तमाम गांवों में पेयजल की विकट समस्या है. ग्रामीण लाल पानी आज भी पी रहे हैं। सभी गांवों का सोलर जलमीनार, चापाकल आदि खराब है। बाईहातु जलापूर्ति योजना से नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं होती है। तमाम सोलर जलमीनार, चापाकल व आसन्न जलापूर्ति योजना में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि सरकार व प्रशासन किस काम के हैं जब ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा भी नहीं मिल रही है। जनता अपना जनप्रतिनिधि इसीलिये चुनती है कि वह उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कराये। छोटानागरा अस्पताल में नहीं हैं चिकित्सक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि सारंडा स्थित छोटानागरा में एकमात्र सरकारी अस्पताल है, जहां चिकित्सक नियुक्त नहीं हैं।

## हिंदू धर्म रक्षा मंच ने सीएम को आरएसएस की शाखा में आने का दिया आमंत्रण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा आरएसएस पर दिए गए टिप्पणी पर हिंदू धर्म रक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने बयान जारी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में आने का आमंत्रित करता हूं एक बार संघ की शाखा में आए और आरएसएस के विषय में जानकारी प्राप्त करें। राष्ट्र स्वयंसेवक संघ के विषय पर बोलने से पहले अवश्य संघ के कार्यकताओं को अवलोकन करते हुए कुछ कहना चाहिए। आरएसएस आदिवासी समाज के बीच में कार्य करती है यह बात सही है यह मैं स्वीकार करता हूं कि हम जैसे कार्यकर्ता एवं अन्य संगठन आदिवासी समाज के बीच में कार्य करते हैं आदिवासी समाज की जो संस्कृति सभ्यता एवं उनके अस्तित्व की रक्षा के लिए कार्य करते हैं और आदिवासी समाज में हम जैसे कार्यकताओं को जाना होता है मैं स्विकार करता हूं। हम जैसे स्वयं सेवक समाज में जा कर ना कि आदिवासी समाज के बीच में पश्चिमी सभ्यता चुम्मा (चुंबन) प्रतियोगिता जैसा कार्यक्रम नहीं करते हैं जो कि आपके कार्यकर्ता आपके पार्टी के लोग ऐसे पश्चिमी सभ्यता वाले जैसा कार्यक्रम का आयोजन करता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आप जिस स्थान वीर शहीद सिद्धू कान्हु जन्म स्थली भोगनाडीह बरहेट से अपने बयान जारी किया उसे वीर शहीद सिद्धू कान्हु के जन्म स्थली भोगनाडीह बरहेट में विगत वर्ष वीर शहीदों की मूर्ति तोड़ा गया उनके वंशजों के साथ मारपीट एवं अत्याचार किया जाता है।

## आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की हुई आम सभा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत तालझारी प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को तालझारी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लि० कि वार्षिक आम सभा हुई। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलाश जेएसएलपीएस प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सरफराज नवाज, बीपीओ गौरव सिद्धार्थ, समुदायिक समन्वयक शाहनवाज अंसारी, प्रखंड वित्त पदाधिकारी विभाकांत झा, जिला कार्यक्रम प्रबंधन, जिला वित्त प्रबंधक, जिला प्रबंधक बीएपी नशिफा खातून, तालझारी पंचायत के मुखिया दुर्गा किस्कू के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सीएलएफ का उद्घाटन किया गया। साथ ही बताया कि इस संकुल में कुल 3 पंचायत के कुल 44 राजस्व ग्राम में कुल 304 सखी मंडल में 3389 महिलाएं जुड़ी हुई है। सरकार द्वारा आजीविका बढ़ाने के लिए उद्देश्य से संकुल संगठन द्वारा विभिन्न मद में कम ब्याज में ऋण जैसे समुदायिक निवेश निधि, चक्रीय निधि, कैश क्रेडिट लिंकेज मुहैया करा कर ग्रामीण क्षेत्र में आजीविका के साथ साथ स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही कहा कि इस वार्षिक आम सभा में वित्तीय वर्ष 2023- 24 के आय व्यय को प्रस्तुत किया गया। जिसमें सीएलएफ को कुल वार्षिक लाभ 180742 रुपया हुआ। कहा संकुल में सामुदायिक स्तर पर कुल लगभग 46 महिला कैडर कार्य कर आजीविका संवर्धन कर स्वयं एवं ग्रामीण क्षेत्र की एसएचजी से जुड़ी महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। साथ ही कहा कि सभी मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीता आजीविका सखी मंडल और बिशनपुर आजीविका ग्राम संगठन को पुरस्कृत किया गया। साथ ही कहा कि महिलाओं की आजीविका और उनकी सामुदायिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से जिस तरह से आप सभी ने सहकारी समिति के माध्यम से कदम उठाए हैं, वह सराहनीय है। स्वावलंबन की दिशा में यह समिति एक मिसाल कायम कर रही है।

## घर पर गिरा पेड़, बाल- बाल बचा घर में सो रहा युवक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा पंचायत अंतर्गत बसाईर टोली गांव में शुक्रवार की अहले सुबह लगभग 6 बजे विशाल काय पेड़ के गिर जाने से गरीब किसान का घर ध्वस्त हो गया। इन दिनों लगातार हो रही बारिश में बसाईर टोली गांव निवासी अर्जुन रौतिया के घर में विशाल इमली का पेड़ गिर जाने से घर का आधा हिस्सा ध्वस्त हो गया वहीं घर के अंदर घरेलू उपयोग के सामान भी छतिग्रस्त हो गए। इस घटना में अर्जुन रौतिया के भाई अजय रौतिया को हल्की चोट आई है। जिस कमरे में अजय रौतिया सोया था वह कमरा पूरी तरह से गिर गया जिसमें अजय रौतिया मलबे में फस गया जिसे मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मलबा हटाकर बाहर निकाला। घर गिरने की आवाज से गांव में अफरा तफरी मच गई थी। अर्जुन रौतिया ने बताया कि रात से ही तेज बारिश हो रही थी सुबह हम लोग घर पर ही थे तभी घर के बगल में स्थित इमली के पेड़ की टूटने की आवाज सुनाई दी जिसके बाद हम लोग तुरंत घर से बाहर निकल आए फिर देखते ही देखते इमली का पेड़ घर के ऊपर गिर गया। इस दौरान अजय घर में ही सोया हुआ था।

घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज पीड़ित परिवार के घर पहुंच उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान पीड़ित परिवार ने मुखिया से उचित मुआवजा दिलवाले की मांग की तो उन्होंने कहा कि हर सम्भव मदद किया जाएगा।

## एआई कर्मचारी संघ की मांगों पर कृषि मंत्री ने लगायी मुहर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** झारखंड पशुपालन विभागीय एआई कर्मचारी संघ का हड़ताल विगत 20 अगस्त से चल रहा था। जिसका 26 सितंबर को कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह के साथ संघ की वार्ता के बाद उनकी मांगों पर मुहर लगाने के बाद समाप्त कर दिया गया। कृषि मंत्री के निर्देश पर विभागीय सचिव के द्वारा कई मांगो पर एग्रीमेंट किया गया।जानकारी देते हुए झापवि कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष किशोर तिवारी ने बताया कि झारखंड सरकार की कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह के साथ संघ के कई पदाधिकारियों की एकदिवसीय हुई वार्ता के बाद संघ के द्वारा सौपे गए मांगो में से चार मांगो पर मुहर लगाया गया।जिसमे नियमावली के आधार पर भविष्य में होने वाले पशुधन सहायक और कर्मचारियों के विभागीय बहाली पर अनुभव और योग्यता के आधार वरीयता सूची बनाने का लिखित आश्वासन दिया। 15 सौ मानदेय को बढ़ाकर छह हजार किया गया।बकाया राशि को एक सप्ताह के अंदर भुगतान करने का निर्देश जिला को दिया गया। रांची वार्ता से जमशेदपुर लौटने पर प्रदेश उपाध्यक्ष किशोर कुमार तिवारी का जिला कमिटी के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में जिला कमिटी के सुभाशीष दास, संजीत साव, पंचानन, सन्नी, अनंत, मुकेश, तिरुपति, मोतीलाल, संजय, अभिजीत, शिवशंकर, उज्जवल, सृष्टिधर, आशीष, अजय, लंबोदर आदि उपस्थित थे।

# मोदीडीह गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मोदीडीह गांव में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाने और ग्रामीण समुदाय की भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से हिंडालको ने एक महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमे सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्षक एवं हिंडालको के चिकित्षक के टीम के द्वारा जांच किया गया। यह शिविर गांव के सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया गया था और इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन सिल्ली प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणुबाला अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का मुखिया लालूराम उरांव, डा अनुराधा, डॉ विवेक एवं एच आर हेड अरुण कुमार राय आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाएं प्रदान की। शिविर के दौरान निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध कराई गई सामान्य स्वास्थ्य जांच नेत्र परीक्षण,महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाएं, निशुल्क दवाइयों का वितरण, स्वास्थ्य शिक्षा और परामर्श, टी बी रोक थाम के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन, फाइलेरिया रोक थाम के लिए जागरूकता शिविर। इस अवसर पर कंपनी के एच आर हेड अरुण राय ने कहा की ₹हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करना है। इस शिविर के माध्यम से हम मोदीडीह, कंटाडीह, कलुआडीह गांव के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में सफल हुए हैं। गांव के मुखिया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हमारे गांव के लिए बहुत ही लाभदायक साबित हुआ है। हम हिंडालको सीएसआर के आभारी हैं जिन्होंने हमारी स्वास्थ्य आवश्यकताओं को समझते हुए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस शिविर से लगभग 435 ग्रामीणों ने लाभ उठाया और उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए महत्वपूर्ण जानकारी और उपचार प्राप्त किया। हिंडालको भविष्य में भी इस प्रकार की सीएसआर पहलों के माध्यम से समाज की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखेगी। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के (सीएसआर) हेड अनिल सिंह ने सिल्ली सीएचसी के चिकित्सको को इस सहयोग के लिए विशेष आभार जताया। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के अधिकारी सहायक महाप्रबंधक अविषेक प्रताप सिंह, नितीश, भारत सिंह, सुनील सिंह, एवं हिंडालको अस्पताल के कर्मचारी तथा सिल्ली स्वास्थ्य केंद्र के सुरेंद्र नाथ महतो, रंजीत कुमार, डा अनुराधा डा विवेक खुसबू पूनम, मीरा, सबाना, मानष कुमार, छोटेलाल, दीपक कुमार, ब्रज किशोर महतो तथा मोदीडीह, कटाडीह, कलुआडीह गांव के सैकड़ो ग्रामीण आदि उपस्थित थे।


## संक्षिप्त खबरें

### महाविद्यालय से एड्स जागरूकता अभियान रैली निकाली गयी



**साहिबगंज :** शुक्रवार को एचआईवी/एड्स से बचाव एवं नियंत्रण हेतु युवाओं एवं आम जनों को जागरूक करने के लिए इंटेन्शिफाइड आईईसी केम्पेनिंग अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया है। जिसमे रैली को सिविल सर्जन डॉक्ट प्रवीण कुमार संथालिया, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्ट सुरेन्द्र कुमार मिश्रा एवं साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज के प्राचार्य के द्वारा पूर्वांहन 9 बजे संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज से रवाना किया गया। यह रैली साहिबगंज महाविद्यालय से प्रारंभ होकर ग्रीन होटल, रेलवे स्टेशन चौक, पटेल चौक होते हुए गांधी चौक में समाप्त किया गया। रैली के माध्यम से पुरे शहर वासियो को एचआईवी/एड्स के बारे में जानकारी दिए और इससे बचाव के लिए भी कई महत्वपूर्ण उपाय बताये। वहीं मौके पर सभी चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं महाविद्यालय के सभी छात्र/छात्रा मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जनता दरबार लगाकर आम जनों की सुनी समस्याएं



**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी –सह –उपायुक्त हेमंत सती ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता की समस्याओं से अवगत हुए।जिले के दूरदराज के गांव से 25 से अधिक लोगों ने आकर अपनी–अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन के माध्यम से उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्या को रखी। इस दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न प्रखण्डों से आए लोगों के शिकायतों को बारी–बारी से सुना। आवेदन विशेष कर जमीन विवाद, जाति प्रमाण पत्र,अबुआ आवास, राशनकार्ड से संबंधित थी। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को शिकायतों के निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने कहा की जिला प्रशासन जनता दरबार के माध्यम से दूरदराज के इलाकों से आए हुए ऐसे लोग जिन्हें सरकारी योजना से संबंधित किसी प्रकार की समस्या आ रही है, या वह किसी सरकारी लाभ से वंचित रहे हैं उनके समस्याओं के निष्पादन के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर है। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया।

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया



**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत राजमहल प्रखंड में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को नगर पंचायत के बैगडुब्बी स्थित अनु प्रोजेक्ट लिमिटेड के एसटीपी( सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिंहा उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसटीपी के कर्मियों द्वारा पूरे परिसर के साफ सफाई की गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान अनु प्रोजेक्ट लिमिटेड के साइड मैनेजर राजेश कुमार मिश्रा ने सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट किस प्रकार संचालित होता है इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को बारीकी से बताया। स्वच्छता अभियान एवं निरीक्षण के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित सभी ने स्वच्छता शपथ लिया। इस अवसर पर प्रखंड कर्मी अभिजीत कुमार सहित मो बरकत, अनु प्रोजेक्ट के प्लांट मैनेजर मृत्युंजय कुमार, देवदुलाल मांझी, रोहित कुमार, मुन्ना यादव, सपन साहा,अनुज यादव आदि उपस्थित थे।

### झामुमो कार्यालय का कल्पना सोरेन ने फीता काटकर किया उद्घाटन




**पटमदा :** पटमदा के बेलटांड चौक स्थित झामुमो कार्यालय का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन ने मंत्री दीपिका पांडे सिंह,मंत्री बेबी देवी और विधायक मंगल कालिंदी की उपस्थिति में फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा हमारी सरकार के काम से विपक्ष में भय का माहौल बना हुआ है।इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू,झामुमो नेता सुभाष कर्मकार,मिलन दास,प्रखंड अध्यक्ष अश्वनी महतो,विश्वामित्र दास,विकास रजक,मानिक महतो सहित कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### क्लेम सेटलमेंट रेश्यो के साथ आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ सबसे आगे

**हजारीबाग :** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए 99 .35प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो हासिल किया है, जो देश की सभी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में सबसे अधिक है। ध्यान देने योग्य बात है कि कंपनी के पास क्लेम सेटल करने लिए केवल 1.2 दिन का औसत समय था। साथ ही, इस अवधि के दौरान डेथ क्लेम्स के लिए कंपनी कुल 381.24 करोड़ रुपए का भुगतान करने में सफल रही। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस में कस्टमर सर्विस के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अमीश बैंकर, ने कहा, कमाने वाले सदस्य की मृत्यु की स्थिति में, लाइफ इंश्योरेंस परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए हम हर क्लेम को सावधानी और तेजी से संभालते हैं। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में, हमारा व्यक्तिगत डेथ क्लेम सेटलमेंट रेश्यो 99 .35प्रतिशत था, और बिना जाँच वाले डेथ क्लेम्स को सेटल करने में हमें केवल 1.2 दिन का औसत समय लगा। हमारा मानना है कि हमारा क्लेम सेटलमेंट रेश्यो इंडस्ट्री में सबसे अच्छा है। इस अवधि के दौरान, हमने 381.24 करोड़ रुपए के क्लेम्स सेटल किए।

# शेखपुरा में बाढ़ का पानी घटने लगा, पर बाढ़ पीड़ितों को नहीं मिली पूरी राहत











**शेखपुरा ।** घाटकुसुम्भा प्रखंड में आई बाढ़ से प्रभावित गांवों में प्रशासन द्वारा राहत कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन बाढ़ पीड़ितों को अभी भी पूरी राहत नहीं मिल सकी है। गंगा नदी के उफान से हरोहर नदी में आई बाढ़ ने प्रखंड के दर्जनों गांवों को प्रभावित किया है, जहां करीब 150 से अधिक घरों में अब भी पानी भरा हुआ है।

प्रशासन का राहत कार्य जारी, लेकिन अपर्याप्त

हालांकि प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों के लिए पॉलिथीन शीट का वितरण किया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग नावों के माध्यम से मेडिकल कैंप लगाकर प्रभावित लोगों की स्वास्थ्य जांच और दवाओं का वितरण कर रहा है, लेकिन स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। प्रशासन द्वारा 500 परिवारों को पॉलिथीन शीट और बाढ़ प्रभावित पशुओं के लिए 3,447 किलो भूसा वितरित किया जा चुका है।

स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता

स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 2,356 पैकेट ओआरएस, 181 क्लोरीन टैबलेट का वितरण किया है और 1,178 लोगों का इलाज किया गया है। 26 किलो ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया गया है। प्रभावित इलाकों में एसडीआरएफ की टीमें भी गश्त कर रही हैं और जल संसाधन विभाग नदी के जलस्तर पर नजर बनाए हुए है।

बाढ़ से फसलों को भारी नुकसान

घाटकुसुम्भा प्रखंड में 1,400 हेक्टेयर से अधिक धान, मक्का और अरहर की फसलें पानी में डूबकर बर्बाद हो चुकी हैं। कृषि विभाग के अनुसार, प्रखंड में कुल 3,352 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल लगाई गई थी, जिसमें से 1,400 हेक्टेयर की फसल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। यह आंकड़ा सर्वे के बाद और भी बढ़ सकता है। वहीं, प्रशासन द्वारा प्रखंड में चार शरणस्थल बनाए गए हैं, लेकिन वर्तमान में वहां कोई बाढ़ पीड़ित नहीं रह रहा है। डीएम आरिफ अहसन ने हाल ही में क्षेत्र का दौरा किया और प्रभावित परिवारों के लिए सामुदायिक किचन, नाव और राहत सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बाढ़ का पानी धीरे-धीरे घट रहा, लेकिन तबाही जारी

हालांकि बाढ़ के पानी के स्तर में मामूली कमी देखी जा रही है, लेकिन हरोहर नदी का पानी अभी भी कई इलाकों में तबाही मचा रहा है। खासकर जिन लोगों ने अपने घर छोड़कर अन्यत्र शरण ली है, उनकी परेशानियां कम नहीं हो रही हैं।

# सांसद पप्पू यादव जेई पर भड़के, किया अभद्र भाषा का प्रयोग; सीएम को कहा- इन इलाकों का भी कीजिए दौरा



**पूर्णियो।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव किसी न किसी बात को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। कभी गरीबों के बीच पैसा बांटते हुए तो कभी अधिकारियों को धमकाते हुए। गुरुवार को सोशल मीडिया पर पूर्णिया सांसद पप्पू यादव का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह बिजली विभाग के एक जेई के साथ मोबाइल पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते दिख रहे हैं। वायरल वीडियो में सांसद पप्पू यादव ने जई को फोन करते हुए कहा कि आप फोन क्यों नहीं उठाते हो?, चार दिन से बिजली (लाइन) क्यों नहीं है? आपको अभी कॉल किये तो आपने बिजली चालू किया है। लाइन अभी चालू हुआ है, चार दिन से ......... हुए थे।

इंसान और जानवर दोनों के भोजन की भारी दिक्कत

सांसद पप्पू यादव ने अपने संसदीय क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करते हुए लोगों से हालात का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कटिहार जिले के कुसेर्ला प्रखंड में बाघमारा महेशपुर, कुसेर्ला बस्ती, बलथि महेशपुर जैसे कई गांवों में नाव से जाकर लोगों से मुलाकात की और उनका हाल जाना। इस संबंध में सांसद पप्पू यादव ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की हालत बहुत खराब है। लोगों को खाना नहीं मिल रहा है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति मवेशियों की है जिन्हें चारा नहीं मिल पा रहा है।

स्वास्थ्य सेवाएं भी ठीक से नहीं मिल पा रही हैं।

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें कटिहार आने से पहले मुंगेर, लखीसराय, भागलपुर, कटिहार के मनिहारी, बरारी, कुसेर्ला और पूर्णिया के बायसी जैसे बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा करना चाहिए था। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि बाढ़ प्रभावित इलाकों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया जाए और तुरंत कम्युनिटी किचन शुरू किए जाएं ताकि लोगों को खाना मिल सके।

पप्पू यादव ने कहा कि लोगों को राहत देने की जरूरत है। इन इलाकों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर कम्युनिटी किचन, स्वास्थ्य सुविधा, मवेशी के लिए चारा उपलब्ध कराना चाहिए जो कही भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी जाने वाली सहायता राशि अधिकारी और नेता ही हड़प लेते हैं। इन पैसों पर पहला हक इन बाढ़ पीड़ितों का है लेकिन यहां अधिकारी, मंत्री और संत्री पीड़ित का पैसा खा लेते है।

# बिहार में जाति पर सियासत तेज, लालू ने पूछा-ऊ मुसहर हैं क्या? मांझी बोले- हमें अपनी जाति पर गर्व





**पटना।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव को गड़ेरिया जाति का बताया था। इस पर पलटवार करते हुए लालू ने बृहस्पतिवार को अपने ही अंदाज में सवाल उठाया-ऊ मुसहर हैं क्या? इस पर मांझी ने भी जवाब देने में देरी नहीं लगाई। उन्होंने कहा कि वह मुसहर हैं और उन्हें अपनी जाति पर गर्व है।

जाति को लेकर यह सारा विवाद नवादा जिले में दलितों के घर जलाए जाने के बाद शुरू हुआ था, जिसमें दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों की जाति और डिग्री तक को लेकर वार-पलटवार किए जाते रहे। राज्य में चुनाव में अभी कुछ समय बाकी है, लेकिन जाति की राजनीति को धार देने की कोशिशें तेज हो गई हैं। उधर, मांझी ने सोशल मीडिया पर लिखा, हम मुसहर-भुईयां हैं, हमारे पिता मुसहर-भुईयां थे, हमारे दादा मुसहर-भुईयां थे, हमारे परदादा मुसहर-भुईयां थे।

और हम तो गर्व से कहतें हैं कि हम मुसहर, भुईयां हैं। मांझी का बयान उनकी उस रणनीति को दशार्ता है, जिसके तहत वह महादलित और अन्य पिछड़ी जातियों के मतदाताओं को साधने का प्रयास कर रहे हैं। मांझी और लालू की यह बयानबाजी आगामी चुनावों के जातिगत ध्रुवीकरण की बुनियाद रखने वाली है।

मांझी की रणनीति स्पष्ट रूप से महादलितों और पिछड़ी जातियों के मतदाताओं को अपने पक्ष में करना है, जबकि लालू यादव अपने पुराने वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। लालू के इस बयान से यह भी स्पष्ट होता है कि वह अपने वोट बैंक को लेकर चिंतित हैं और किसी भी चुनौती को गंभीरता से ले रहे हैं।

# बिहारी छात्रों को धमकाने वाला आरोपी बंगाल में धराया

**बिहार ।** सिलीगुड़ी परीक्षा देने गए युवकों को धमकाने वाले आरोपी को बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आरोपी रजत भट्टाचार्य है जो बांग्ला पक्खो नामक कट्टरपंथी संगठन का एक सदस्य है।

दरअसल बिहार के कुछ छात्र एसएसबी की परीक्षा देने सिलीगुड़ी गए थे। परीक्षार्थी एक ही कमरे में थे तभी बांग्ला पक्खो नाम के कट्टरपंथी संगठन के लोग वहां पहुंचे और छात्रों को धमकाने लगे। आरोपियों ने छात्रों से कहा कि, 'बिहार का होकर तुमलोग बंगाल में नौकरी करने क्यों आये हो? इस दौरान उनलोगों के साथ मारपीट करने की भी कोशिश की गई। इस घटना के दौरान उनमें से एक ने उस घटना का वीडियो बना लिया और फिर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने जमकर इस पर प्रतिक्रिया जाहिर की। लोगों ने बंगाल सरकार को जमकर कोसा। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भी खूब किरकिरी हुई। वीडियो वायरल होने पर बिहार पुलिस ने बंगाल पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की वीडियो वायरल होने के बाद बिहार पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए बंगाल पुलिस के सोशल मीडिया पर टैग कर आवश्यक कार्रवाई करने की पहल की। इसके बाद पश्चिम बंगाल की सिलीगुड़ी पुलिस हरकत में आई और आरोपी की



पहचान करते हुए आरोपी रजत भट्टाचार्य को कुछ ही घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

पूर्व विधायक ने दी चेतावनी

वीडियो वायरल होने के बाद ठाकुरगंज के पूर्व विधायक गोपाल कुमार अग्रवाल ने प्रतिक्रिया देते हुए पश्चिम बंगाल की ममता सरकार की कड़ी निन्दा की और आरोपी पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने बिहार के इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। साथ ही बंगाल सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे बिहार में बहुत बड़े पैमाने पर बंगाल और अन्य राज्यो के लोग शिक्षा, रेल व अन्य क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। इस वीडियो को देखते हुए कहीं ये लोग शुरू हो गये, तब तब क्या होगा। उन्होंने बंगाल सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे गलत लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर देश को एक अच्छा संदेश दे, ताकि बिहार या अन्य राज्य में बंगाल के लोग शांति से कार्य कर सकें।

# आरोपी ने यात्रियों को परेशान किया फिर ट्रेन पर फेंकने लगा पत्थर

**समस्तीपुर ।** जयनगर-नई दिल्ली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस समस्तीपुर में पथराव हो गया। इससे पैंट्री कार, अउ कोच बी 1 और ए 1 के कई शीशे टूट गए। इस घटना को किसी और ने नहीं बल्कि एक पागल शख्स ने दी है। पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) के अधिकारियों ने कहा कि जयनगर से नई दिल्ली जा रही 12561 स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर समस्तीपुर स्टेशन से ट्रेन खुलते ही गुरुवार रात एक युवक ने ताबड़तोड़ पत्थर मारा। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ, लेकिन इससे पैंट्री कार समेत तीन डिब्बों की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए।

इधर, आरपीएफ इंस्पेक्टर ने कहा पागल व्यक्ति की करतूत है। वह अचानक चलती ट्रेन पर पथराव करने लगा। पत्थर लगते ही सतर्क लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी और कुछ देर बाद रेलवे सुरक्षा बल






(आरपीएफ) के जवान भी मौके पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए। कुछ देर बाद ट्रेन मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हो गई। मुजफ्फरपुर स्टेशन पर ट्रेन के क्षतिग्रस्त शीशे को ठीक किया गया फिर ट्रेन को दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

यात्रियों ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर एक पर एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति कई यात्रियों को तंग तबाह कर रहा था। जिसके बाद वैंडरों के द्वारा उसे मारपीट कर प्लेटफार्म से भगा दिया गया। बाद में वह विक्षिप्त व्यक्ति रेलवे लाइन के किनारे खड़ा था जैसे ही स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस समस्तीपुर जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक से खुली और रेलवे यार्ड में काली मंदिर के पास पहुंची कि उक्त विक्षिप्त व्यक्ति ने ताबड़तोड़ ट्रेन पर पत्थर मारना शुरू कर दिया। हालांकि, पत्थरबाजी इस घटना के बाद वह रेलवे यार्ड में ही थानेश्वर ब्रिज की ओर फरार हो गया।

# रोड में गिरा कर मारते दिखे लोग; गाली देने से शुरू हुआ था विवाद

**नवादा ।** पुलिस के साथ मारपीट हुई है। घटना नारदीगंज प्रखंड के कहुआरा गांव के पास की है। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें डायल 112 की टीम की गाड़ी है। सड़क पर तीन पुलिस वाले और 4-5 लोगों में कुछ बहस होती है।

इसके बाद लोग पुलिस के ड्राइवर को पीटने लगते हैं। दरोगा और एक महिला पुलिस कर्मी उन्हें बचाने की कोशिश करते हैं। इस दौरान लोग पुलिस वालों को भद्दी-भद्दी गालियां देते भी सुना जा सकता है। बाद में 4-5 लोग दरोगा से भी उलझ जाते हैं। 2 लोग उन्हें भी मारने लगते हैं।

पुलिस वालों को पहले खेत में लोग डंडे, लाते-घूंसे से मारते दिखाई देते हैं। फिर रोड पर लेटा कर डंडे से मारते हैं। इस दौरान पुलिस कर्मी किसी तरह खुद को बचाते हुए गाड़ी में बैठता है। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर हो रहा है।

वायरल वीडियो की पुष्टि करते हुए नारदीगंज थाना प्रभारी गिरीश प्रसाद ने कहा कि मारपीट की घटना सोमवार को हुई थी। दरअसल डायल 112 की पुलिस टीम पर कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया। उनकी पहचान कर ली गई है। मामले में 2 लोगों को नामजद अभियुक्त और अन्य





लोगों को अज्ञात बताते हुए आरोपित बनाया गया है।

बताया जाता है कि डायल 112 की पुलिस गाड़ी जा रही थी। इस बीच कुछ लोगों ने पुलिस को गाली दी। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने गाड़ी रोक कर बदमाशों से पूछा। इसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस ड्राइवर को एक युवक ने थप्पड़ मार दिया। इस दौरान दोनों तरफ से मारपीट शुरू हो गई। सभी लोग एक साथ मिलकर पुलिस टीम पर टूट गए और लाठी से मारना शुरू कर दिया। वीडियो में पुलिस टीम के ड्राइवर शक्ति कुमार के साथ पहले मारपीट की गई और फिर डायल 112 के ही पीटीसी दारोगा सत्यानंद कुमार के साथ मारपीट की गई। वहीं महिला पुलिस कर्मी ममता कुमारी के साथ भी मारपीट की गई।

15 अगस्त 2023 को समस्तीपुर में बदमाशों ने एक दरोगा को गोलियों से भून डाला। फिर 20 दिसंबर 2023 को बेगूसराय में शराब तस्करों ने एक दरोगा को कार से कुचलकर मार डाला। घटना के 3 दिन बाद बदमाशों ने राजधानी पटना में एक दरोगा पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जमुई में एक दरोगा को ट्रैक्टर से कुचलकर मार डाला गया। एक-दो नहीं 365 दिन में 100 बार बिहार पुलिस को मुंह की खानी पड़ी। अफसर सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने में लगे रहे और ग्राउंड पर पुलिस अपनी इज्जत बचाती रही। बिहार पुलिस 3 साल से हर तीसरे दिन पिटी है। बिहार पुलिस के आंकड़े यही कह रहे हैं। साल 2023 में बिहार पुलिस को 100 से अधिक बार पुलिस पर हमले हुए। इस साल बदमाशों ने पुलिस को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। दिन दहाड़े दरोगा और सिपाही को गोलियों से छलनी कर दिया गया। बिहार पुलिस 2023 के आंकड़ों पर पर्दा डाल रही है, क्योंकि इस साल पूरे देश में सबसे अधिक बिहार पुलिस पिटी है। साल 2020 और 2021 में 340 बार बिहार पुलिस को बदमाशों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा है। वहीं साल 2022 में 450 बार बिहार पुलिस की पिटाई हुई। साल 2023 को लेकर पुलिस के अफसरों की चुप्पी बनी है, जबकि घटनाएं बताती हैं कि इस साल पुलिस के लिए अच्छा नहीं रहा। इस साल 100 से अधिक बार बिहार पुलिस की पिटाई हुई है। अररिया में जमीन से अवैध कब्जा हटाने गई पुलिस टीम पर तीर और लाठी से हमला हुआ है। इसमें जोकीहाट थाने के 2 पुलिस वाले घायल हुए हैं। सब इंस्पेक्टर नुसरत जहां की आंख के पास तीर लगा है। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार नट को भी चोट आई है। दोनों को इलाज के लिए पूर्णिया भेज गया है। घटनास्थल पर फिलहाल पुलिस की टीम कैंप कर रही है। ये हमला महलगांव थाना क्षेत्र के बागनगर पंचायत के पोखरिया गांव में हुआ है। यहां करीब अठारह एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद था। पुलिस इसी मामले में कार्रवाई करने गई थी।

# गोपालगंज में नौ साल के बच्चे का अपहरण



**गोपालगंज ।** जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र के मजिरवा कला गांव में गुरुवार की शाम को दरवाजे पर खेल रहे 10 वर्षीय बच्चे को बाइक सवार अपराधी ने अगवा कर लिया। बाइक सवार बदमाश बच्चे को अगवा कर भोरे के तरफ फरार हो गया। अपहत बच्चा जिले के हथुआ थाना क्षेत्र के समइल गांव निवासी कुंदन सिंह का पुत्र अनीश कुमार बताया जाता है, जो अपनी मां जीवन ज्योति देवी के साथ मामा के गांव मजिरवा कला में रहकर पढ़ाई करता था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं, सूचना पाकर पहुंची फुलवरिया थाने की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और बच्चा की सकुशल बरामदगी का भरोसा परिजनों को दिलाते हुए छानबीन में जुट गयी है।

पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा

पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज भी हाथ लगा है, जिसमें अपहर्ता बच्चा को बाइक पर आगे बैठाकर लेकर जाते हुए दिख रहा है। बच्चे को अगवा करनेवाला अपहर्ता पीले रंग की फुल शर्ट पहना हुआ है और सिर में हेलमेट लगा हुआ है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से अपहर्ता की तस्वीर को जारी करते हुए लोगों से इसके देखे जाने पर सूचना देने की अपील की है। वहीं इस मामले में फुलवरिया थानाध्यक्ष कैप्टन शाहनवाज तथा अपर थानाध्यक्ष विक्रम कुमार पुलिस बल के साथ बच्चे की बरामदगी के लिए कई ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी भी कर रहे हैं। हालांकि शुक्रवार की सुबह तक बच्चे के बारे में पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है।

पिता विदेश में नौकरी करते हैं

परिजनों के अनुसार, अगवा बच्चा हथुआ थाना क्षेत्र समइल गांव निवासी कुंदन सिंह का 10 वर्षीय पुत्र अनीश कुमार है। अनीश के पिता विदेश में नौकरी करते हैं। वह अपनी मां के साथ मामा के गांव मजीरवा कला में रहकर पढ़ाई करता था। अगवा छात्र के मामा उपेंद्र सिंह ने बताया कि अनीश की पढ़ाई को लेकर मेरी बहन जीवन ज्योति देवी मजिरवा कला बाजार में जमीन खरीद कर घर बनवाकर पढ़ाई करवा रही थी। वहीं, पुलिस तह तक जानकारी जुटाने में लगी है। फिलहाल इस मामले में एफआइआर दर्ज नहीं की गयी है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



# विंटेज स्कूल गर्ल वाइब्स में नजर आ रही हैं अनन्या


एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म सीटीआरएल जो विंटेज स्कूल गर्ल वाइब्स में नजर आ रही हैं, ने अपने इंस्टाग्राम पर इस नए लुक की तस्वीरें साझा की हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर हलचल मच गई है। अनन्या के इस रुप को उनके 25.5 मिलियन फॉलोअर्स ने खूब सराहा है। तस्वीरों में अनन्या चेकर्ड स्वेटर के साथ एक धारीदार शर्ट पहने नजर आ रही हैं, जिसे उन्होंने बेज शॉर्ट स्कर्ट के साथ खूबसूरती से जोड़ा है। उनके आधे बंधे बाल उनके आउटफिट के वाइब को और भी खूबसूरत बना रहे हैं। उन्होंने इस लुक को काले मोजे और ट्रेंडी प्लेटफॉर्म शूज के साथ पूरा किया है। कैंडिड शॉट्स में उनका यह विंटेज लुक फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है। सीटीआरएल विक्रमादित्य मोटवानी और अविनाश संपत द्वारा लिखित और निर्देशित एक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें संवाद सुमुखी सुरेश ने लिखे हैं। फिल्म का निर्माण निखिल द्विवेदी और आर्य मेनन द्वारा किया गया है, और इसमें अनन्या के साथ विहान समत और अपारशक्ति खुराना भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अनन्या पांडे का यह नया लुक और उनकी आगामी फिल्में उन्हें बॉलीवुड में और भी मजबूत स्थान दिलाने में मदद करेंगी।फिल्म 4 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी, और इसके बारे में दर्शकों में खासा उत्साह है। अनन्या पांडे ने 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से अपने करियर की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने श्रेया की भूमिका निभाई। यह फिल्म 2012 की हिट फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर का सीक्वल थी, जिसमें टाइगर श्रॉफ और तारा सुतारिया ने भी अभिनय किया था। इसके बाद अनन्या ने पति पत्नी और वो में तपस्या, खाली पीली में पूजा, और गहराइयां में टिया के रूप में अपनी अदाकारी से दर्शकों को प्रभावित किया। अनन्या ने 2022 में पुरी जगन्नाथ की स्पोर्ट्स एक्शन फिल्म लिगर के साथ तेलुगु सिनेमा में कदम रखा, जिसमें विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिका में थे। उन्होंने हाल ही में कॉमेडी सीरीज कॉल मी बे से अपना ओटीटी डेब्यू भी किया है, जो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। उनकी अगली फिल्म शंकरा भी दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरी उतरने के लिए तैयार है।



# ऋचा का कातिलाना अंदाज और पोज़ बहुत पसंद आया फैंस को

बीती 16 जुलाई को प्यारी सी बेटी का जन्म होने के बाद एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने डॉटर्स डे पर अपने मैटरनिटी फोटोशूट की कई तस्वीरें साझा कीं, जिसमें उन्होंने अपनी गर्भावस्था के नौवें महीने का जश्न मनाया। ऋचा ने इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इन तस्वीरों में गोल्डन साड़ी पहन रखी है, जिसे उन्होंने इस तरह लपेटा है कि उनका बेबी बंप और क्लीवेज साफ नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि उनके बेबी बंप और छाती पर ब्लैक डिजाइन बना हुआ है, जो तस्वीरों में ध्यान आकर्षित कर रहा है। ऋचा का ये कातिलाना अंदाज और पोज़ फैंस को बहुत पसंद आया, लेकिन कुछ यूजर्स ने उन्हें ट्रोल भी किया। इन तस्वीरों के साथ ऋचा ने कैप्शन में माया एंजेलो के एक उद्धरण को साझा किया, जिसमें उन्होंने अपनी मां के प्यार और अपने बच्चे के लिए भावनाओं का इजहार किया। उन्होंने लिखा, मेरी मां ने मेरे चारों ओर अपना सुरक्षात्मक प्यार बरसाया... यह तस्वीरें मेरी गर्भावस्था के 9वें महीने में हर्ष फोटोग्राफर द्वारा ली गई थीं। बेटी को डॉटर्स डे की बधाई देते हुए उन्होंने लिखा, हैप्पी डॉटर्स डे मेरी बेटी। हम एक दिन इन तस्वीरों को एक साथ देखेंगे, जहां आपने अंदर पोज दिया था और मैं खुशी से झूम रही थी... हालांकि, जहां एक तरफ उनके फैंस ने इस पोस्ट को खूब लाइक किया, वहीं दूसरी तरफ कुछ ट्रोलर्स ने उन्हें नकारात्मक टिप्पणियों का निशाना बनाया। एक ट्रोलर ने लिखा, आपने तो नुमाइश लगा दी है, जबकि दूसरे ने कहा, फोटोशूट के नाम पर कुछ भी किया जा रहा है। ट्रोलिंग के बाद ऋचा ने अपने कमेंट सेक्शन को बंद कर दिया है। ऋचा चड्ढा की यह स्थिति दर्शाती है कि सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को न केवल प्यार मिलता है, बल्कि आलोचना का भी सामना करना पड़ता है। फिर भी, ऋचा ने अपनी बेटी और मातृत्व का जश्न मनाने का फैसला किया है, जो उनकी खुशी और गर्व का प्रतीक है। बता दें कि एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा हाल ही में पति अली फजल के पहले बच्चे की मां बनीं, और उन्होंने अपने नन्हे मेहमान का स्वागत बेहद खुशी के साथ किया है।

# क्या आप सभी का व्यक्तित्व भी अतिवादी होता है : रश्मिका मंदाना



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने एक तस्वीर साझा की जिसमें वह बिस्तर पर लेटी हुई मुस्कुरा रही हैं। इस तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने लिखा, क्या आप सभी का व्यक्तित्व भी अतिवादी होता है? एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार और विचार-प्रोवोकिंग पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने अपनी बदलती पर्सनालिटी पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कभी-कभी उन्हें बेवजह घंटों तक वर्कआउट करना पड़ता है, भले ही वह समय अनजाने में अजीब क्यों न हो। वहीं, कुछ दिनों में उनका मन वर्कआउट करने का नहीं होता, और वह सोफे पर लेटकर अनहेल्दी खाना खा रही होती हैं और के-ड्रामा देख रही होती हैं। रश्मिका ने अपने प्रशंसकों से पूछा, क्या आप भी ऐसा करते हैं? हां या ना में जवाब दें। 78 प्रतिशत लोगों ने हां का विकल्प चुना, जबकि 22 प्रतिशत ने ना का। रश्मिका की इस बातचीत ने दर्शकों के बीच एक दिलचस्प संवाद को जन्म दिया है। इसके अलावा, इंस्टाग्राम स्टोरी में मलेशियाई मॉडल-ब्लॉगर कुआन ने रश्मिका के साथ एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह तेलुगू सीख रही हैं। कुआन ने इसे मेरी नई दोस्त के रूप में कैप्शन दिया, और रश्मिका ने तेलुगू में यही बात दोहराई। कुआन ने आगे लिखा, मैं तमिल सीख रही हूं दोस्तों। रश्मिका की फिल्मी करियर की बात करें तो वह जल्द ही अल्लू अर्जुन और फहाद फासिल के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2-द रूल में नजर आएंगी। यह फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को तेलुगू, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। इसके अलावा, रश्मिका शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित धनुष स्टार कुबेर में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वह सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म सिकंदर में भी दिखाई देंगी, जिसे गजनी के निर्देशक एआर मुरुगादॉस बना रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस रश्मिका इस समय मिलान फैशन वीक में भाग ले रही हैं।


# फिल्मों में बेहतरीन अभिनय के लिए दुबई में सम्मानित होंगी ज़ारा खान..!

फ़िल्म अभिनेत्री सह समाजसेविका ज़ारा खान को आगामी 29 सितम्बर को दुबई में सम्मानित किया जाएगा। ज़ारा खान फ़िल्म जगत में अपनी खूबसूरत अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। मूलत : ग्वालियर मध्य प्रदेश की निवासी ज़रा हिंदी, तमिल ,तेलुगु और मराठी सहित कई भाषाओं में अपनी बेहतरीन अभिनय से लोगों के दिलों में खास जगह बना चुकी हैं। उनकी फिल्मों में वे अपने शसक्त अभिनय के लिए जानी जाती रही हैं। अभिनय के अलावा ज़ारा खान अपने समाजसेवा के लिए भी लोगों के बीच खासी लोकप्रियता हासिल कर चुकी हैं , समय समय पर और अपने जन्मदिन सहित ज़िन्दगी के कुछ खास पलों को ज़ारा खान अनाथ बच्चों, और असहाय लोगों के बीच उनकी जरूरत की चीजों के साथ खुशियां मनाती हैं। वे गरीबों में इसलिए भी लोकप्रिय हैं क्योंकि वे उनके बच्चों को स्कूल भेजने में मंदद करती हैं , उनके बच्चों के लिए स्टेशनरी का मुफ्त वितरण करती हैं। ज़ारा खान के समाज मे इन्हीं योगदानों और समर्पण को देखते हुए उन्हें दुबई मे आगामी 29 सितम्बर को सम्मानित किया जाएगा। दरअसल दुबई में आगामी 29 सितम्बर को एक वृहद आयोजन होने जा रहा है जिसमें दुनियाभर के बड़े बड़े इन्वेस्टर और बिज़नेस जगत की जानी मानी हस्तियां शामिल होने जा रही हैं। इस आयोजन को जेनेसिस अल्टीमा दुबई - यूएई और महेज़ फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मिट में दुनियाभर से तमाम सेलिब्रिटी और बिजनेस टायकून हिस्सा लेने आ रहे हैं। यह एक तरह का टूरिज्म कान्क्लेव भी है जिसे दुबई के मशहूर पार्क रेजिस क्रिस किन होटल में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में शामिल होने को लेकर ज़ारा खान खासी उत्साहित हैं और कहती हैं कि अब देश के साथ दुनिया के हर कोने में पहचान मिलना अपनेआप में काफी गौरव की बात है और इस सम्मान से उन्हें काफी फ़ख्र महसूस हो रहा है।



# लाइफ से जुड़ी कई पर्सनल बातों का खुलासा किया सना खान ने

हाल ही में बॉलीवुड की पूर्व अभिनेत्री सना खान ने एक शो में अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी कई बातों का खुलासा किया और अपने पति की तारीफ की। रुबीना से बातचीत में सना ने कहा कि उनके ट्रांसफॉर्मेशन के पीछे उनके पति का बड़ा हाथ है। उन्होंने कहा, आप आज मुझे जैसा भी देखते हैं—बात करना, सोचना, सबकुछ मेरे पति की वजह से है। मैं उन्हें 100 परसेंट क्रेडिट देती हूं। सना ने बताया कि उनके पति ने उनकी आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और उन्हें ज्यादा दयालु बनने में मदद की है। सना ने कहा, आप जितना दूसरों को देते हैं, अल्लाह आपको उतना ही देता है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि उनके पति ने उन्हें जिंदगी का गहरा अर्थ समझने में मदद की है। बातचीत के दौरान, सना इमोशनल हो गई और अपने पुराने कपड़ों के बारे में बात करते हुए कहा, पता नहीं कैसे मैं फुल स्लीव से बैकलेस तक पहुंच गई थी। मुझे शैतान ने महिला के तौर पर कब नंगा कर दिया, पता ही नहीं चला। सना की यह यात्रा दर्शाती है कि उन्होंने अपनी पहचान को फिर से खोजा है और अपने नए जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश की है। उनके अनुभव और पति के समर्थन ने उन्हें एक नई दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। बता दें कि बॉलीवुड की पूर्व अभिनेत्री सना खान, जो कभी ग्लैमर की दुनिया की एक प्रमुख हस्ती थीं, ने साल 2020 में शोबिज इंडस्ट्री से तौबा करते हुए धर्म का रास्ता अपनाया। इस निर्णय के बाद, उन्होंने मुफ्ती अनस के साथ गुपचुप शादी कर सबको हैरान कर दिया था।



# 'लापता लेडीज' की ऑस्कर के लिए एंट्री के लिए किरण को दिया धन्यवाद

कॉमेडी ड्रामा लापता लेडीज को ऑस्कर 2025 के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुने जाने पर अभिनेत्री प्रतिभा रांटा एवं फिल्म की टीम के अन्य सदस्यों ने फिल्म निर्माता किरण राव को धन्यवाद दिया है। इस फिल्म में जया की भूमिका निभाने वाली प्रतिभा ने अपने सह-कलाकारों स्पर्श और नितांशी गोयल के साथ इंस्टाग्राम पर फिल्म की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा, कल का दिन जीवन के सबसे खास दिनों में से एक रहा। हमारी फिल्म 'लापता लेडीज' को ऑस्कर में भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। किरण मैडम, आपके समर्थन और मुझे यह मौका देने के लिए धन्यवाद। हमारी पूरी टीम को बधाई। जश्न मनाना बंद नहीं कर सकते। नितांशी गोयल ने भी किरण राव के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा, बहुत खुश और आभारी महसूस कर रही हूं कि लापता लेडीज ऑस्कर 2025 के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री है।23 सितंबर को फिल्म फेडरेशन ने लापता लेडीज को सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना। यह फिल्म 29 अन्य फिल्मों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही थी, जिसमें 卐एनिमल卐, 卐किल卐, 卐कल्कि 2898 ई.डी.卐 और 卐श्रीकांत卐 शामिल हैं। लापता लेडीज दो दुल्हनों की कहानी पर आधारित है, जो एक ही ट्रेन में सफर करते समय आपस में बदल जाती हैं। यह स्लाइस-ऑफ-लाइफ कॉमेडी दर्शकों को हंसाने और सोचने पर मजबूर करती है। इसकी पटकथा बिप्लब गोस्वामी की पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है, जबकि संवाद स्नेहा देसाई और दिव्यनिधि शर्मा ने लिखे हैं। ऑस्कर 2025 मार्च में आयोजित होगा, और फिल्म के चयन ने इसे भारतीय सिनेमा की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का एक और अवसर प्रदान किया है। असमिया निर्देशक जाह्नू बरुआ की अध्यक्षता में एक 13 सदस्यीय चयन जूरी ने लापता लेडीज को चुना। इस फिल्म में प्रतिभा रांटा, नितांशी गोयल, स्पर्श श्रीवास्तव, छाया कदम और रवि किशन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया है। लापता लेडीज का निर्माण किरण राव, आमिर खान और ज्योति देशपांडे ने किया है।



# सैफ अली खान अपने पटौदी पैलेस को म्यूजियम में बदलेंगे?

सैफ अली खान एक सफल बॉलीवुड स्टार के साथ साथ एक नवाबी खानदान से भी ताल्लुक रखते हैं। बॉलीवुड में सैफ ने कई सुपरहिट फिल्में की और अपना बड़ा नाम कमाया। नाम बनाने के बाद उन्होंने अपने पुश्तैनी घर पटौदी पैलेस का स्वामित्व वापस लिया। पटौदी पैलेस को सैफ अली खान के पिता ने एक होटल चेन को पट्टे पर दिया था लेकिन बरसों बाद सैफ अली खान ने इसे वापस अपना बना लिया। अब खूबसूरत महल जैसे घर के संरक्षक सैफ अली खान ही है। सैफ अपने पटौदी पैलेस को एक म्यूजियम में बदलना चाहते हैं ताकि उनके परिवार की विरासत को संजोया जा सकें। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने पटौदी पैलेस को म्यूजियम में बदलने पर बात की है।



सैफ अली खान ने कहा, विरासत के लिहाज से, यह घर समय के साथ अलग-अलग लोगों का रहा है। मेरे पिता एक नवाब के रूप में पैदा हुए थे, वे एक नवाब थे। उन्होंने अपनी शर्तों पर जीवन जिया, और वे सबसे अद्भुत व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि समय बदल गया है, और उन्होंने घर को एक होटल को किराए पर देने का फैसला किया... मुझे याद है कि मेरी दादी ने मुझसे कहा था, 'ऐसा कभी मत करना'। इसका बहुत इतिहास है, और यह ऐसी चीज है जिस पर मुझे गर्व है।'

उन्होंने कहा, 'मेरे दादा-दादी को वहीं दफनाया गया है, मेरे पिता को भी वहीं दफनाया गया है। यह मेरा पारिवारिक घर है। यहां बहुत सारे पुराने घर हैं, हम उन्हें दरबार हॉल कहते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि यह पुराना नाम है। मैं इसे लॉर्ड्स के हॉल के नाम पर लॉन्ग रूम कहना चाहता हूं। इस घर को पटौदी के सातवें नवाब और मेरे पिता ने बनवाया था। मैं उनके क्रिकेट के मैदान और बल्ले लगाना चाहता हूं और मैं वास्तव में इस घर को उनकी आत्मा के साथ फिर से बनाना चाहता हूं। यह मेरा सपना रहा है और यह लगभग पूरा हो चुका है।' सैफ अली खान ने बताया कि उनके पिता ने उन्हें पहले ही बता दिया था कि उन्हें विरासत में बहुत बड़ी रकम मिलेगी। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता ने मुझसे कहा, 'किसी भी तरह की वित्तीय विरासत की उम्मीद मत करो, दुनिया बदल गई है। मैं तुम्हें अच्छी शिक्षा दूंगा। मैं उसका खर्चा उठाऊंगा, लेकिन इसके अलावा, तुम खुद ही सब कुछ संभालोगे।' जबकि सैफ के पिता ने संपत्ति को एक होटल को पट्टे पर दे दिया था, अभिनेता अपनी दादी की सलाह पर चल रहे हैं और वर्तमान में संपत्ति के एक हिस्से को अपने पूर्वजों की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए एक संग्रह में बदल रहे हैं। सैफ अली खान महल के एकमात्र मालिक हैं और अपनी बहनों सबा और सोहा के साथ स्वामित्व साझा नहीं करते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वह प्रिवी पर्स खत्म होने से पहले एक 'नवाब' के रूप में पैदा हुए थे।

# भारत / बांग्लादेश दूसरा टेस्ट : बारिश की भेंट चढ़ा पहले दिन का खेल, बांग्लादेश ने 35 ओवर में खोए 3 विकेट



**कानपुर (एजेंसी )।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम पर खेला जा रहा है। मैच का पहला दिन बारिश की भेंट चढ़ गया, जहां खिलाड़ियों और अंपायरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पहले गीली आउटफील्ड के चलते टॉस में देरी हुई, फिर लंच ब्रेक के बाद बारिश के चलते देरी हुई और फिर बारिश के चलते पहले दिन का खेल समय से पहले ही खत्म करना पड़ा। बांग्लादेश ने 35 ओवर में तीन विकेट पर 107 रन बनाए हैं।

बारिश के कारण टॉस देरी से हुआ जो रोहित शर्मा ने जीता। भारत ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लंच ब्रेक तक तो बांग्लादेश ने दो विकेट पर 74 रन बना लिए थे। आकाशदीप ने दो विकेट झटके, उन्होंने जकिर हसन को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच आउट कराया। जबकि आकाशदीप ने शदमान इस्लाम को भी पवेलियन भेजने का काम किया। बांग्लादेश को तीसरा झटका आर अश्विन ने दिया, उन्होंने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो को एलबीडब्ल्यू किया।

लेकिन इसके बाद बारिश फिर से शुरू हो गई। पूरे मैदान को कवर्स से ढका गया और बारिश बंद होने का इंतजार हो रहा था। लेकिन बारिश ने पहले दिन का खेल बिगाड़ दिया।

आखिर में बीसीसीआई ने अपने अधिकारिक एक्स हैंडल से दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म करने का अपडेट दिया। पहले दिन कुल 35 ओवर की ही गेंदबाजी हो पाई।

## इस युवा बल्लेबाज का गरज रहा बल्ला, सबसे तेज 5 शतक ठोकने का डॉन ब्रैडमैन के रिकॉर्ड की बराबरी की



**खेल डैस्क ।** न्यूजीलैंड के खिलाफ कामिंदु मेंडिस रिकॉर्ड तोड़ बल्लेबाजी कर रहे हैं। श्रीलंका के इस बल्लेबाज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी सेंचुरी ठोकी। कामिंदु मेंडिस सबसे कम पारियों में 5 शतक लगाने वाले एशियन बैटलर बन गए हैं। उन्होंने 13वीं पारी में 5वां शतक लगाकर इस मामले में सर डॉन ब्रैडमैन की बराबरी भी कर ली है। कामिंदु मेंडिस ने एक दिन पहले ही लगातार 8 टेस्ट मैच में अर्धशतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।

25 साल के कामिंदु मेंडिस न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में उस समय क्रीज पर उतरे जब दिनेश चांडीमल शतक बनाकर आउट हुए। उन्होंने श्रीलंका को धनंजय डिसिल्वा के साथ पांचवें विकेट केलिए 74 रन की साझेदारी कर 400 रन के पार पहुंचाया। धनंजय डिसिल्वा के आउट होने के बाद कामिंदु और सुल मेंडिस ने पारी को आगे बढ़ाया।

इस साझेदारी के दौरान कामिंदु मेंडिस अपनी 13वीं पारी में ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। इस तरह उन्होंने सबसे कम पारियों में 5 शतक बनाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन की बराबरी कर ली है। ब्रैडमैन ने भी अपना 5वां शतक 13वीं पारी में बनाया था।

## अश्विन ने अनिल कुंबले को पीछे छोड़ा, सबसे अधिक विकेट लेने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंचे



**कानपुर (एजेंसी)।** अनुभवी लेग स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने लाल गेंद से अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को आउट किया। विपक्षी कप्तान का विकेट अश्विन के 7वें ओवर की अंतिम गेंद पर आया। यह कोई साधारण आउट नहीं था। शांतो मध्यक्रम में अपने कार्यकाल के दौरान अच्छे दिख रहे थे और दिन के दूसरे सत्र के तीसरे ओवर में आउट हुए। इसके अलावा एलबीडब्लू (लेग बिफोर विकेट) का मतलब अश्विन के लिए ऐतिहासिक था। यह एशिया में टेस्ट मैचों में उनका 420वां आउट था जिसने उन्हें सबसे अधिक विकेट लेने की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया।

अनिल कुंबले (82 मैचों में 419 विकेट) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिसका मतलब है कि अब अश्विन शीर्ष स्थान हासिल करने से एक स्थान दूर हैं। इस सूची में सबसे आगे कोई और नहीं बल्कि श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन हैं जिन्होंने 612 विकेट लिए हैं। यह देखना बाकी है कि पहले टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सर्वकालिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में नाथन लियोन को पीछे छोड़ पाते हैं या नहीं। अश्विन अभी 523 विकेट लेकर सूची में आठवें स्थान पर हैं और लियोन को पीछे छोड़ने के लिए उन्हें 8 विकेट और चाहिए। नवंबर में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में लियोन को अपनी संख्या बढ़ाने का मौका मिलेगा।

मैच की बात करें तो भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के शुरुआती दिन का खेल भारी बारिश के कारण शुक्रवार को यहां जल्दी समाप्त कर दिया गया। खेल रोके जाने तक बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बना लिए थे। बांग्लादेश ने इस दौरान लंच के बाद के सत्र में नौ ओवर के खेल में 33 रन जोड़कर कप्तान नजमुल हसन शंटो (31) का विकेट गंवा दिया। मुशफिकुर रहीम (छह) और मोमिनुल हक (40) क्रीज पर मौजूद थे।

## डीआरएस फैसला देख हैरान रह गए रोहित शर्मा, कप्तान का रिएक्शन जीत लेगा आपका दिल



**कानपुर (एजेंसी )।** कानपुर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन दो महत्वपूर्ण डीआरएस (निर्णय समीक्षा प्रणाली) फैसलों पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं वायरल हो रही है। रोहित के हाव-भाव सुबह के सत्र के बाद सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहे थे जिसमें आकाश दीप ने बांग्लादेश के दोनों सलामी बल्लेबाजों जाकिर हसन और शादमान इस्लाम को आउट किया था।

रोहित उस समय दंग रह गए, जब भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम को 24 रन पर आउट करने के लिए शानदार डीआरएस लिया। शादमान द्वारा गेंद को फ्लिक करने के प्रयास के बाद आकाश दीप ने एलबीडब्लू की जोरदार अपील की। अपने साथियों के साथ संक्षिप्त चर्चा के बाद रोहित ने मैदानी अंपायर के फैसले की समीक्षा करने का फैसला किया।

बॉल-ट्रैकिंग तकनीक से पता चला कि गेंद शादमान के घुटने के ठीक नीचे लगी थी और लेग स्टंप को छूती हुई भारत के लिए दूसरा महत्वपूर्ण विकेट बन गया। हालांकि शुरुआती रीप्ले से पता चला कि यह एक करीबी कॉल हो सकता था, लेकिन अंतिम पुष्टि ने रोहित को कुछ पल के लिए स्तब्ध कर दिया, उनका अविश्वास प्रशंसकों के साथ गूंज रहा था जिन्होंने स्क्रीन पर उनकी प्रतिक्रिया देखी।

इसके विपरीत रोहित बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो द्वारा विवादास्पद समीक्षा से बचने के बाद निराश दिखे। सिराज ने गेंद फेंकी जो लेग स्टंप के बाहर पिच हुई, लेकिन तेजी से पीछे हट गई, शांतो के अंदरूनी किनारे को छूते हुए उनके पैड पर जा लगी। जब ऑन-फील्ड अंपायर ने एलबीडब्ल्यू अपील को अस्वीकार कर दिया, तो रोहित ने समीक्षा का विकल्प चुना, इस उम्मीद में कि पहले जैसा ही नतीजा आएगा।

हालांकि बॉल-ट्रैकर ने संकेत दिया कि गेंद स्टंप के ऊपर से निकल रही है जिससे रोहित रीप्ले देखते समय निराश दिखाई दिए। प्रशंसकों ने उनकी विपरीत भावनाओं को देखा-उनका पहले का अविश्वास हताशा में बदल गया, जिसने क्रिकेट की अप्रत्याशित प्रकृति को उजागर किया। इस बीच टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का रोहित का फैसला उनके गेंदबाजों द्वारा हासिल की गई शुरुआती सफलताओं से सही साबित हुआ। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे आकाश दीप ने तीन ओवर के तेज स्पेल में दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट करके रोहित की रणनीति को सही साबित किया। शादमान और जाकिर हसन से शुरुआती प्रतिरोध का सामना करने के बावजूद रन न बना पाने का दबाव बांग्लादेशी बल्लेबाजों पर भारी पड़ा जिसके कारण शादमान को सीधी गेंद पर आउट होना पड़ा।

## तेज गेंदबाज आकाश दीप ने कहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बदलाव लाये रोहित और विराट

कानपुर । युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर सराहना की है। आकाश ने कहा कि ये दोनो ही अपनी कप्तानी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बदलाव लाये हैं। इस दौरान ड्रेसिंग रूम का माहौल बेहतर हुआ है। आकाश दीप ने डेब्यू के बाद से ही अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। इस क्रिकेटर ने साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में तीन विकेट लिए थे। इसके अलावा चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए दो विकेट लिए थे। आकाश ने कहा कि उन्हें रोहित और विराट से मिले मार्गदर्शन से लाभ हुआ है। आकाश ने कहा कि जब मैं यहां आया, तो मैंने रोहित, विराट भाई जैसे खिलाड़ियों का समर्पण देख है। मुझे एहसास हुआ कि उन्होंने बहुत कुछ हासिल किया है इसके बाद भी वे प्रशिक्षण के दौरान अभी भी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनकी विचार प्रक्रिया एक अलग स्तर पर है। यह मुझे और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है। इस तेज गेंदबाज ने कप्तान रोहित की सरल नेतृत्व शैली की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शुरुआत में मुझे झिझक थी कि दबाव होगा, लेकिन कप्ताने ने चीजों को आसन बनाया। मैंने पहले इतने सहयोग करने वाले कप्तान नहीं देखे हैं। वह चीजों को सरल रखते हैं। इससे मुझे कभी महसूस नहीं हुआ कि मैं घरेलू या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहा हूं। पिछले दो साल में, मैंने बहुत क्रिकेट खेला है। यह हमारे लिए सिर्फ तीन महीने का सत्र नही है। रणजी के बाद हम दलीप ट्रॉफी, ईरानी कप खेलते हैं क्योंकि एक खिलाड़ी के तौर पर आपको अपनी को समझने और अपनी ताकत को जानने की जरूरत है।

## टी20 विश्वकप में ट्रंप कार्ड हो सकती हैं दीप्ति : पूनम



नई दिल्ली । महिला क्रिकेटर स्पिनर पूनम यादव ने कहा है कि आगामी टी20 विश्वकप क्रिकेट में भारतीय टीम एक बड़ी दावेदार के तौर पर उतरेगी। पूनम के अनुसार भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर इस टूर्नामेंट में हालात के अनुसार एक या दो स्पिनरों को शामिल कर सकती है। अगर ओस अधिक रही तो दो नहीं तो एक स्पिनर ही पर्याप्त रहेगा। इस स्पिनर ने कहा कि दीप्ति शर्मा और आशा शोभना दोनों को भी अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है पर दीप्ति अनुभवी होने के कारण ट्रंप कार्ड साबित हो सकती हैं। दीप्ति ने अब तक 117 मैचों की 75 पारियों में 104.29 की स्ट्राइक रेट से 1020 बनाने के साथ ही 27 131 विकेट भी लिए हैं। पूनम ने कहा कि यदि ओस अधिक रहती है तो हरमनप्रीत एक या दो स्पिनर रख सकती है। साथ ही कहा कि पिच के उछाल को देखते हुए तेज गेंदबाज भी अहम रहेंगे। इसके अलावा वह कलाई की स्पिनर शोभना पर भी भरोसा कर सकती हैं। कलाई के स्पिनर किसी भी प्रकार के ट्रैक पर गेंद को घुमा सकते हैं और उनकी गति आम तौर पर धीमी होती है। दीप्ति भारत के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पिच कैसी भी हो तेज गेंदबाज अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए उनको प्राथमिकता मिलेगी। भारतीय टीम आज तक विश्व कप नहीं जीत पायी है। साल 2022 में वह सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गयी थी।

## नतीजा इस पर निर्भर करेगा कि अश्विन और जडेजा से कैसे निपटते हैं हमारे बल्लेबाज : मैक्सवेल



**नई दिल्ली (एजेंसी )।** ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को लगता है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मेजबान टीम के बल्लेबाज भारत की शीर्ष स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा से किस तरह निपटते हैं। भारत ने 2018-19 और 2020-21 के दौरे पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और अब टीम की निगाहें लगातार तीसरी श्रृंखला कब्जाने पर लगी हैं। बल्कि भारत एशिया का एकमात्र देश है जिसने टेस्ट श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त दी है। मैक्सवेल ने कहा कि अकसर अश्विन और जडेजा की जोड़ी खेल का नतीजा तय करती है।

मैक्सवेल ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, ''मेरा मानना है कि लंबे समय तक अश्विन और जडेजा जैसे गेंदबाजों के खिलाफ खेलने के बाद ऐसा लगता है कि हमने लगातार इन दोनों का सामना किया है। और अकसर उनके खिलाफ हमारा प्रदर्शन मैच का नतीजा तय करता है।'' मैक्सवेल हालांकि अब ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेट की योजना का हिस्सा नहीं हैं और 2017 में अपना अंतिम टेस्ट खेलने के बाद उन्होंने कहा कि उनके देश के बल्लेबाजों को भारत के सीनियर स्पिनरों के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी। अश्विन और जडेजा ने मिलकर 330 पारियों में 821 विकेट झटके हैं जिसमें से 50 दफा वे पांच विकेट झटक चुके हैं।

उन्होंने कहा, ''अगर हम इन दोनों (अश्विन और जडेजा) के खिलाफ अच्छा खेलते हैं तो हम अच्छी स्थिति में होंगे। ये दोनों खिलाड़ी मेरे करियर में ज्यादातर समय गेंदबाजी करते रहे हैं।'' उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह की भी प्रशंसा करते हुए कहा, ''और अब जसप्रीत बुमराह। मैं 2013 में मुंबई में आईपीएल में उनके पहले सत्र में वहां था और नेट्स में लगभग हर दिन उनका सामना करता था। वह तब युवा प्रतिभा था और अब उसे इस तरह शानदार तरीके से आगे बढ़ते हुए देखना अद्भुत है जो सभी तीनों प्रारूपों संभवतः सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं।

## युवराज ने खोला छह छक्के लगाने का राज, फ्लिंटॉफ के साथ हुई बहस से प्रेरित हुआ



नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2007 के पहले ही मैच में इंग्लैंड के खिलाफ एक ही ओवर में छह छक्के लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया था। उसी को लेकर युवराज ने माइकल वॉन और एडम गिलक्रिस्ट के साथ बातचीत में कहा कि उस दिन सभी गेंदें बल्ले के बीचों बीच आ रही थी। उन्होंने तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में ये छक्के लगाये थे। उसी के साथ युवराज टी20 में एक ही ओवर में 6 छक्के लगाने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बने। युवराज ने कहा, यह पहला टी20 विश्व कप था और किसी को नहीं पता था कि टी20 खेल को कैसे खेला जाना चाहिए। यॉर्कशायर वह जगह थी जहां मैंने अपना पहला टी20 मैच खेला और इसी दौरान मुझे ये प्रारूप समझ में आया। उन्होंने यह भी कहा कि उस समय अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया था। साथ ही कहा कि फ्लिंटॉफ के साथ हुई बहस के बाद उन्हें लगा कि 6 छक्के लगाकर जवाब देना चाहिये। उन्होंने कहा, फ्लिंटॉफ ने मुझसे कुछ बातें कहीं जिससे मुझे गुस्सा आ गया। तब मैंने अंपायर से कहा कि वह इसे शुरू कर रहे हैं और या तो उन्हें रुकना होगा या अंपायर को बीच में आना होगा। अंपायर ने इसपर अधिक ध्यान नहीं दिखा जिससे मेरा गुस्सा बढ़ गया। तब मैं हर गेंद को मैदान के बाहर मारना चाहता था, और ऐसा ही हुआ। तीसरे छक्के के बाद, मैंने ब्रॉड को लांग ऑफ पर मारा। इसके बाद गेंदबाज ने पैरों पर गें डालने का प्रयास किया। चौथी गेंद अच्छी थी, जो मेरे बल्ले के अंगूठे पर लगी, लेकिन बाउंड्री छोटी थी, इसलिए वह छक्का लग गया। अंतिम गेंद पर मुझे पता था कि यॉर्कर आएगी, मैंने उस पर बल्ला चला दिया जिसपर किस्मत से छक्का लग गया। युवराज की इस पारी ने न केवल भारत को जीत दिलाई बल्कि टी20 क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत भी की।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान लिसा बोली, इस बार भारतीय महिला टीम जीत सकती है टी20 विश्व कप



नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान लीसा स्थालेकर के अनुसार इस बार यूएई में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। लीसाके अनुसार इस अगले माह होने वाले इस टूर्नामेंट मे भारतीय टीम की सलामी बल्लेबाज़ शैफ़ाली वर्मा और स्मृति मंधाना अहम भूमिका निभा सकती हैं। विश्वकप में भारतीय टीम को ग्रुप ए में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। लीसा के अनुसार मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम भी सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। वे मौजूदा चैंपियन हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के भी अच्छे अवसर हैं। वहीं हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम इस बार पिछली गलतियों को ठीक कर सकती है। वे 2020 में फाइनलिस्ट थे और वे लंबे समय से सेमीफाइनलिस्ट हैं। मुझे लगता है कि उनके पास अब इसे बदलने का अवसर है। मुझे लगता है कि वे अच्छी शुरुआत के लिए अपने सलामी बल्लेबाजों पर निर्भर रहेंगे। जैसे, अगर पूजा वस्त्रकर अगर फिट रह सकती है और वापसी की राह पर है, तो वह कई टीमों के लिए काफी मुश्किल साबित हो सकती है। इसलिए, भारत की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। मैं उनसे सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद करूंगी, अगर फाइनल में नहीं। मुझे लगता है कि उनके पास ताकत, गहराई और अच्छे गेंदबाज़ हैं। मुझे देखना होगा कि क्या सलामी बल्लेबाज़ जेमिमा रोड्रिग्स अच्छा प्रदर्शन करेंगी। फिर चौथी टीम – मुझे नहीं लगता कि न्यूज़ीलैंड वहां होगा, मैंने जो देखा है उसके आधार पर। दक्षिण अफ्रीका, ज़ाहिर है, 2023 में फ़ाइनलिस्ट था। ऐसा लग रहा था कि उनके पास भी ऐसी ही टीम है, इसलिए उन्हें ज़ोर लगाना होगा।

## चोट अब ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य 2025 विश्व चैंपियनशिप: नीरज चोपड़ा



**सोनीपत (एजेंसी )।** भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह अपने मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गए हैं।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की 'मिशन ओलंपिक 2036' पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा, 'मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, लेकिन उसके लिए हमारे पास चार साल हैं।'

विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर चोट की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है। मैं नये सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा।' उन्होंने कहा, 'तकनीकी मुद्दे भी हैं लेकिन हम उन पर काम करेंगे। मैं अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दूंगा। मैं भारत में भी अभ्यास करना पसंद करता हूं लेकिन जब प्रतियोगिताएं शुरू होती हैं तब मेरे लिए विदेश में अभ्यास करना सही रहता है।'

भारतीय खिलाड़ियों के ओलंपिक में छह पदक जीते लेकिन इसमें कोई स्वर्ण पदक नहीं था। इसके बारे में पूछे जाने पर चोपड़ा ने कहा, 'हमारे कई खिलाड़ी चौथे स्थान पर थे। (लेकिन) इस बार, हमने पैरालंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और कई पदक जीते।' उन्होंने कहा, 'आने वाले समय में हमें ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।'

## ऋषभ नहीं जा रहे आरसीबी , सोशल मीडिया में फर्जी खबर लिखने वालों पर भड़के

कानपुर । दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा है कि वह आईपीएल के अगले सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में नही जा रहे हैं और इस प्रकार की जो भी बातें कही जा रही हैं वे गलत हैं। ऋषभ ने एक फैन पेज की आलोचना की जो इन फर्जी खबरों को फैला रहा था। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसी अविश्वसनीय बातें फैलाना सही नहीं है। इस प्रकार की चीजों को जारी करने से पहले खबर की पुष्टि कर लेनी चाहिये और आधारहीन बातें कहकर संशय नहीं फैलाना चाहिये। इस आक्रामक बल्लेबाज ने नाराजगी जताते हुए लिखा, कुछ लोग सोशल मीडिया पर इतनी फर्जी खबरें क्यों फैलाते हैं? अगर ऐसा समझदार लोग कर रहे हैं तो ये और भी निराशाजनक बात है। बिना वजह अविश्वसनीय माहौल बनाना ठीक नहीं है हालांकि मैं जानता हूं कि यह पहली बार नहीं है और आखिरी बार भी नहीं होगा पर मुझे मजबूरन ये लिखना पड़ा है। ऋषभ ने 2024 आईपीएल सत्र से खेल में वापसी की थी। उन्होंने टी20 विश्व कप 2024 में 8 मैचों में 127.61 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए। वहीं इस क्रिकेटर ने बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट वापसी की, जिसमें उन्होंने 128 गेंदों पर 109 रन की शानदार पारी खेली। इस क्रिकेटर ने यह प्रतिक्रिया फर्जी खबरों के प्रति अपने प्रशंसकों को सजग करने के लिए की है।

## बहराइच है या जंगल, जहां दूध पिला रही मां से बच्चे को छीनता नजर आया भेड़िया

बहराइच। ये वो जिला है जहां भेड़िया, सियार, तेंदुआ, बाघ, लकड़बग्गा और न जाने कितने जानवर आए दिन देखे जा रहे हैं। इन जंगली जानवरों को देखकर कई बार लोग मजाक में कहते हैं कि ये बहराइच है जंगल। हद उस वक्त हो गई जब एक मां अपने बच्चे को दूध पिला रही थी। इसी बीच भेड़िया आया और मां से उसका बच्चा छीनने लगा। मां ने शोर मचाया तो भेड़ियां वहां से भाग निकला। बहराइच महसी इलाके में दो मासूम बच्चों पर भेड़िए ने हमला कर दिया। दोनों के गले पर भेड़िये ने रात को हमला कर दिया। भेड़िये ने जिस एक बच्चे पर हमला किया, वो अपनी नानी के घर आया हुआ था। बच्चे का नाम आरुष है, जो कि महज 6 महीने का है। वहीं दूसरी बच्ची का नाम ममता है। ममता पर भेड़िये ने उस वक्त हमला किया, जब उसकी मां उसे दूध पिला रही थी। मां ने शोर मचाया तो भेड़ियां वहां से भाग निकला। इसके बाद आनन-फानन में दोनों बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। अब दोनों बच्चों की हालत ठीक बताई जा रही है। बता दें कि भेड़ियों के हमले में अबतक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 50 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। करीब एक महीने से वन विभाग की टीम बहराइच में डेरा डाले हुए है इसके अलावा बहराइच में ही 13 साल की बच्ची के गले पर तेंदुएं ने हमला कर दिया। उसकी हालत नाजुक है। उसे लखनऊ रेफर किया गया है। वहीं एक शख्स पर खेत में काम करने के दौरान तेंदुए के हमले में उसके दोनो हाथ जख्मी हो गए हैं। उसका भी उपाय मेडिकल कालेज में चल रहा है उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भेड़िये का हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच तेंदुए और बाघ के भी हमले की खबर सामने आई है। ऐसा लग रहा है कि बहराइच में मानो जंगलराज हो। जिले के महसी तहसील क्षेत्र के करीब 80 गांवों में ये भेड़िया आतंक का पर्याय बन चुका है और इस कदर आदमखोर हो गया है कि वन विभाग की पहरेदारी और गांव के लोगों की चौकीदारी के बीच घरों में घुसकर बच्चों पर हमला कर रहा है। वन विभाग ने भले ही पांच भेड़ियों को पकड़ लिया हो। लेकिन बचे हुए एक भेड़िये ने नाक में दम कर रखा है। गुरुवार की रात को भेड़िये ने एक बार फिर दो बच्चों पर हमला कर दिया।

## गोवा में सस्ती और कर्नाटक में सबसे महंगी बिक रही शराब

नई दिल्ली । भारत में राज्यों में शराब के दाम अलग-अलग हैं। जिनमें काफी अंतर है। उदाहरण की बात करें तो गोवा में शराब सबसे सस्ती है क्योंकि यहां पर टैक्स काफी कम है। वहीं कर्नाटक और महाराष्ट्र में शराब की कीमतें इससे कहीं ज्यादा हैं। भारत में शराब पर वन नेशन वन टैक्स की नीति लागू नहीं है। यानी कि हर राज्य अपनी आवश्यकताओं और नीतियों के अनुसार शराब पर अलग-अलग टैक्स लगाता है। इस कारण, एक ही ब्रांड की शराब एक राज्य में सस्ती हो सकती है, जबकि दूसरे राज्य में वह महंगी बिक सकती है। कर्नाटक देश के सबसे महंगे राज्यों में से एक है। यहां एक शराब की बोतल की औसत कीमत 513 रुपए है, जिसमें 83 का टैक्स शामिल है। कर्नाटक सरकार ने शराब पर भारी टैक्स लगाया है, जिससे आम लोगों के लिए शराब खरीदना मुश्किल हो जाता है। यह स्थिति न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि राज्य में पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों के लिए भी चुनौतीपूर्ण है। वहीं तेलंगाना में शराब की औसत कीमत 246 रुपए है और इस पर 68 का टैक्स लगता है। महाराष्ट्र भी शराब की महंगी कीमतों के लिए जाना जाता है, जिससे यहां शराब पीना महंगा हो जाता है। वहीं गोवा जो एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, में शराब की कीमतें सबसे सस्ती हैं। वहां शराब की बोतल की औसत कीमत केवल 100 है। गोवा की राज्य सरकार ने शराब पर टैक्स कम रखा है ताकि स्थानीय लोग और पर्यटक आसानी से शराब खरीद सकें। यह कदम गोवा के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रकार, शराब की कीमतें विभिन्न राज्यों में उनकी टैक्स नीतियों, आर्थिक स्थिति और स्थानीय मांग पर निर्भर करती हैं।

# 272 करोड़ के प्रोजेक्ट का कंगना रनौत ने किया विरोध, गडकरी ने किया था शिलान्यास

**–नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद जताई नाराजगी**

**मंडी (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से बीजेपी सांसद कंगना रनौत अब केंद्र सरकार के एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के विरोध में उतर आई हैं। 6 महीने पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कुल्लू की खराहल घाटी में बिजली महादेव रोपवे का ऐलान किया था। 272 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास भी किया गया था, लेकिन अब इस प्रोजेक्ट का कंगना रनौत ने विरोध शुरू कर दिया है।

दरअसल, बिजली महादेव मंदिर के लिए प्रस्तावित इस रोपवे का विरोध खराहल और कशावरी घाटी के लोग काफी समय से कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उनके रोजगार प्रभावित होंगे और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि रोपवे के निर्माण के लिए कई पेड़ों को काटा जाएगा। साथ ही, ग्रामीणों का मानना है कि देवता इस प्रोजेक्ट से खुश नहीं हैं।

कंगना रनौत ने कहा, मैंने इस प्रोजेक्ट को लेकर नितिन गडकरी से मुलाकात की थी और उन्हें इस मामले की जानकारी दी है। अगर हमारे देवता नहीं चाहते हैं तो यह प्रोजेक्ट बंद होना चाहिए। हमारे लिए हमारे देवता का आदेश आधुनिकीकरण से ज्यादा महत्वपूर्ण है। मैं फिर से नितिन गडकरी से मिलूंगी।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कुल्लू के मोहल नेचर पार्क में इस रोपवे का वर्चुअली शिलान्यास किया था। डेढ़ साल में तैयार होने वाले इस रोपवे के जरिए 36,000 सैलानी रोजाना बिजली महादेव मंदिर पहुंच सकेंगे, जिससे यहां के पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। फिलहाल सड़क मार्ग से मंदिर पहुंचने में 2-3 घंटे लगते हैं, जबकि रोपवे से केवल सात मिनट में मंदिर तक पहुंचा जा सकेगा।



### घंटेभर में 1200 लोग पहुंचेंगे

रोपवे के निर्माण कार्य का जिम्मा नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के पास है। कंपनी के मैनेजर अनिल सेन के अनुसार, यह मोनो केबल रोपवे होगा जिसमें 55 बॉक्स लगाए जाएंगे। एक घंटे में इसकी क्षमता 1200 लोगों को ले जाने की होगी, जिसे बाद में 1800 तक बढ़ाया जाएगा।

### बिजली महादेव की कहानी

कुल्लू घाटी के सुंदर गांव काशावरी में स्थित बिजली महादेव मंदिर 2460 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और भारत के प्राचीन मंदिरों में से एक है। इस मंदिर की खासियत यह है कि हर 12 साल में शिवलिंग पर बिजली गिरती है और शिवलिंग के टुकड़े हो जाते हैं। पुजारी इन टुकड़ों को मक्खन और आटे के पेस्ट से जोड़ते हैं। मंदिर की महिमा के कारण देश-विदेश से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं।

## कॉलोनी को पाकिस्तान कहने वाले जज श्रीशानंद पर हो सकती है कार्रवाई

नई दिल्ली। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस वी श्रीशानंद की विवादास्पद टिप्पणी के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ सकती है। हाल ही में सुनवाई के दौरान जज श्रीशानंद ने बेंगलुरु की एक कॉलोनी को पाकिस्तान कहा था। इस टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने उनके ट्रांसफर पर विचार करने का संकेत दिया है। कॉलेजियम में शामिल प्रमुख न्यायाधीशों, जिसमें चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस ऋषिकेश रॉय ने इस मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा की।



कर्नाटक हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने 23 सितंबर को जस्टिस श्रीशानंद की टिप्पणियों को लेकर चिंता जताई थी, जिसके बाद कॉलेजियम ने ट्रांसफर करने पर विचार किया। जस्टिस श्रीशानंद के खिलाफ कॉलेजियम का सख्त रुख कई विवादित बयानों के कारण है। उन्होंने पहले भी कई बार विवादों को जन्म दिया है, जिसमें 6 जून को की गई लैंगिक भेदभाव वाली टिप्पणी। इसके अलावा, 28 अगस्त को उनकी पाकिस्तान वाली टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया और सख्त नाराजगी जताई। 21 सितंबर को, जस्टिस श्रीशानंद ने खुली अदालत में बिना शर्त माफी मांगी और अपनी विवादास्पद टिप्पणी वापस ली। हालांकि, उनके खिलाफ कार्रवाई की संभावनाएं अभी भी बनी हुई हैं, जिससे उनकी स्थिति और जटिल हो सकती है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने जस्टिस श्रीशानंद के ट्रांसफर पर आगे की कार्रवाई की योजना बनाई है, जिससे उनके विवादित बयानों को लेकर न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को बचाया जा सके।

## सकारात्मक खबरों को बढ़ावा देने से ही समाज स्वस्थ और सुखी होगा : केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरुगन


**सिरोही (हि.स.);** ब्रह्माकुमारीज संस्थान के आबू रोड स्थित मुख्यालय शांतिवन के आनंद सरोवर परिसर में आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन और मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी ने किया। मीडिया विंग द्वारा स्वस्थ एवं सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण-मीडिया की भूमिकाँ विषय पर आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए देशभर से एक हजार से अधिक प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, रेडियो और वेब जर्नलिज्म से जुड़े पत्रकार, संपादक, ब्यूरो चीफ, रेडियो जॉकी, फ्रीलांसर पत्रकार और मीडिया प्रोफेसर पहुंचे हैं। शुभारंभ पर केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरुगन ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है। आज एक अच्छी न्यूज उतनी तेजी से वायरल नहीं होती है जितनी की एक गलत, फेक न्यूज वायरल हो जाती है। पत्रकार पहले खबरों की सत्यता की जांच कर लें उसके बाद ही प्रकाशित करें। अच्छी खबरों को बढ़ावा देने से ही स्वस्थ और सुखी समाज का निर्माण होगा। आज समाज में यदि नकारात्मक माहौल बन रहा है तो हमें चिंतन करने की जरूरत है कि हम समाज में क्या भेज रहे हैं। मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण के लिए हमें जीवन में मूल्यों का समावेश करना होगा। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार का मौलिक अधिकार है कि वह आध्यात्मिकता से जुड़े। मीडियाकर्मी अपने निजी जीवन में अध्यात्म को अपनाएं। एक पत्रकार गलत न्यूज से देश का माहौल बिगाड़ सकता है इसलिए पत्रकार को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। सूचना देने के लिए मीडिया सबसे शक्तिशाली साधन है, जो दुनिया को खेल और संस्कृति आदि की जानकारी देता है। यह लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। मीडिया हिमालय से लेकर रेगिस्तान में जाकर सूचनाएं जुटाता है। केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरुगन ने कहा कि विश्व शांति के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्था कार्य कर रही है। यहां की दिव्यता और पवित्र माहौल बहुत सुखदायी है। डॉ. कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्विद्यालय रायपुर के पूर्व कुलपति डॉ. मान सिंह परमार ने कहा कि जब देश आजाद नहीं हुआ था तो मीडिया के सामने एक लक्ष्य, एक ध्येय, एक उद्देश्य था। लेकिन जब देश आजाद हो गया तो मीडिया के सामने एक चुनौती थी कि अब किस दिशा में आगे बढ़ा जाए। लेकिन आज व्यापारवाद के दौर में मीडिया अपने उद्देश्य से भटक गया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में खबरों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है जो किसी भी रीति से समाज के लिए ठीक नहीं है। सोशल मीडिया ने हमें आजादी जरूर दी है लेकिन ऐसा लगता है कि कहीं सोशल मीडिया भस्मासुर न बन जाए।

## अयोध्या राम मंदिर में आठ माह में तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**अयोध्या (हि.स.):** भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या में लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। राम मंदिर के बाद सबसे बड़े पर्यटन स्थल के रूप में दर्शन नगर स्थित सूर्यकुंड उभरा है। यह दर्शनार्थियों और पर्यटकों के आगमन से और चमक उठा है। अकेले सितंबर माह में ही यहां 50 हजार के करीब पर्यटक पहुंच चुके हैं। इसके अलावा गुप्तारघाट का गुप्त हरि गार्डेन भी पर्यटकों की फेहरिस्त में शामिल हो गया है। अगर अयोध्या में तीसरे नम्बर पर सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले स्थल की बात करें तो वह गुप्त हरि गार्डेन के रूप में सामने आ रहा है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के आंकड़े इस बात की तस्दीक करते हैं। प्रदेश की योगी सरकार ने जब से अयोध्या के लिए खजाना खोला है, तब से रामनगरी विश्व के फलक पर चमक रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ खुद अयोध्या के विकास पर नजरें टिकाए हुए हैं। अयोध्या में विकास कार्य की जारी परियोजनाओं की आये दिन सीएम समीक्षाएं भी करते हैं। इसी का नतीजा है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ ही पर्यटन स्थल और मठ-मंदिरों का भी सौन्दर्यीकरण कराया गया है। इनमें सूर्यकुंड और अयोध्या कैंट स्थित गुप्त हरि गार्डन छा गया है। लगभग रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु व पर्यटक पहुंच रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हुई थी। उसके बाद से अब तक तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किये हैं। वे मंदिर दर्शन के साथ ही अन्य मठ मंदिरों और पर्यटन स्थलों पर भी जा रहे हैं। सबसे अधिक पर्यटक सूर्यकुंड में पहुंच रहे हैं। सीएम योगी ने साफ कह दिया था कि अयोध्या को पर्यटन की दृष्टि से इस कदर सजाया और संवारा जाए, ताकि यहां आने वाला हर एक शख्स बार-बार आने की इच्छा जाहिर करे। इसी बात को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ भी अपने हर दौरे पर अधिकारियों को निर्देश देकर जाते हैं। सूर्यकुंड में सूर्य देव का एक मंदिर है। एक पोखरा है, जिसमें रात के समय फाउंटेन शो होता है। इसमें फव्वारे पर ही सूर्य देव से जुड़ा विजुअल दिखाया जाता है। इसके अलावा लाइटिंग और यहां आधुनिक झूले भी लगाए गए हैं। योगी सरकार ने इसे करोड़ों की लागत से संवारा, जो आज सूर्यकुंड अपने आप में ही अनोखा है।

## तेलंगाना के राज्य मंत्री श्रीनिवास रेड्डी के आवास और कार्यालय पर ईडी का छापा

**हैदराबाद (हि.स.) :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी शुक्रवार सुबह से तेलंगाना के मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के आवासों पर तलाशी ले रहे हैं। दिल्ली से आई अधिकारियों की टीम एक साथ 15 जगहों पर छापेमारी कर रही है। पिछले चुनाव के दौरान अधिकारियों ने पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के आवासों पर तलाशी ली थी। ईडी के अधिकारियों ने आज जुबली हिल्स में मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के घर पर छापेमारी की। हिमायत सागर स्थित फार्म हाउस, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी की बेटी और रिश्तेदारों के घर पर भी तलाशी ली जा रही है। ईडी के अधिकारियों ने पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी से संबंधित राघव कंस्ट्रक्शन इंफ्रा के कार्यालयों में तलाशी ली। 15 सदस्यीय टीम ने कंपनी के इस निर्माण संस्था के महा निर्देशक और निदेशकों के आवास और कार्यालयों में निरीक्षण किया है। मंत्री के करीबी कंस्ट्रक्शन कंपनी से जुड़े हैं और देशभर सड़क और सिंचाई से जुड़े कई परियोजना का ठेका लिया था। खबर लिखे जाने तक खम्मम में मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास के घर पर छापेमारी जारी थी। पता चला है कि दिल्ली जोनल अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। राघव




कंस्ट्रक्शन कंपनी ने नारायण पेटा-कोडंगल लिफ्ट सिंचाई परियोजना का ठेका लिया है। बतादें कि पिछले चुनाव से पहले भी पोंगुलेटी के घरों और दफ्तरों पर आयकर विभाग के छापे पड़े थे। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार अधिकारियों ने ये तलाशी लक्जरी घड़ी घोटाले के मद्देनजर की। उनके घर और फार्महाउस समेत हैदराबाद के पांच इलाकों में जांच की जा रही है। पिछले दिनों कस्टम अधिकारियों ने उनके बेटे हर्ष रेड्डी को नोटिस दिया था। महंगी घड़ियां सिंगापुर से चेन्नई बंदरगाह पर आने का पता चला। सीमा शुल्क अधिकारियों ने कहा कि हर्ष ने एक व्यक्ति नवीन कुमार के माध्यम से फहरदीन मुबीन से घड़ियां खरीदीं। जांच के दौरान अधिकारियों को पता चला कि नवीन ने 100 करोड़ रुपये के माल की तस्करी की है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग समेत एक और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सेना ने चीन सीमा पर तवांग सेक्टर में बनाई उच्च ऊंचाई वाली फायरिंग रेंज

**नई दिल्ली (हि.स.):** चीन से गतिरोध के बीच उत्तरी सीमा पर भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एक नई उच्च ऊंचाई वाली फायरिंग रेंज स्थापित की है। सेना की यह पहली उच्च ऊंचाई वाली फायरिंग रेंज है, जहां से हॉवित्जर तोप की फायरिंग करके उनकी क्षमताओं का परीक्षण किया जा सकता है। सेना के आधुनिकीकरण और क्षमता विकास योजना 'आत्मनिर्भरता' अभियान से जुड़ी है। भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट के महानिदेशक ने कहा कि चीन के साथ उत्तरी सीमा पर अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एक नई फायरिंग रेंज खोली गई है, जहां हम अपने हॉवित्जर को फायर कर सकते हैं और उनकी क्षमताओं का परीक्षण कर सकते हैं। भारतीय सेना की नई फायरिंग रेंज हॉवित्जर और अन्य महत्वपूर्ण हथियार प्रणालियों की फायरिंग का अभ्यास करने में मदद कर रही है। तोपखाने के आधुनिकीकरण की योजनाओं पर एक ब्रीफिंग में बताया गया कि यह पहली उच्च ऊंचाई वाली रेंज है और हम अन्य राज्यों में और अधिक रेंज खोजने की कोशिश कर रहे हैं।भारतीय सेना की नई फायरिंग रेंज अरुणाचल प्रदेश में ऐसे समय स्थापित की गई है, जब चीनी आक्रमण के कारण ऐसी स्थिति पैदा हो गई है, जहां दोनों देशों के बीच मई-जून 2020 से सैन्य गतिरोध चल रहा है। आधुनिकीकरण योजनाओं पर अधिकारी ने कहा कि भारतीय सेना की तोपखाना रेजिमेंट निर्धारित समय




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**